बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 13 मई 2024
वर्ष 2, अंक 262, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके 2
संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी 14




## बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

**देहरादून।** बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह छह बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर सबके लिए मंगलकामना की।

**लोकसभा चुनाव का चौथा चरण आज : इस चरण में प्रदेश की सभी सीटों पर वर्चस्व बनाए रखने को जूझेगी भाजपा**

# अखिलेश की प्रतिष्ठा और टेनी की छवि का इम्तहान

- भाजपा ने 2019 में उन सभी 13 सीटों पर जीत हासिल की थी जहां आज मतदान
- कन्नौज से सपा प्रमुख अखिलेश यादव और खीरी में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की जिन 13 सीट पर सोमवार को मतदान है उनमें से सभी पर 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी। इस चरण में कन्नौज सीट से उम्मीदवार मुख्य विपक्षी दल के नेता अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा तो वहीं खीरी सीट पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की छवि का इम्तहान होना है। पिछले चुनाव में कन्नौज सीट सपा से भाजपा ने छीन ली थी। खीरी में लखीमपुर कांड से विवादित हुए अजय टेनी को आगे कर भाजपा को भी अग्निपरीक्षा देनी होगी।

कई सीटों पर कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी सत्तापक्ष के उम्मीदवारों को टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में सभी सीटों को जीतना भाजपा के लिए चुनौती है।



### इन सीटों पर आज मतदान

चौथे चरण में सोमवार को जिन 13 सीटों पर मतदान है उनमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर, कन्नौज, अकबरपुर और बहराइच शामिल हैं। इन लोस सीट पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में है।

कन्नौज, खीरी और उन्नाव में भाजपा के लिए चुनौती ज्यादा दिखती है। सपा 1998 से लगातार कन्नौज से जीत रही थी लेकिन, 2019 में भाजपा ने उसका विजय रथ रोक दिया था। भाजपा ने यहां फिर सुब्रत पाठक को ही सामने किया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को पराजित किया था। इस बार पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में हैं। लखीमपुर खीरी सीट पर भाजपा ने एक बार फिर अजय मिश्रा टेनी पर भरोसा जताया है। टेनी पिछले लोस चुनाव 2019 में जीतने के बाद केन्द्र सरकार में गृह राज्य मंत्री बने। 2020-21 हुए किसान आंदोलन के समय से सबसे विवादित चेहरों में शामिल रहे हैं। इस नजरिए से उनके लिए हैट्रिक लगाना एक बड़ी चुनौती है। सपा ने पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा और बसपा ने अंशय कालरा को उतारकर अजय मिश्र की घेराबंदी की है।

उन्नाव से मौजूदा सांसद साक्षी महाराज को भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले यहां कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हुई अन्नू टंडन को सपा से प्रत्याशी बनाया गया है। अन्नू टंडन के साथ यहां इस बार कांग्रेस और सपा दोनों का जहां वोटबैंक है। वहीं, बसपा से अशोक पांडेय मैदान में हैं।

## एक नजर

### झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 मई को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने पिछले सप्ताह आलम के निजी सचिव संजीव लाल (52) और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम (42) को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि 70 वर्षीय आलम को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को रांची में ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। धन शोधन मामले की जांच राज्य ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से संबंधित है। इस मामले में ईडी ने लगभग 36.75 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है।

### मिर्जापुर से रमेश बिंद और रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल बने सपा उम्मीदवार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश ने मिर्जापुर सीट पर भाजपा सांसद रमेश बिंद को सपा का उम्मीदवार बनाया है। रमेश बिंद भदोही से सांसद हैं। यहां रमेश बिंद के सामने एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल खरवार को सपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। छोटेलाल ने 15 दिन पहले ही सपा का दामन थामा है।

# 4 जून के बाद प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेंगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा-माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों को करेंगे आवंटित

- माफिया की अवैध जमीनों पर बनाए जाएंगे स्कूल-अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही चार जून के बाद हमारी सरकार प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेगी। इसके लिए बकायदा एक कट-ऑफ तारीख दी जाएगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक माफिया द्वारा अर्जित संपत्तियों को जब्त करके उसे गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार रात एक निजी टीवी चैनल से साक्षात्कार के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और काका श्री हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी वैसी भरनी चाहे वह आजम खां हों या कोई माफिया सरगना।



अमेठी में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में पार्टी प्रत्याशी स्मृति ईरानी। ● अमृत विचार

### फिर वे गाएंगे, चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 4 जून के बाद इनको पूछने वाला कोई नहीं होगा। ये गाएंगे, ''चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना''। योगी ने कहा कि राहुल मुझसे लिखित में ले सकते हैं कि उनका गठबंधन उप्र. में सभी सीटें हार जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा राहुल गांधी का पुराना रिकार्ड रहा है कि जब भी उन पर कोई संकट आता है तो वह देश छोड़कर चले जाते हैं।

### अमेठी में बोले योगी - कांग्रेस को वोट गया तो लगेगा गो हत्या का पाप

**गौरीगंज (अमेठी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रविवार को कहा कि जनता साफ-साफ कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, देश में तीसरी बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही जनसमूह से जय श्रीराम और बुलडोजर बाबा जिंदाबाद का उद्घोष हुआ। अपने उद्बोधन में योगी ने कांग्रेस पर गो हत्यारों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कहा कि ऐसे में अगर भूल से भी हमारा वोट कांग्रेस को गया तो हमें गो हत्या का पाप लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, जब हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को चक्कर आने लगता है।

### वे चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें

एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि जो भी दंगा करेगा उस पर डंडा तो चलेगा ही। प्रदेश में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुर्माना भरना होगा। वहीं, कुछ इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा गजवा-ए-हिंद के बारे में बोलने पर योगी ने कहा, कयामत के दिन तक गजवा-ए-हिंद नहीं होने वाला है। भारत, भारत ही रहेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं, वे कभी मुसलमानों के हितैषी नहीं हो सकते। वे हमेशा चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें।

## चीन से वापस लेंगे जमीन और मुफ्त देंगे इलाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 'केजरीवाल की गारंटी' की घोषणा करते हुए केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर भारतीय जमीन को चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराने समेत 10 कार्य गिनाए और कहा कि इन्हें युद्ध स्तर पर किया जाएगा।



- 'आप' प्रमुख केजरीवाल ने की अपनी 10 गारंटी की घोषणा

रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि लोगों को 'मोदी की गारंटी' और 'केजरीवाल की गारंटी' के बीच चुनाव करना पड़ेगा। 'आप' नेता ने कहा कि मैंने इसके बारे में अपने 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों से चर्चा नहीं की है। मैं इन गारंटी को पूरा करने के लिए अपने इंडिया गठबंधन के साझेदारों पर दबाव डालूंगा। 'केजरीवाल की गारंटी' पर उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं तथा हर साल युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां सृजित करना इसका हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराएंगे।

# महिलाओं को धमका रहे टीमएसी के गुंडे

बैरकपुर/हुगली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 'गुंडे' दोषियों को बचाने के लिए संदेशखालि की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद पिछले कुछ समय से भाजपा और प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है। मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक मोदी है, कोई भी सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) को कोई रद नहीं कर सकता।



- प्रधानमंत्री बोले-संदेशखालि के दोषियों को बचा रही तृणमूल कांग्रेस
- चुनावी सभा में बोले-जब तक मोदी है सीएए को कोई रद नहीं कर सकता

### संदेशखालि के बारे में झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री

**बारासात।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संदेशखालि के बारे में लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को सवाल किया कि वह राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।



### एक और वीडियो : 70 महिलाओं को रुपये देने का दावा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बहुचर्चित संदेशखालि घटना के संबंध में एक और कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें एक स्थानीय भाजपा नेता यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दो-दो हजार रुपये दिए गए हैं। शाहजहां शेख पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और ग्रामीणों की भूमि हड़पने का आरोप है। कथित वीडियो 45 मिनट से ज्यादा का है, जिसमें संदेशखालि मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति ने प्रश्नकर्ता को यह बात कही।

# जाति जनगणना के जरिये देश का एक्स-रे करेगी कांग्रेस : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी जाति आधारित जनगणना के जरिये देश का 'एक्स-रे' करेगी। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे टेम्पो वाले अरबपतियों से मिले 'नोटों को गिन' रही है तब उनकी पार्टी समानता सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी की उन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेम्पो में भरकर नकदी प्राप्त हो रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वे पिछले 10 सालों से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोट गिन' रहे हैं। हम 'जाति आधारित जनगणना' के माध्यम से देश का 'एक्स-रे' करेंगे और हर वर्ग के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पार्टी का एक विज्ञापन भी साझा किया जो जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर सरकार पर हमला करता है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से सामाजिक-आर्थिक जनगणना पर अपने विचार साझा करने के लिए भी कहा है। पार्टी ने घोषणापत्र में जाति आधारित जनगणना का वादा किया है।



- कांग्रेस नेता ने अरबपतियों वाले बयान पर मोदी को घेरा

### मोदी सीबीआई और ईडी से करा लें जांच

राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस बात की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का आदेश देना चाहिए कि क्या अडाणी और अंबानी ने उन्हें काला धन भेजा था?




## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस

बनाम

कोलकाता नाइटराइडर्स

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## अदिति ने 71 का कार्ड खेला, 39वें स्थान पर



**क्लिफ्टन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर कोग्निजांट फाउंडर्स कप के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 39वें स्थान पर बनी हुई हैं। अदिति ने तीसरे दौर में पांच बर्डी लगायी जबकि चार बोगी कर बैठीं। इससे पहले उन्होंने दो दौर में 75 और 76 के कार्ड खेले थे। इससे 54 होल में उनका कुल एक अंडर 215 का है।

# प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके

## राजस्थान को पांच विकेट से हराया, ऋतुराज ने खेली 42 रन की नाबाद पारी

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांड की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। आठवें ओवर में युजवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये। जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।



पारी के दौरान कप्तान ऋतुराज और डिरेल मिचेल। ● एजेंसी

### ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए जडेजा

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई के मैच में चेन्नई के बल्लेबाज रवींद्र जडेदा को ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम के तहत आउट दे दिया गया। इसके बाद जडेजा काफी गुस्से में मैदान से बाहर गए। 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने आवेश खान की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को थर्ड मैन की तरफ खेला। जडेजा ने एक रन ले लिया था और वह दूसरा रन लेना चाहते थे, लेकिन गायकवाड़ ने उन्हें वापस भेज दिया। इसी बीच राजस्थान के फील्डर ने विकेटकीपर संजू सैमसन को गेंद दी और संजू ने नॉन स्ट्राइकर छोर पर थ्रो किया। लेकिन तभी जडेजा वापस क्रीज पर जाने को पलटे और थ्रो के बीच में आ गए। राजस्थान ने ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम की अपील की और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

**राजस्थान 141/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त: 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का गायकवाड़ बो सिमरजीत | 24 | 21 | 3/1 |
| जोस बटलर का देशपांडे बो सिमरजीत | 21 | 25 | 2/0 |
| संजू सैमसन का गायकवाड बो सिमरजीत | 15 | 19 | 0/0 |
| रियान पराग नाबाद | 47 | 35 | 1/3 |
| ध्रुव जुरेल का ठाकुर बो देशपांडे | 28 | 18 | 1/2 |
| शुभम दुबे का शिवम दुबे बो देशपांडे | 0 | 1 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषार देशपांडे 4-0-30-2, महीश तीक्ष्णा 4-0-28-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-32-0, सिमरजीत सिंह 4-0-26-3, रविंद्र जडेजा 4-0-24-0

**चेन्नई 145/5** — 18.2 ओवर, अतिरिक्त: 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का एवं अश्विन | 27 | 18 | 1/2 |
| रुतुराज गायकवाड नाबाद | 42 | 41 | 1/2 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा बो चहल | 22 | 13 | 4/0 |
| मोईन अली का आवेश खान बो बर्गर | 10 | 13 | 0/0 |
| शिवम दुबे का पराग बो अश्विन | 18 | 11 | 2/1 |
| जडेजा (क्षेत्ररक्षण में बाधा के लिए आउट) | 5 | 7 | 0/0 |
| समीर रिज्वी नाबाद | 15 | 8 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 2.2-0-24-0, संदीप शर्मा 3-0-30-0, आर अश्विन 4-0-35-2, नांड्रे बर्गर 3-0-21-1, युजवेंद्र चहल 4-0-22-1, आवेश खान 2-0-12-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 12 | 9 | 3 | 18 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

## खेल डायरी

### 1500 मीटर दौड़ में दीक्षा ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। दीक्षा ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

### प्रणवी संयुक्त सातवें स्थान पर रही

**सियोल।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स बैक नाइन में तीन बर्डी लगाकर 69 के कार्ड से अरामको टीम सीरीज कोरिया में शीर्ष 10 में शामिल रही। प्रणवी ने 69, 77 और 69 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक अंडर 215 का रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। मैसुरु की इस गोल्कर का यह इस सत्र में छह शुरूआत में दूसरा शीर्ष 10 का प्रदर्शन रहा। अन्य दो भारतीयों में ओलंपिक जाने वाली टीम में शामिल दीक्षा डागर (79-72-71) छह ओवर के कुल स्कोर से संयुक्त 37वें स्थान और वाणी कपूर (77-74-77) संयुक्त 60वें स्थान पर रहीं।

### आचार संहिता उल्लंघन में रमनदीप पर जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

### कॉलेजिएट दौड़ में परवेज खान ने जीता खिताब



**लुइसियाना।** भारत के परवेज खान ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में साउथईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में परवेज खान ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में दौड़ जीतने के लिए तीन मिनट और 42.73 सेकेंड का समय लिया। इस दौरान अमेरिका के मैक्स हार्डिन (3:43.39) दूसरे स्थान तथा डाल्टन हेंगस्ट ने (3:43.51) समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। परवेज फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर अमेरिका में हैं। इसके बाद दिन में, 19 वर्षीय परवेज खान ने 800 मीटर में प्रतिस्पर्धा की और 1:46.80 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सैम व्हिटमर्श ने 800 मीटर की दौड़ 1:45.27 के समय के साथ जीती, वह अनास एस्साई से आगे रहे, जिन्होंने 1:46.06 का समय निकाला।

### हार के बाद भी तीसरे स्थान पर बरकरार प्रज्ञाननंदा

**वारसॉ।** भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की लेकिन वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं। वहीं, विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

## चोट के बावजूद पूरे मैच में खेले लियोनेल मेसी



**मॉन्ट्रियल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बायें घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने जमीन पर लेटकर अपना घुटना पकड़ रखा था। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने 2 मिनट तक उनका उपचार किया। वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए। मॉन्ट्रियल ने जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल की मदद से एक समय 2-0 की बढ़त बना रखी थी। इंटर मियामी ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।

## गुजरात के सामने केकेआर की चुनौती

अहमदाबाद, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आज आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।



जहां तक केकेआर का सवाल है तो वह शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी। उसे चोटी की दो टीम में बने रहने के लिए बाकी बचे दो मैच में केवल एक जीत की जरूरत है। टाइटंस ने केकेआर के खिलाफ पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीती है लेकिन वह किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता है क्योंकि पिछले साल रिंकू ने अंतिम ओवर में यश पर लगातार पांच छक्के जड़कर केकेआर को जीत दिलाई थी।

## ओलंपिक चयन ट्रायल में ईशा और अनीष को मिली दूसरी जीत

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।





## जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**मीरपुर।** ब्रायन बेनेट (70) के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बांग्लादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है। टी-20 विश्वकप 2024 के शुरु होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के मद्देनजर बांग्लादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरुआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी।

ऐसे में आज खेले गए सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया था। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट और कप्तान सिकंदर रजा ने दूसरे विकेट के लिए 75 रनों की। ब्रायन बेनेट ने 70 सिकंदर रजा ने नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर मुकाबला जीत लिया।

## रजत के अर्धशतक से 187 तक पहुंचा बेंगलुरु



विराट कोहली का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते ईशांत शर्मा। ● एजेंसी



बेंगलुरू, एजेंसी

रजत पाटीदार के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 187 रन बनाए। पाटीदार ने 32 गेंद में 52 रन की पारी खेली और विल जैक्स के साथ (29 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की। कैमरन ग्रीन ने अंत में 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए। दिल्ली की ओर से रसिख सलाम (23 रन पर दो विकेट) और खलील अहमद (31 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। इशांत शर्मा, मुकेश शर्मा और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट चटकाया।

दिल्ली के कार्यवाहक कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी ने चौथे ओवर में 36 रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान फाफ डु प्लेसी (06) और विराट कोहली (27) के विकेट गंवा दिए। डु प्लेसी ने तीसरे ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को कैच थमाया। कोहली ने इशांत शर्मा पर दो छक्के जड़े लेकिन इस तेज गेंदबाज की गेंद पर विकेटकीपर अभिषेक पोरेल को कैच दे बैठे।

पाटीदार ने आते ही मुकेश पर तीन चौके मारे जबकि अक्षर का स्वागत छक्के के साथ किया। आरसीबी ने पावर प्ले में दो विकेट पर 61 रन बनाए। पाटीदार ने कुलदीप यादव पर भी छक्का जड़ा जबकि विल जैक्स ने भी बाएं हाथ के इस स्पिनर की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। आरसीबी के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। पाटीदार ने खलील की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में रसिख सलाम की गेंद पर अक्षर को कैच दे बैठे। जैक्स भी इसके बाद कुलदीप की गेंद पर अक्षर को कैच थमा गए। कैमरन ग्रीन ने कुलदीप पर लगातार दो छक्के मारे जबकि महिपाल लोमरोर (13) ने भी इस स्पिनर पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बावजूद आरसीबी की टीम अंतिम 10 ओवर में सात विकेट पर 77 रन ही बना सकी।

**बेंगलुरू 187/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त: 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का पोरेल बो इशांत | 27 | 13 | 1/3 |
| डु प्लेसी का फ्रेजर मैकगर्क बो मुकेश | 6 | 7 | 1/0 |
| विल जैक्स का अक्षर बो कुलदीप | 4 | 29 | 3/2 |
| रजत पाटीदार का अक्षर बो रसिख | 52 | 32 | 3/3 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 32 | 24 | 1/2 |
| महिपाल लोमरोर का पोरेल बो खलील | 13 | 8 | 0/1 |
| दिनेश कार्तिक का कुलदीप बो खलील | 0 | 2 | 0/0 |
| स्वप्निल सिंह का कुशाग्र बो रसिख | 0 | 1 | 0/0 |
| कर्ण शर्मा रन आउट | 6 | 4 | 1/0 |
| मोहम्मद सिराज रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** इशांत 3-0-31-1, खलील 4-0-31-2, मुकेश 3-023-1, अक्षर 3-0-24-0, कुलदीप 4-0-52-1, रसिख 3-0-23-2

## ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना होगा: सिंह



**75**

दिन ही बचे हुए हैं पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों में जुटी हॉकी इंडिया की टीम

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है तथा वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम ने काफी कड़ी मेहनत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। हॉकी इंडिया के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा हम कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और अभी इसके अंतिम चरण में है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे के बाद टीम ने उन क्षेत्रों पर काम किया जिनमें उसे लगा कि सुधार करने की जरूरत है। हम जल्द ही प्रो लीग के कुछ महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए यूरोप जाएंगे जहां हमारा सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए 75 दिन ही बचे हुए हैं तब हम अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहने पर काम कर रहे हैं।

## द. अफ्रीका के खिलाफ कई संयोजन आजमाने का मिला मौका : सलीमा



**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। टीम ने उनकी अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला 4-2 से जीती। हॉकी इंडिया के अनुसार सलीमा ने कहा इस श्रृंखला से हमें कई संयोजन आजमाने का मौका मिला। इसमें हमने प्रो लीग के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को आजमाया। इस सामूहिक प्रयास से हमें न सिर्फ अपने समन्वय को मजबूत करने में मदद मिली इससे हमें टीम के सभी पहलुओं को समझने का मौका भी मिला। सलीमा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिला।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# तालाब में नहाने गए ममेरे-फुफेरे भाइयों की डूबकर मौत, कोहराम

## मऊ थानांतर्गत पिपरौंद की घटना, जिंदगी की आस में दूसरे अस्पताल ले गए परिजन

संवाददाता मऊ/रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** पड़ोसी बच्चों के साथ रविवार को तालाब में नहाने गए दो बच्चे डूब गए। काफी देर बाद जानकारी होने पर घरवाले इनको निकालकर अस्पताल भागे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एक बच्चा दो बहनों का इकलौता भाई है। दोनों आपस में ममेरे-फुफेरे भाई थे। दो-दो बच्चों की मौत से घर में हाहाकार मच गया।

जानकारी के मुताबिक, मऊ थानांतर्गत पिपरौंद निवासी बालगोविंद का बेटा सनी पांडेय (12) पुत्र बालगोविंद अपने हमउम्र फुफेरे भाई छोटू मिश्रा पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी सालिगपुर, राजापुर व अन्य बच्चों के साथ रविवार की सुबह लगभग नौ बजे गांव के पास जोरवा तालाब में नहाने गया था। नहाते समय सनी और छोटू गहराई में चले गए और डूब गए। काफी देर बाद उनको पानी से निकालकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिंदगी की आस में परिजन बच्चों को शिवराजपुर एक निजी अस्पताल भी ले गए पर वहां भी निराशा हाथ लगी। बच्चों की मौत से घर में रोनापीटना मच गया। मऊ थाना प्रभारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि सीएचसी मऊ के डा. अनूप कुमार की सूचना पर वह एसआई गंगाचरन के साथ अस्पताल पहुंचे थे। वहां चिकित्सक ने बताया कि परिजन बच्चों को मृत अवस्था में लाए थे। दोनों बच्चों को लेकर वे जिंदगी की आस में दूसरे अस्पताल गए हैं। बताया कि लौटने पर पोस्टमार्टम व अन्य कार्रवाई की जाएगी।


बच्चों के घर के पास लगी भीड़। अमृत विचार

### साथ रहते थे दोनों बच्चे

छोटू की मां चुनकी देवी अपने बच्चों के साथ एक सप्ताह पहले ही मायके पिपरौंद आई थी। हमउम्र होने की वजह से सनी और छोटू की आपस में बहुत बनती थी। बताया जाता है कि पड़ोसी बच्चों के साथ इनका तालाब में नहाने का कार्यक्रम बना और घरवालों को बिना बताए चले गए।

### इकलौता था सनी

सनी दो बहनों का इकलौता भाई था। उसकी असामयिक मौत से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां सरोज देवी और दोनों बहनों का रोरोकर बुरा हाल हो गया। सनी लालता रोड स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा छह में पढ़ता था। उधर, छोटू गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। वह दो भाइयों में छोटा था। दोनों बच्चों के परिवारीजनों का विलाप सुनकर लोगों की आंखें भर आईं।

### परिजनों को डूबने की बात का पता देर से चला

बताया जाता है कि दोनों बच्चे जब पानी में डूबने लगे तो साथ रहे बच्चे डर गए। सब चुपचाप घर चले गए। उधर, जब देर तक सनी और छोटू घर नहीं पहुंचे तो घरवालों ने ढूंढना शुरू किया। पहले तो पड़ोसी बच्चों ने कुछ नहीं बताया और जब जोर देकर पूछा गया तो उन्होंने जानकारी दी। इस पर परिजन और अन्य ग्रामीण तालाब की ओर दौड़े। दोनों मासूमों के शव पानी में उतराते देख परिवारीजन बेसुध हो गए।

# मानिकपुर जंक्शन पर बिक रहा मानकविहीन पानी!

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** मानिकपुर जंक्शन में मानकविहीन पानी बिकने की शिकायतें आम हो रही हैं। एक पेटी कांट्रेक्टर की दुकान सील भी किए जाने की बात सामने आई पर इस संबंध में अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।

यात्रियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में तय मार्का का पानी जंक्शन में बहुत कम नजर आता है। ऐसे में मानकविहीन पानी को बोतलों में बेचा जा रहा है। जो लोगों की सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। जानकारी के मुताबिक प्लेटफार्म नंबर एक पर टंकी के पास चल रहे स्टॉल को मानिकपुर का एक व्यक्ति पेटी कांटेक्ट में संचालित कर रहा है। रविवार को प्रयागराज से आई चेकिंग टीम ने स्टॉल को अनिश्चितकाल के लिए सील कर दिया। इस संबंध में जब चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर मानिकपुर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह पत्रकारों से बात करने के लिए अधिकृत नहीं है। आप पीआरओ प्रयागराज का नंबर लेकर बात कर लें। जब पब्लिक रिलेशन आफिसर प्रयागराज अमित कुमार को फोन लगाया गया तो घंटी जाने के बाद भी उनका रिसीव नहीं हुआ।

# कार लूट का आरोपी पकड़ा, दो की तलाश

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- रघुवीर मंदिर के पास की थी वारदात, कार टिकरिया के पास से हुई थी बरामद

**अमृत विचार।** थाना चित्रकूट की पुलिस ने तमंचा दिखाकर लूट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसने दो अन्य साथियों के साथ रघुवीर मंदिर जानकीकुंड के पास से मप्र के बाशिंदों की कार, जंजीर और मोबाइल लूट लिया था। दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

थाना चित्रकूट प्रभारी पंकज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में रघुबीर मन्दिर के सामने से अवैध कट्टा लगाकर स्विफ्ट डिजायर कार, जंजीर एवं मोबाईल फोन लूटने वाले 03 लुटेरो मे एक अन्तर्राज्यीय लुटेरा हेमराज यादव मय अवैध कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार अन्य आरोपियो की पता तलाश जारी।

एक मई को रामकिशोर सोनी निवासी ग्राम दिगौड़ा जिला टीकमगढ़ (मप्र) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने समधी व दो अन्य लोगों के साथ जानकीकुंड अस्पताल इलाज कराने आए थे। रात होने जाने से अस्पताल बंद था। वे रघुवीर मंदिर तिराहे के सामने अपनी डिजायर कार खड़ी कर होटल की तलास कर रहे थे। इसी दौरान बाइकसवार तीन लोगों ने तमंचा दिखाते हुए चेन, मोबाइल के साथ कार छीनकर भाग गए। आरोपियों पर एसपी सतना ने 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया। बाद में कार थाना मारकुंडी के टिकरिया के पास मिली थी।

थाना प्रभारी पंकज शुक्ला की अगुवाई में पुलिस टीम ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से बीते दिन आरोपी हेमराज यादव (25) पुत्र कल्लू सेठ निवासी निवासी करका पड़रिया थाना बहिलपुरवा जिला चित्रकूट को पकड़ा। पूछतांछ के बाद इसने घटना में प्रयुक्त बाइक और तमंचा भी बरामद कराया।

पुलिस के अनुसार, इसने वारदात की बात स्वीकार की है और अपने अन्य आरोपियों के नाम विनोद यादव एवं बेबो बताए हैं। इनकी तलाश की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मझगवां आदित्य सिंह, धारकुंडी अभिषेक पांडेय, एसआई आशीष धुर्वे, बीवी टांडिया, अश्वनी मिश्रा, जगन सिंह आदि शामिल रहे।

# कल से वितरित किया जाएगा राशन

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह अवगत कराया है कि जिले में 14 से 29 मई तक राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत राशन वितरण किया जाएगा। प्रति अंत्योदय कार्ड 14 किग्रा. गेहूं एवं 21 किग्रा. चावल (कुल 35 किग्रा.) का निःशुल्क वितरण कराया जाएगा। पात्र गृहस्थी योजना के अंतर्गत प्रति यूनिट 02 किग्रा, गेहूं एवं 03 किग्रा, चावल का निःशुल्क वितरण कराया जाएगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा।

जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि उपभोक्ताओं/कार्डधारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण नई ई-पॉस मशीनों से लिंक ई-वेइंग मशीनों के माध्यम से वितरण कराया जा रहा है। जिससे समस्त कार्डधारकों को नियमानुसार पूरा खाद्यान्न प्राप्त हो सके। वितरण तिथि की शुरूआत में वितरण की प्रोसेसिंग में समय लग सकता है। अतः प्रारम्भ में उचित दर दुकान पर एक दिन में कम से कम कार्डधारक ही उपस्थित हों।

# बिजली के झुके खंभे से गहराया हादसे का खतरा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में पूर्व विधायक रामाधार सिंह लोधी के घर के सामने लगा बिजली का खंभा गिरने की कगार पर है। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की लापरवाही से खंभा सही नहीं हो सका है। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है।

गौरतलब है कि पूर्व विधायक रामाधार सिंह लोधी के घर के सामने एक लोहे का खंबा लगा है। जिस पर बिजली के तार लगे हुए हैं। पूर्व विधायक के पुत्र सुरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि पिछले काफी समय से लोहे का खंभा झुका हुआ है। जो धीरे धीरे झुकता हुआ जा रहा है। बताया कि कभी भी यह लोहे का पोल गिर सकता है। जिससे जनहानि हो सकती है। उन्होंने कई बार इसकी शिकायत की लेकिन विभागीय अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। बताया कि खंभे के गिरने से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में पावर कारपोरेशन के अवर अभियंता का कहना था कि खंभे को बदलवा दिया जाएगा।


मुख्य मार्ग पर झुका बिजली का खंबा।

# घर से गई बालिका को दो घंटे में खोजा

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने नाराज होकर घर से निकली बालिका को दो घंटे के अंदर ढूंढकर परिवारीजनों को सौंपा। रविवार को चौकी प्रभारी को एक बच्ची कस्बे में भटकती मिली। उसने नाम सोनम पुत्री सुरेश कुमार कोठार निवासी महावीर नगर बताया। इस पर चौकी प्रभारी ने परिजनों को सूचना दी। उसको उसके भाई-बहन के सुपुर्द किया गया।

# दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई चंद्रमणि पांडेय ने वारंटी राममिलन निषाद निवासी साहबतारा मजरा देवा, चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने वारंटी नत्थू सोनकर निवासी चौगलिया राघवपुरी को पकड़ा।

# बैरीकेडिंग से व्यापारियों में रोष

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** परिक्रमा मार्ग के खोही बाजार में रविवार को व्यापारियों की बैठक में समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने अमावस्या पर जलेबी वाली गली में बैरीकेडिंग करने पर रोष जताया।

शानू को व्यापारियों ने बताया कि बैशाखी अमावस्या पर खोही बाजार जलेबी वाली गली में बैरिकेडिंग कर दी गई। इससे लगभग 20 क्विंटल मिष्ठान्न खराब हो गई या खराब हो रही है। दुकानदारों ने कहा कि इस बार ज्यादा मेला भी नहीं था। अमावस्या पर काफी मिठाई बिकती है। पर इस बार पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और लगभग 14 घंटे के लिए मिठाई वाली गली को ब्लॉक कर दिया।


व्यापारी नेता शानू गुप्ता से समस्याएं बताते दुकानदार। अमृत विचार

- व्यापारी नेता शानू गुप्ता से दुकानदारों ने बताईं समस्याएं

शानू ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वे इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को देंगे। खोही व्यापार संगठन के अध्यक्ष गंगा प्रसाद केशरवानी, महामंत्री संदीप गुप्ता, मंत्री कृष्णा केशरवानी, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, मंत्री राकेश केशरवानी, शिवम, नाथू प्रसाद, विष्णु, विजय गुप्ता, ऋतिक, रामभरोसे गुप्ता, विदित गुप्ता, लखन गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता, पवन गुप्ता, दीपांशु, जमुना केशरवानी, रविशंकर गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, संतोष गुप्ता, चंदन गुप्ता, लोकनाथ केशरवानी, जयप्रकाश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, मनोज आदि मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो टीमों ने भ्रमण कर कराया सुरक्षा का एहसास

कार्यलय संवाददाता, चित्रकूट

- सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**अमृत विचार।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियों टीमों/ शक्ति दीदी की ओर से विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

अभियान के तहत रविवार को को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन व जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं गांवों का भ्रमण किया गया। महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियां आदि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गयाव।

इसके साथ ही महिला/ बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन 112, वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 102 आदि की जानकारी दी गई।


वाहनों की चेकिंग करते यातायात प्रभारी। अमृत विचार

### 141 वाहन चालकों पर 3,17,700 रुपये का जुर्माना

**चित्रकूट।** यातायात नियमों के उल्लघंन पर यात्रा करने वाले कुल 141 वाहनों पर 3,17,700 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एक वाहन को सीज भी किया गया। प्रभारी यातायात शैलेंद्र सिंह ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

# परिक्रमा पथ की सफाई कर लगाए पौधे

संवाददाता,सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** कामदगिरि स्वच्छता समिति की अगुवाई में नियमित अभियान के तहत रविवार को युवाओं ने परिक्रमा पथ की सफाई की। पौधरोपण भी किया। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि अब तय किया गया है कि सफाई के बाद परिक्रमा पथ पर पौधरोपण भी किया जाए। इस मौके पर समाजसेवी बृजकिशोर गुप्ता, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, रसूलबख्श, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, दीपक, विजय कुमार, पिंकी, दिनेश लाल आदि मौजूद रहे।


परिक्रमा पथ पर पौधरोपण करते युवा। अमृत विचार

# सपा के प्रति लोगों में उत्साहः सूरज

**चित्रकूट।** सपा के युवा नेता सूरज पटेल का कहना है कि इस बार समाजवादी पार्टी के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह और समर्थन दिख रहा है। भाजपा की नीतियों और कार्यों से हर वर्ग परेशान हैं। किसान कोरोना के बाद से उबर नहीं पाए हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद सबसे पहले युवाओं और किसानों की बेहतरी के लिए काम किया जाएगा। आरोप लगाया कि भाजपा धर्म की राजनीति करती है।

## सार-संक्षेप


प्रशिक्षण कार्य का मुआयना करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण का मुआयना कर दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ रविवार को सीआईसी में चल रहे मतदानकार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण को देखा। डीएम ने सभी से अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाने को कहा। दोनों अफसरों ने ईवीएम की भी जानकारी ली। इस मौके पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, बीएसए लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।



मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विचारविमर्श करते संत और पदाधिकारी। अमृत विचार

### संत सम्मेलन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र स्थित केशवगढ़ आश्रम में रविवार को विश्व हिंदू परिषद ने संत सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने साधु-संतों से आग्रह किया कि वे भक्तों और अनुयायियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सम्मेलन में महंत दिव्य जीवन दास, महंत रामहृदय दास, महंत सीताशरण दास, मदन गोपाल दास, विहिप के छेदीलाल गौतम, राजेंद्र त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

**कब मिलेगी सुविधा** | विकास के तमाम दावे कई जगह हैं खोखले, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से श्रद्धालुओं में निराशा

# धार्मिक स्थलों को आपस में जोड़ने वाले सुगम रास्ते का इंतजार

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विकास के तमाम दावे वादे कई बार कागजी नजर आते हैं। कई महत्वपूर्ण स्थानों पर आने जाने के लिए एक अदद सड़क न होने से तरक्की के मायने भी गलत साबित होते हैं। मऊ क्षेत्र में प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों ऋषियन आश्रम, परानू बाबा आश्रम तथा झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरगढ़ घाटी से प्राचीन मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर को आपस में जोड़ने वाली सड़क का इंतजार श्रद्धालुओं को लंबे अरसे से है। बताया जाता है कि सड़क के निर्माण में वन अधिनियम का हवाला देकर हर समय रोड़ा अटकाया जाता है। जनप्रतिनिधि आते जाते रहे पर इसका हल नहीं निकाल पाए।

इन स्थलों के विकास के मुद्दे को कभी भी किसी जनप्रतिनिधि ने गंभीरता से नहीं लिया और न ही इसमें कोई रुचि दिखाई। मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में परानू बाबा रोड से गढ़वा संपर्क मार्ग के मध्य लगभग 1700 मीटर पथरीला रास्ता है। यह रास्ता जंगल से होकर गुजरता है। इसके बनने से क्षेत्र के उस 50 हजार की आबादी का बड़ा फायदा होगा, जिसका बाढ़ के समय तहसील मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है। अभी तो ऊबड़खाबड़ रास्ते से लोगों को गुजरना पड़ता है। सड़क बन जाने से श्रद्धालुओं को प्रसिद्ध तीर्थ स्थल परानू बाबा आश्रम पहुंचने में आसानी भी होगी। इसके अतिरिक्त भारी संख्या में धार्मिक व पौराणिक स्थल बाणासुर की तपोस्थली ऋषियन आश्रम की सुगम यात्रा भी हो सकेगी। इसके अलावा दो तीर्थस्थान आपस में जुड़ेंगे और दूरी भी कम हो जाएगी। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरगढ़ घाटी के ऊपर कलचिहा जंगल में त्रिकूट पर्वत पर मां विंध्यवासिनी देवी का अति प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालु लगभग एक किलोमीटर की दूरी पगडंडी के सहारे तय करते हैं।

इसके अतिरिक्त खोहर से किटहाई संपर्क मार्ग, जो मध्य प्रदेश सीमा को जोड़ता है, के बीच में एक किमी तक कच्चा मार्ग है। यहां ग्रामीणों को आवागमन में भारी समास्याओं का सामना करना पड़ता है। तत्कालीन बहुजन समाज पार्टी सरकार ने 2011-2012 में खोहर ग्राम पंचायत को डा. अंबेडकर गांव का दर्जा दिया था। ग्रामीण आरोप लगाते है कि यहां भी पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा था पर वन विभाग ने यहां पर भी रोक लगा दी। क्षेत्र की तीनों सड़कों का निर्माण कार्य लंबे अरसे से रुका हुआ है।


परानू बाबा स्थल


विंध्यवासिनी मंदिर


ऋषियन आश्रम।

### अप्लाई करें तो मिलेगा अनापत्ति प्रमाणपत्र

इस संबंध में रानीपुर टाइगर रिजर्व के निदेशक एनके सिंह ने बताया कि विभाग अनर्गल आपत्ति नहीं करता। पर नियमानुसार तरीके से अगर विभाग अप्लाई करें तो अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने में दिक्कत भी नहीं है। पर कोई बिना प्रमाणपत्र लिए काम कराएगा तो रोका तो जाएगा ही।

### क्या कहते हैं लोग


भाजपा सरकार में तीर्थस्थलों के विकास पर जोर दिया जा रहा है। परानू बाबा स्थल तक बढ़िया सड़क बनी है। पानी, बिजली की सुविधा भी तीर्थस्थलों में उपलब्ध कराई गई है और कई जगहों पर कराई जा रही है।

– पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्रप्रकाश खरे


दशकों से पाठा क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। उक्त मार्ग यदि बन जाता है तो पर्यटन के साथ साथ क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा। क्षेत्र के लोगों की समस्या को देखते हुए जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

– पत्रकार पवन रस्तोगी


सरकारों को विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले वन अधिनियम में संशोधन कर विकास की नई राह खोलनी चाहिए। इस ओर जनप्रतिनिधियों को विशेष रुचि दिखानी होगी।

– जावेंद्र पांडेय, बरगढ़

### सपा ने चुना था लोहियागांव

गांव के लोगों ने बताया कि तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार ने 2012-2013 में गढ़वा ग्राम पंचायत को डा. राम मनोहर लोहिया समग्र गांव में चयनित किया था। बताते हैं कि पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा था लेकिन वन विभाग ने इस काम को रोक दिया।

# वारंटी को दबोचा

**मऊ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने वारंटी आरोपी दिनेश कुमार पुत्र सोदन लाल निवासी बैलौहन पुरवा को गिरफ्तार किया। यह सड़क दुर्घटना का आरोपी था और 17 वर्ष से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी प्रवीण कुमार पांडेय शामिल रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# आचार संहिता का प्राथमिकता से कराएं अनुपालन

## लोकसभा चुनावः विशेष सामान्य प्रेक्षकों ने मंडल के अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- मतदान के दौरान हर पोलिंग बूथ पर नजर रखने की हिदायत
- किसी मतदान केंद्र पर अनावश्यक भीड़ एकत्र न रहे



बैठक को संबोधित करते प्रेक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग से आए विशेष सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने सर्किट हाउस सभागार में चुनाव संबंधी समीक्षा की और चुनावी तैयारियों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराए जाने, मतदान दिवस पर निरंतर पुलिस व मजिस्ट्रेटों के द्वारा भ्रमण किए जाने के निर्देश दिए गए।

बांदा-चित्रकूट तथा महोबा-हमीरपुर संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्वाचन आयोग से आए विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय वी.नायक, विशेष पर्यवेक्षक व्यय राजेश टुटेजा तथा विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने संसदीय क्षेत्र प्रेक्षक वी.कलाईराशि, पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास व व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षकों, जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों की उपस्थिति में चुनाव संबंधी समीक्षा बैठक की। चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन पूरी प्रमुखता के साथ कराए और मतदान दिवस पर पुलिस और मजिस्ट्रेटों द्वारा भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक स्थान अथवा मतदान केंद्र पर अनावश्यक भीड़ एकत्र न रहे। बीएलओ मतदाताओं को सहायता उपलब्ध कराए। उन्होंने ईवीएम मशीन की कमिशनिंग कार्य को समय से कराए जाने, स्ट्रांग रूम में समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा ट्रान्सपोर्ट बसों सहित अन्य वाहनों की सघन चेकिंग एवं अवैध शराब व नगदी पर नजर रखने के निर्देश दिये। क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए एवं वेबकास्टिंग भी करायी जाए। किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना पर नजर रखते हुए तत्काल कार्यवाही की जाए। निर्वाचन के सम्बन्ध में पुलिस द्वारा की कार्रवाई, चेकिंग व बॉर्डर प्वाइंटों पर नियमित रूप से चेकिंग कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकूट, हमीरपुर सहित निर्वाचन कार्यों से जुड़े अन्य मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रत्याशियों के चुनावी व्यय का समय से कराएं परीक्षण

विशेष प्रेक्षकों ने सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्याशियों के चुनाव से संबंधित व्यय का लेखा-जोखा समय से विधिवत परीक्षण किया जाए। मतदान दिवस पर सेक्टर पुलिस, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य जोनल अधिकारी ईवीएम मशीन के खराब होने की सूचना पर बदलनों की शीघ्र कार्यवाही की जाए। निर्वाचन कार्य में निष्पक्षता के साथ व्यवस्थाओं को बेहतर रखते हुए शान्तिपूर्वकढंग से निर्वाचन को संपन्न करायें।

### डीएम-एसपी ने चुनाव तैयारियों की दी जानकारी

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने प्रेक्षकों को निर्वाचन कार्यों की तैयारी के संबंध में प्रेजेंटेशन के द्वारा जानकारी दी, जिसमें मतदान केंद्रों का विवरण, कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कराए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मतदान केंद्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, जिला सुरक्षा प्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# यूपी-112 में शामिल हुए 29 नए वाहन

कार्यालय संवाददाता, बांदा



नए वाहनों को झंडी दिखाते एसपी। अमृत विचार

- एसपी ने 19 स्कॉर्पियो और 10 बाइकों को दिखाई झंडी

**अमृत विचार**। जिले में यूपी-112 सेवा अधिक मजबूत हो गई है। पुलिस मुख्यालय से जिले में पीआरवी को 29 नए वाहन मिलें हैं। इसमें 19 स्कार्पियो और 10 बाइकें शामिल हैं। पुलिस लाइन में समारोह के बीच पुलिस अधीक्षक ने वाहनों के आगे नारियल फोड़कर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एक कॉल पर दस मिनट पर मौके पर पहुंचने वाली पीआरवी की कुछ गाड़ियां पुरानी हो गई थीं। कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए शासन से 29 नए वाहन मिल गए हैं। ये आधुनिक तकनीक से लैस हैं। पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जिले में यूपी-112 बेड़े में शामिल किए गए 29 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने बताया कि यूपी-112 में नये पीआरवी वाहनों के शामिल होने से जनपद में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने में काफी मदद् मिलेगी। साथ ही आपातकालीन पुलिस सेवा और बेहतर तथा प्रभावाशाली होगी। नए वाहनों के शामिल होने से यूपी-112 में तैनात पीआरवी वाहनों की सघनता में वृद्धि होगी। साथ ही रिस्पांस टाइम काफी कम करने में मदद् मिलेगी।

उधर, नए वाहनों को रवाना करने से पहले एसपी ने इनका जायजा लिया। उसके सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान परीक्षा हुई

कार्यालय संवाददाता,बांदा



ऑनलाइन परीक्षा में शामिल छात्रा।

- केसीएनआईटी की वेबसाइट में 25 मई को होगी विजेताओं की घोषणा

**अमृत विचार**। कालीचरण निगम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केसीएनआईटी) के तत्वाधान में आयोजित बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान आनलाइन परीक्षा में आठ हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने भागीदारी करते हुए अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। परीक्षा बुंदेलखंड के 13 जनपदों में एक ही समय पर हुई। प्रतिभागियों ने परीक्षा के प्रति जर्बदस्त उत्साह दिखाया। पंजीकृत छात्र-छात्राओं ने अपने वर्ग में परीक्षा देते हुए छायाचित्र भी भेजे।

बुंदेलखंड की प्रतिभा को परख कर उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए सहयोग करने के उद्देश्य से केसीएनआईटी हर साल बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता का आयोजन करता है। पिछले 12 वर्षों से बुंदेलखंड के 13 जनपदों में प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा रहा है। रविवार को आयोजित आनलाइन परीक्षा में 10वीं, 12वीं (गणित व बॉयो) एवं स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत 8380 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कर के ऑनलाइन परीक्षा दी। प्रतिभागियों ने परीक्षा के प्रति जर्बदस्त उत्साह दिखा। परीक्षा संयोजक श्यामजी निगम ने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित और सामान्य अध्ययन के प्रश्न पूछे गए। बताया कि परीक्षा दो चरण में होगी। पहले चरण की ऑनलाइन परीक्षा निपटने के बाद दूसरे चरण में प्रत्येक जनपद से वर्गवार चयनित प्रतिभागियों का निर्णायक मंडल द्वारा साक्षात्कार लिया जायेगा। इसके बाद जनपद व पूरे बुंदेलखंड के विजेताओं के नामों की घोषणा 25 मई को कालेज की आधिकारिक बेवसाइट पर की जायेगी। बुंदेलखंड के 13 जनपदों से वर्गवार प्रथम व द्वितीय विजेताओं का चयन होगा। प्रतियोगिता के माध्यम से लगभग 10 लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार एवं स्कॉलरशिप का वितरण केसीएनआईटी परिसर में आयोजित भव्य समारोह में किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रमोद अवस्थी, सत्यजीत तिवारी, रामनरेश सिंह गौतम, नीरज तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, मयंक कुमार सिंह आदि ने सहयोग दिया।

# पुत्रों की पिटाई से घायल हुए पिता ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- रुपये के लेन-देन को लेकर हो गया था विवाद

**अमृत विचार**। लेन देन को लेकर हुए विवाद में कलियुगी पुत्रों ने पिता को बेरहमी से पीट कर घायल कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शहर कोतवाली के सुतुरखाना निवासी अरविंद (55) पुत्र मेवालाल गुरुवार की शाम अपने पुत्रों से रुपये लेने अतर्रा गया था। रुपये के लेन देन को लेकर पुत्रों से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि कलियुगी पुत्रों ने पिता के अतर्रा स्थित एक विद्यालय के मैदान में डंडों से पीट-पीट कर बेदम कर दिया। मरणासन्न स्थिति में पिता को छोड़कर दोनों पुत्र भाग गए। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान शनिवार की शाम उसकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई राजेंद्र कुमार ने बताया कि अरविंद के दो पुत्र कंचन और चंदन अपनी मां पुष्पा के साथ लुधियाना में रहते है। चार दिन पहले ही वह लोग अपनी मां के साथ ननिहाल अतर्रा आ गए। अरविंद के नाम पीएम आवास योजना स्वीकृत हुआ था। संयुक्त खाता से मकान पुत्रों ने दो लाख रुपये निकाल लिए। रुपये मांगने पर दोनों पुत्रों ने पिता को बेरहमी से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पिता और उसके दो पुत्रों के बीच विवाद हुआ था। फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानाचार्या को स्टार वूमैन अवार्ड

**नरैनी**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व नर्स-डे पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की प्रधानाचार्या को स्टार वूमैन आचीवमेंट आवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर नर्सिंग छात्राओं को नर्स के कार्य बताए गए।

सीएचसी में नर्स प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित कर एएनएम का प्राशिक्षण ले रही छात्राओं को नर्स का महत्व बताया गया। डीपीएमआई कौशल केन्द्र अतर्रा पैरामेडिकल साइंस वोकेशनल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर व सीताराम समर्पण महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा.रमाकांत द्विवेदी द्वारा एएनएम प्रशिक्षण केंद्र प्रधानाचार्य शिवनंदनी को स्टार वूमैन अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। श्री द्विवेदी ने कहा कि हाथ जो देखभाल को कार्रवाई में बदल देता है, स्पर्श जो करुणा को आराम में बदल देता है, मुस्कुराहट जो प्यार को उपचार में बदल देती है, ऐसे नर्स को हम कोटि-कोटि नमन करते है। इस मौके पर छात्राएं, वोकेशनल इंस्टीट्यूट, अपोलो अस्पताल समूह टेलीक्लिनिक कोआर्डिनेटर रहे।

## सार-संक्षेप



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते डीन। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने बताए पादप स्वास्थ्य के तरीके

**बांदा**। अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस पर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन को बरकरार रखते हुए पादप स्वास्थ्य के तरीके बताए। प्रतिभागियों ने पेड़-पौधों का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक उपाय भी सुझाए। प्रतियोगिता के पांच विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग के तत्वाधान में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ दिवस मनाया गया। पादप रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र कुमार ने अतिथियों और छात्रों का स्वागत करते हुए पर्यावरण संतुलन को आधार बनाते हुए पौध सुरक्षा के लिए छात्र-छात्राओं की जागरूकता पर बल दिया। कृषि महाविद्यालय डीन डा.जीएस पंवार और फल विज्ञान विभागाध्यक्ष डा.एके श्रीवास्तव ने पादप स्वास्थ्य की उपयोगिता और उपायों पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय कुलसचिव डा.एसके सिंह ने पादप स्वास्थ्य और पर्यावरण की गंभीर समस्याओं ध्यान आकृष्ट कराते हुए पादप स्वास्थ्य बनाए रखने के सुझाव दिए। कहा कि अंतराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस को मनाने का उद्देश्य इसके प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन बरकरार रखते हुए पोस्टर के माध्यम से पादप स्वास्थ्य के तरीके बताए। निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ पांच पोस्टर को चयनित करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन पादप रोग विज्ञान विभाग शोध छात्रा साक्षी पांडेय और डा.एचएस नेगी ने सभी का आभार जताया।

### करंट से दो सगी बहनें झुलसीं

**बांदा**। मटौंध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव निवासी शाहिस्ता (16) पुत्री लतीफ शनिवार की रात दरवाजा बंद कर रही थी। दरवाजे के बगल से निकली केविल कट कर दरवाजे में छू गई जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गई। छोटी बहन को बचााने पहुंची बड़ी बहन कैकशा (18) भी करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने घर की बिजली आपूर्ति बंद कर दोनों को करंट से अलग किया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### महिला का मोबाइल ले गया चोर

**बांदा**। शहर कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज निवासी उम्मेअमारा रविवार की दोपहर ट्रामा सेंटर में भर्ती रिश्तेदार को देखने आई थी। वह मोबाइल को बेड पर रखकर बच्चे को चप्पल पहनाने लगी। इसी बीच चोर मोबाइल लेकर भाग निकला। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े। चोर का कुछ पता नहीं चला। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

### किशोरी समेत दो ने जहर खाया

**बांदा**। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी प्रियंका (16) पुत्री रामचंद ने रविवार को घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी राजरानी (25) पत्नी सुधीर कुमार ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार कर रहे डॉक्टरों ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई है।



गरीबों को कपड़े बांटते समाजसेवी। अमृत विचार

### रोटी बैंक ने मातृ दिवस पर दी ग्रामीणों को सौगात

**बांदा**। रोटी बैंक सोसाइटी ने सदर तहसील क्षेत्र के भूरागढ़ गांव के मजरा छोटा पुरवा में मातृ दिवस पर गरीब ग्रामीणों व बच्चों को कपड़े, जूते, चप्पल व किताबों का वितरण किया। अपनी जरूरतों का सामान पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी की चमक देखी गई। इसके अलावा ग्रामीणों से मतदान का आह्वान किया गया। रोटी बैंक संरक्षक शेख सादी जमा और अध्यक्ष रिजवान अली के निर्देश पर क्योटरा शाखा प्रमुख राहुल अवस्थी की अगुवाई में रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के भूरागढ़ ग्राम प्रधान देवनारायण निषाद की मौजूदगी में मातृ दिवस पर सहायता शिविर आयोजित हुआ। गरीब ग्रामीणों व बच्चो को कपड़े, जूते, चप्पल तथा किताबों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रोटी बैंक सोसाइटी महिला संघ जिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा ने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या मे मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। इसके अलावा उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। गरीब ग्रामीणों ने जरूरत की सामग्री पाकर जहां खुशी जताई। इस मौके पर मोहम्मद शमीम, मुईनुद्दीन फारूकी, सुनील सक्सेना, इरफान खान, मोहम्मद अजहर, अख्तर किरमानी मोहम्मद सलीम, इरफान खान, नग्गो खातून, शाहान अली, अलीमुददीन, महेंद्र पाल, राज गुप्ता रहे।

## भवन निर्माण मानक के अनुरूप नहीं

**नरैनी**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रयोगशाला भवन के निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। भवन भी बिना पिलर के खड़ा कर देशी ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। शासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रयागशाला भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस लैब में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। ठेकेदार द्वारा बनवाए जा रहे भवन में ऊपर तक पिलर खड़े नहीं किए हैं। नीचे ही नींव को भर दी गई है। ऊपर तक पिलर न होने से भवन कमजोर है।

भवन निर्माण कार्य मानक के अनुरुप नहीं कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में देशी ईट लगवाई जा रही है। कस्बा वासियों ने लैब भवन निर्माण की जांच कराए जाने की मांग की है।

# आईजी, डीआईजी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, अतर्रा



सीएम की जनसभा की समीक्षा करते आईजी व अन्य अफसर। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता**। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम के आगमन से एक दिन पहले ही तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। सभास्थल से लेकर हेलीपैड तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आईजी जोन समेत डीआईजी, एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर मामूली सुधार के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। इस बीच पुलिस उप महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस उपमहानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा सभी सुरक्षा से सम्बन्धित मानकों की जांच की गई व ड्यूटी में लगे सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को कस्बे में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। वह दोपहर करीब 1.35 बजे कस्बे के हिन्दू इण्टर कॉलेज स्थित हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से आयेंगे। दस मिनट बाद करीब 1.45 बजे वह जनसभा को संबोधित करने मंच पर आयेंगे। आधे घंटे के सम्बोधन के बाद करीब 2.15 बजे हेलीकाप्टर से बनारस के लिये प्रस्थान करेंगे। सीएम के कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन कैमरा उड़ाना प्रतिबंधित रहेगा। सीएम की सुरक्षा के लिये प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं।

**जोर आजमाइश** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में 20 मई को होना है मतदान, आज अतर्रा के हिंदू इंटर कॉलेज में दहाड़ेंगे योगी

# सभी राजनीतिक दलों ने झोंकी चुनाव प्रचार में ताकत

कार्यालय संवाददाता,बांदा



सीएम योगी, मायावती व अखिलेश यादव। अमृत विचार

- 15 को बसपा सुप्रीमो और 16 को सपा प्रमुख फूंकेंगे बिगुल

**अमृत विचार**। बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। मतदान की तारीख नजदीक आते ही अब सियासी दलों के दिग्गजों ने जोर आजमाईश का दौर तेज कर दिया है। सत्ताधारी भाजपा ने जहां नामांकन के पहले से ही सियासी सूरमाओं को मैदान में उतार रखा है और मतदाताओं को रिझाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। वहीं अब सपा और बसपा के सुप्रीमो भी बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में उतर कर जनसभाओं को संबोधित करेंगे और मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान के लिए मनाएंगे।

चौथे चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद सभी ने अपना ध्यान पांचवें चरण की सीटों पर लगा दिया है। बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट को अपने कब्जे में बनाए रखने के लिए भाजपा ने जहां प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने बांदा-चित्रकूट में जनसभाओं के माध्यम से मतदाताओं की नब्ज टटोलने का काम किया है। वहीं अब चुनाव नजदीक आते ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। सोमवार को सीएम योगी अतर्रा के हिंदू इंटर कालेज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाकर लोगों से भाजपा प्रत्याशी वोट मांगेंगे। वहीं 15 मई को हिंदू इंटर कालेज के मैदान में ही बहुजन समाज पार्टी की मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी अपने मतदाता की नब्ज टटोलने के साथ ही उन्हें पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। जबकि इसके ठीक बाद 16 मई को अतर्रा के ही पीजी कालेज मैदान में सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पहुंचेंगे और गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

कुल मिलाकर चुनाव नजदीक आते ही सभी सियासी दलों के नेताओं का फोकस अपने कॉडर मतदाता पर केंद्रित होने लगा है। उधर सभी दलों के उम्मीदवार गांव-गांव, गली-गली की खाक छान रहे हैं और समर्थकों की टोलियों के साथ जनसंपर्क में जुटे हैं। भाजपा के उम्मीदवार मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल जहां अपनी सीट बचाए रखने की जुगत में दिन रात एक किए हुए हैं। वहीं गठबंधन से कृष्णा पटेल और बसपा के प्रत्याशी मयंक द्विवेदी सत्ताधारी भाजपा से यह सीट छीनने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंके हुए हैं।

### 18 को आ सकते हैं गृहमंत्री अमित शाह



अमित शाह।

भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह का कार्यक्रम 18 मई को बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मैदान में प्रस्तावित है। सूत्रों की मानें तो गृहमंत्री श्री शाह बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को रिझाने के लिए रोड शो भी कर सकते हैं। उधर यहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की भी चर्चाएं तेज हैं, लेकिन भाजपा के सूत्र पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर अभी स्पष्ट रूप से कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। जानकारों का कहना है कि पीएम मोदी का कार्यक्रम पड़ोसी लोकसभा हमीरपुर और फतेहपुर में फाइनल हो चुका है, ऐसे में पीएम मोदी का यहां कार्यक्रम होने में संशय की स्थिति है।

## आग से भूसा व यूकेलिप्टस के 200 पौधे खाक

**नरैनी**। आग लगने से यूकीलिप्टस के 200 पौधे और तीन बीघे की फसल का भूसा जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने की आशंका व्यक्त करते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के पड़मई गांव निवासी पप्पू तिवारी ने बताया कि रविवार की दोपहर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके गाटा संख्या 145 में खेत में पड़े भूसा के ढेर में आग लगा दी, जिससे आग फैल गई और खेत मे लगे डेढ़ साल पूर्व लगाए गए यूकीलिप्टस के 200 पौधे जल गए। सूचना देने के बाद भी लेखपाल और दमकल मौके पर नही पहुंची। ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# 400 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा रचेगी इतिहास : मौर्या

## जनसभा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को सुनने के लिए जुटी भारी भीड़, कहा- नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे देश के प्रधानमंत्री

**लोकसभा चुनाव 2024**

कार्यालय संवाददाता, महोबा





मंच पर गदा लेकर मौजूद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल तथा सभा में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के संविधान को कोई खतरा नहीं है। मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाया विपक्ष अर्नगल बयान बाजी कर रहा है। इण्डिया गठबंधन के राहुल गांधी और अखिलश यादव आज देश की जनता को लोकतन्त्र और संविधान पर खतरे के नाम से बरगला रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में खतरा राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राजनीति पर है। उन्होंने कहा कि इस दफा भारतीय जनता पार्टी देश में 400 सीटों से अधिक जीत कर नया इतिहास रचने जा रही है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

डिप्टी सीएम रविवार को कस्बा चरखारी के मेला ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार फिर मोदी जी की ऐतिहसिकि जीत होगी, उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में गुंडा भूमाफिया ढूंढे भी नहीं मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस साल के अंदर देश का सवार्गीण विकास हुआ है। गरीब पक्के आशियाने में रह रहे हैं। महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलिंडर दिए जा रहे हैं। वृद्ध महिला पुरुषों को पेंशन की सुविधा दी जा रही हैं किसान जहां सम्मान निधि पाकर खासा गदगद है, वहीं दूसरी तरफ राशनकार्ड धारक को मुफ्त में खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है, जिससे लोग मोदी मोदी के नारे लगा रहे हैं। मोदी के नारों की गूंज से बौखलाए विपक्ष मोदी जी के विकास रथ को रोकना चाहता है।

- उप मुख्यमंत्री ने इंडी गठबंधन पर जमकर साधा निशाना
- सांसद प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन संविधान व लोकतन्त्र पर खतरा बताते हुए लोगों को गुमराह कर रहे हैं, जबकि खतरा लोकतन्त्र का नहीं राहुल ओर अखिलेश की राजनीति का है और जनता ने इस ठग गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने राम मंदिर के न्यौता को अस्वीकार किया है उन्हें देश की जनता अस्वीकार करेगी। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार को समाप्त करते हुए कल्याणकारी योजनाओं का एक एक रुपया बिना किसी भ्रष्टाचार के लाभार्थी के पास भेजा है। 34 लाख करोड़ रूपया पीएम किसान योजना के तहत सीधे किसान के खातों में पहुंचता है जिसमें न तो कोई बिचौलिया है ओर न ही भ्रष्टाचार है। श्री मोदी को नव युग का निर्माता बताते हुए कहा कि ऐसा नेता युगों युगों में एक बार मिलता है इसलिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए अपने प्रत्याशी को 5 लाख वोटों से जिताएं।

सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने कहा कि मोदी ने सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ हर जाति धर्म को योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। पहले कुछ ही गांवों में बिजली पहुंचती थी लेकिन मोदी एवं योगी सरकार में प्रदेश के हर गांव में समुचित और समान रूप से बिजली पहुंचाई जा रही है। बुन्देलण्ड सिंचाई व पीने के पानी के लिए मोहताज रहा है लेकिन अब हर खेत को पानी और हर घर को नल से जल पहुंचाया जा रहा है। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा यह चुनाव अखण्ड भारत के लिए चुनाव है यह चुनाव ग्राम व कस्बे का चुनाव नहीं है बल्कि देश की तश्वीर व तकदीर बदलने का चुनाव है। आज देश मजबूत हाथों में है ओर इन हांथों के और भी अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी का आशीर्वाद जरूरी है। इस अवसर पर विधायक मनीषा अनुरागी' विधायक राकेश गोस्वामी' जे०पी० अनुरागी, पूर्व राज्यमंत्री सिद्धगोपाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, अमित शर्मा, हरहिर मिश्रा, नीरज गुप्ता, भागीरथ नगायच, चक्रपाणित त्रिपाठी, लोक सभा प्रभारी संजय दुबे जयंती सिंह बुन्देला, ब्लाक प्रमुख् सीमा कुशवाहा, जयवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा आदि रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर घर घर बांटी जा रहीं मतदान की पर्ची

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मतदाता को पर्ची देते बीएलओ।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को नामित भी कर दिया है। मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का भी अधिकारियों सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए प्रेषक ने भी गांव गांव में जाकर मतदान के लिए बनाए गए बूथों का निरीक्षण भी कर लिया है। चुनाव के लिए ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों और शिक्षकों को द्वितीय प्रशिक्षण भी दे दिया गया है। इतना ही नहीं मत प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए हर घर बीएलओ के माध्यम से मतदान करने के लिए पर्चियों का वितरण भी कराना शुरू कर दिया है ।

गौरतलब है कि शहर के मोहल्ला बड़ीहाट, मकनियापुरा, भटीपुरा, हवेली दरवाजा सहित सभी मोहल्लों के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी मतदान पर्ची बांटे जाने के लिए बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है, जो घर घर जाकर मतदाताओं तक उनकी पर्ची पहुंचा रहे हैं, जिसके चलते गांव गांव में खासी चहल पहल बढ़ गई है। बीएलओ को देखते ही गांव के लोग उसे घेर कर बैठ जाते हैं अपने अपने परिवार व नाम की पर्ची ढूंढने में जुट जाते हैं।

- तेज धूप और गर्मी से बचने के लिए सुबह शाम कर रहे पर्ची वितरण का कार्य

दस मई से मतदाता पर्ची वितरण का कार्य शुरू किया गया। तीन दिन से नियमित बीएलओ अपने अपने क्षेत्र में जाकर पर्ची वितरित कर रहे हैं। योगेंद्र अनुरागी, दिलीप राठौर, ओमप्रकाश सहित तमाम शिक्षक और शिक्षामित्र व अनुदेशकों द्वारा पर्ची वितरण करने के साथ साथ मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही मतदाताओं से कहा कि मतदान केंद्र पर 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज में से एक लेकर जाना होगा, तभी मतदान कर पाएंगे, जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज आदि रहेंगे।

# सूरदास का सारा जीवन कृष्ण भक्ति में समर्पित रहा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



पूर्व पवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी।

**अमृत विचार।** कवि सूरदास हिन्दी साहित्य के सूर्य माने जाते हैं। वह जन्म से अंधे थे, लेकिन कविता में प्रकृति तथा दृश्य जगत की अन्य वस्तओं का इतना सूक्ष्म और अनुभवपूर्ण चित्रण मिलता है कि उनके जन्मांध होने पर विश्वास नहीं होता। सूरदार जी भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य उपासक 16वीं सदी के भक्ति कवि और गायक थे। सूरदास ने सनातनी धर्म की रक्षा के लिए अनेकों प्रयास किए, इस लड़ाई में भक्ति ही एकमात्र हथियार था। उन्होंने अपना सारा जीवन कृष्ण भक्ति में समर्पित कर दिया था। कवियों और लेखकों में सूरदास जी को एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

उक्त बात वीरभूमि महाविद्यालय के पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी ने रविवार को सूरदास जयंती के मौके पर जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने बताया कि महाकवि सूरदास का जन्म साल 1535 में वैशाख शुक्ल पंचमी को रुनकता नामक गांव में हुआ था। यह गांव मथुरा-आगरा मार्ग के किनारे स्थित है। उनके पिता का नाम रामदास और माता का नाम जमुनादास था, वह भी एक गीतकार थे। उन्होंने बताया कि सूरदास जी ने भगवान श्रीकृष्ण का गुणगान करते हुए सूर सारावली, सूरसागर, साहित्य लहरी जैसी महत्वपूर्ण रचनाएं की थी। धार्मिक मान्यता है कि सूरदास जी कृष्ण भक्ति सराबोर होकर वह 6 साल की उम्र में अपने पिता की आज्ञा लेकर घर छोड़ दिया था और युमना तट के गौउघाट पर रहने लगे। जब वह भगवान कृष्ण की लीला भूमि वृन्दावन धाम की यात्रा पर निकले तो उनकी मुलाकात बल्लभाचार्य से हुई और उन्हीं से कृष्ण भक्ति की दीक्षा प्राप्त की।

- महाकवि सूरदास की जयंती पर विशेष

पूर्व प्रवक्ता बताते है कि महाकवि सूरदास के भक्तिमय गीत हर किसी को मोहित करते हैं, उनकी पद, रचना और गान, विद्या की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थी। सूरदास की रचनाओं में वात्सल्य रस, शांत रस, और श्रंगार रस शामिल है। सूरदास ने अपनी कल्पना के माध्यम से कृष्ण के अदभुत बाल्य स्वरूप, उनके सुंदर रुप, उनकी दिव्यता वर्णन किया है। इसके अलावा सूरदास ने उनकी लीलाओं का भी वर्णन किया है। बताया कि सूरदास जी ने पांच ग्रंथों की रचना की, लेकिन उनकी तीन रचना ही अभी तक प्राप्त हुई है। महाकवि सूरदास जी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने काव्य में प्रयुक्त भाषा को इतना सुंदर, मधुर और आकर्षक बना दिया कि कई सैकड़ों वर्ष तक उत्तर, पश्चिम भारत की कविता का सारा राग, विराग, प्रेम, प्रतीति, भजन, भाव उसी भाषा के द्वारा अभिव्यक्त हुए हैं। उन्हें वात्सल्य रस का सम्राट माना जाता है। उन्होंने वात्सल्य रस को आधार बनाकर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी चित्रण किया। वात्सल्य रस उन्हीं की खोज है। मानुस हौं तो वही रसखान, बसौं मिलि गोकुल गाँव के ग्वारन सूरदार जी का लोकप्रिय पद माना जाता है। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 1952 को भारतीय डाक विभाग द्वारा सूरदास पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया गया है।

# तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर रविवार को थाना पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना नागेन्द्र द्वारा गठित की गई उपनिरीक्षक मलखान सिंह व हेड कांस्टेबल जीतेन्द्र सिंह व कांस्टेबल अंकित कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पुल के समीप सुरहा रोड पर ग्राम ग्योडी के पास से अभियुक्त गुलाबचन्द्र निषाद (34) को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया।

# किशोरी ने कुएं में लगाई छलांग, मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस बल । अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना अजनर के ग्राम बुधवारा में मोटरसाइकिल का साइड शीशा किशोरी से टूट जाने से माता पिता की डांट के भय से उसने कुएं में छलांग लगा दी। किशोरी के कुएं में कूदने पर आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े और पुलिस को भी सूचना दी, इसके बाद कुछ लोगों ने कुएं में उतरकर किशोरी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



प्रीती।

ग्राम बुधवारा निवासी चंद्रभान श्रीवास की बारह वर्षीय पुत्री प्रीति अपनी बड़ी बहन सुषमा के साथ घर पर खेल रही थी और उसके माता पिता बाहर गए हुए थे। खेलते समय अचानक किशोरी से बाइक का साइड शीशा टूट गया। इस घटना से दोनों बहनें बुरी तरह से सहम गईं, बड़ी बहन ने कहा कि अब माता पिता के आने के बाद तुम्हारी पिटाई होगी, जिससे छोटी बहन बुरी तरह भयभीत हो गई । बड़ी बहन के समझाने के बाद भी उसकी समझ में नहीं आया, माता पिता के डर से किशोरी दुकानों में शीशा खरीदने के लिए निकल पड़ी। गांव में छोटी छोटी दुकाने होने के कारण बाइक का साइड शीशा नहीं मिला और मायूस होकर घर की तरफ चल दी। घर के नजदीक पहुंचने पर मारपीट के डर से बुरी तरह से भयभीत किशोरी अपना आपा खो बैठी और उसने कुएं में छलांग लगा दी, तभी आसपास के ग्रामीणों ने किशोरी को कुएं में कूदते देख लिया । पुलिस के आने के बाद ग्रामीणों ने किशोरी को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष अजनर प्रदीप कुमार का कहना है कि घटना किस वजह से हुई इसकी जांच की जा रही है।

# एक क्विंटल पर दो किलो गेहूं काट रहे आढ़ती

संवाददाता, जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** मंडी समिति में आढ़तियों द्वारा किसानों को पानी पिलाने और पल्लेदारों के नाम पर एक क्विंटल में दो किलो गेहूं लेकर किसानों का शोषण किया जा रहा है, इससे अन्नदाताओं में खासा गुस्सा है। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने आढ़तियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों का शोषण तत्काल बंद किया जाए।

गौरतलब है कि एक क्विंटल गेहूं बेचने पर किसानों को क्रय केंद्रों की तुलना में सौ रुपये प्रति क्विंटल अधिक पैसा दिया जाता है, जिससे किसान क्रय केंद्रों पर न जाकर आढ़तियों के यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन आढ़तियों ने सौ रुपये ज्यादा देकर बैकडोर से किसानों का शोषण करना शुरू कर दिया है। अपनी सेवा के लिए पानी पिलाने वाले, झाड़ू लगाने वाले और पल्लेदारों के नाम पर एक क्विंटल पर किसानों से दो किलो अनाज ले लेते हैं।

- शोषण बंद न होने पर दी गई आंदोलन की चेतावनी

किसानों के हो रहे शोषण के बावत भारतीय हलधर किसान यूनियन को इसकी जानकारी मिलने पर यूनियन आग बबूला हो गया और यूनियन के जिलाध्यक्ष ने आढ़तियों को आगह किया कि आज के बाद यदि किसी भी किसान से पल्लेदार, पानी पिलाने के नाम पर उनका खाद्यान्न लिया गया तो वह सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे साथ ही इस समस्या से अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसके बाद किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ सप्ताह में सिर्फ दो दिन आ रहे अस्पताल

कार्यालय संवाददाता महोबा



जिला अस्पताल की इमारत।

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल महोबा में हड्डी रोग के मरीजों का बुरा हाल है। कारण, यहां पर स्थानांतरित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एके पुरवार के स्थान पर आए दूसरे हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कार्यभार तो ग्रहण कर लिया, लेकिन सप्ताह में मात्र दो दिन ही जिला अस्पताल में मरीजों को देखते हैं और अन्य चार दिन अपने गृह नगर में रहकर कार्य करते हैं। हालत यह है कि हाथ पैर में फ्रैक्चर होने पर मरीजों को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर, मेडीकल झांसी के लिये रेफर कर दिया जाता है।

वहीं एनेस्थीसिया डाक्टर न होने के कारण हार्निया और फोड़े फुंसी जैसे छोटे छोटे ऑपरेशन भी नहीं हो पा रहे है, जिससे मरीजों को जिला अस्पताल में कोई सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। 1997 को महोबा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जिला अस्पताल का दर्जा मिल गया था, लेकिन आज तक डाक्टरों की भारी कमी के चलते जिला अस्पताल को तमाम सुविधायों का लाभ नही मिल पा रहा है। मरीज छोटे छोटे ऑपरेशन और इलाज के लिये झांसी और कानपुर भागते है, जिससे उनका हजारों रुपये खर्च होता है। जिले के जन प्रतिनिधि भी आज तक डाक्टरों की कमी को पूरा नहीं करा सके है। करीब एक साल पहले हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग कुमार पुरवार का जिला अस्पताल से झांसी के लिये स्थानांतरण हो गया था। लेकिन उनके स्थान पर भेजे गये डॉक्टर ने पहले तीन माह तक ज्वाइन नहीं किया। इसके बाद ज्वाइन करके गायब हो गये, जिससे मरीजों को हाथ पैर फ्रैक्चर होने पर भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### एनेस्थीसिया डॉक्टर न होने से नहीं हो रहे ऑपरेशन

दो साल से जिला अस्पताल में एनेस्थीसिया डॉक्टर न होने के कारण मरीजों को ऑपरेशन से पहले बेहोशी की सुविधा न मिलने से सर्जन डाक्टर आपरेशन नही कर पा रहा है, जिससे जिले के मरीजो को आपरेशन की सुविधा नही मिल पा रही है।

### डिप्टी सीएम का आदेश बेअसर, डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाएं

जिला अस्पताल में मरीजो को धड़ल्लले से बाहर की दवायें भी लिखी जा रही है। डिप्टी सीएम और जिलाधिकारी के बाहर की दवायें न लिखने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन उसके बाद भी मरीजों को बाहर की दवाएं लिखी जाती हैं।

**अनदेखी** | पालिका प्रशासन को दुकानों से फायदा होना तो दूर बल्कि दुकानों की लागत तक नहीं निकली

# लाखों की लागत से बनीं सब्जी मंडी की दुकानें फांक रहीं धूल

कार्यालय संवाददाता, महोबा



नगर पालिका द्वारा बनाई गई दुकानें हुईं जर्जर ।



सड़क पर लगीं सब्जी की दुकानें । अमृत विचार

**अमृत विचार।** लाखों रुपये की लागत से सब्जी मंडी में बनाई गई दुकानें देखरेख के अभाव में धूल फांक रही हैं,जबकि सब्जी विक्रेता दुकानों को किराए पर न लेकर सड़क किनारे दुकानें लगाते हैं, इससे आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सालों से दुकानों पर कब्जा जमाए दुकानदार न तो दुकान का किराया दे रहे और न खाली कर रहे हैं। कुछ लोगों ने दुकानों पर अवैध कब्जा करके अपना सामान रख लिया तो कोई बकरियां बांध रहा है ।

नगर पालिका परिषद महोबा में तीन दशक पहले सब्जी मंडी परिसर में तीन दर्जन से ज्यादा दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें आधे से कम दुकानें किराए पर उठी हैं और अधिकांश दुकानें खाली पड़ी हैं, जिससे इन दुकानों की देखरेख नहीं हो पा रही है। धीरे धीरे दुकानों के फर्श उखड़ गए, शटर भी जंग खाकर टूट गईं और कई दुकानों में तो दरारें तक पड़ गई हैं। नगर पालिका ने सब्जी मंडी में लगभग तीन दशक पहले सब्जी विक्रेता व अन्य दुकानदारों को दुकानें देकर राजस्व बढ़ाने की गरज से तीन दर्जन से अधिक दुकानों का निर्माण कराया था, लेकिन नगर पालिका की उदासीनता के चलते सब्जी विक्रेताओं ने थोड़ी बहुत दुकानें किराए पर ली और तमाम सब्जी विक्रेताओं ने दुकानें किराए पर न लेकर दुकानों के बाहर और सड़क के दोनों तरफ सब्जी की दुकानें लगा रहे हैं।

### दोनों तरफ सब्जी की दुकानें लगने से लगता है जाम

**महोबा।** सब्जी मंडी से निकली सड़क के दोनों तरफ सब्जी की दुकानें लगाने से रोड सकरा हो गया है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इसका खामियाजा बाजार और सब्जी मंडी आने जाने वाले लोगों को उठाने के साथ साथ राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, बावजूद इसके पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है और न ही सड़क किनारे दुकानें लगाकर किए गए अतिक्रमण हटवाने का प्रयास कर रहा है।

# समाज सेवी लोगों को पिला रहे पानी

संवाददाता, जैतपुर महोबा




टैंकर से पानी भरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड वासियों को हर मौसम में पानी की दिक्कत से दो चार होना पड़ता हैं, लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत गर्मी के मौसम में उठानी पड़ती है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही बुन्देलखण्ड की धरती पर पीने के पानी को लेकर संकट न गहराए ऐसा कभी नहीं हुआ है। इस पानी के संकट को देखते हुए जिले के कई समाजसेवी लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कहीं टेंकरों से पानी की सप्लाई करा रहे है तो को कई लोगों के प्याऊ खोलकर पानी पिला रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड जैतपुर के कस्बा बेलाताल पेयजल की इस पानी के संकट की घड़ी में एक समाजसेवी लोगों के लिए एक अच्छे सारथी बनकर सामने आए है। वह अपने स्वयं के खर्चे से विगत 13 वर्षो से लोगों के घर घर निःशुल्क पानी टेंकर खामोश अभियान चला रहें है।

जैतपुर बेलाताल के लोग, इंदपाल रिछारिया द्वारा इसे सराहनीय कार्य की तारीफ़ की जा रही है। लोगों का कहना है कि समाजसेवी ने जैतपुर और बेलाताल कस्बों में समाज सेवा करने की नई मिसाल पेश की है। एक और जहां स्थानीय नेता अपनी नेतागिरी में मस्त है और गरीब जनमानस जनता, पीने के पानी को लेकर परेशान, वही ऐसे में समाजसेवी पानी का टेंकरों को घर घर भेजकर जनता की सेवा कर रहे हैं। मई की भीषण गर्मी में सुबह, दोपहर एवं शाम हर वार्ड में घर घर जाकर टेंकर के माध्मय से नियमित पानी पहुचाना समाजसेवी के एक अभियान बना हैं।

- इस पुनीत कार्य की कस्बा वासी कर रहे तारीफ

कस्बा वासियों ने बताया कि वह पूरे वर्ष इसी जज्बे के साथ कन्याओ की शादी, धार्मिक व अन्य कार्यक्रमों में निशुल्क पानी पहुंचाकर जनता की सेवा करने में जुटे हुए हैं। बताया कि समाजसेवी द्वारा 40 हजार की आबादी वाले कस्बे में जो मुहिम छेड़ी गई है वह हर किसी के बस की बात नहीं है। समाजसेवी द्वारा पांच लाख रुपये की लागत से रामलीला के कलाकारों के लिए मंच का भी निर्माण कराया गया है।

# गैरहाजिर दो संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त

## राजकीय महाविद्यालयों में दो पालियों में दिया गया मतदान कार्मिकों और अधिकारियों को प्रशिक्षण

- अनुपस्थित छह कर्मियों में चार ने दिया अस्वस्थता का प्रमाण
- दो अन्य कर्मचारी बिना कारण बताए गैरहाजिर रहे



ईवीएम वीवीपैट मशीनों का प्रशिक्षण लेते मतदान कर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा एवं राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में ड्यूटी में लगाए गए पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारियों का दो पालियों में प्रशिक्षण हुआ।

दो पालियों में कराए गए प्रशिक्षण में प्रत्येक में 288 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाना था। जिसके प्रथम पाली में 287 एवं द्वितीय पाली में 283 कार्मिक उपस्थित हुए। अनुपस्थित रहे छह मतदान कार्मिकों में चार अस्वस्थ होने के कारण एवं दो कर्मियों (संविदा कर्मी) के बिना कारण अनुपस्थित रहने पर उनकी सेवाएं समाप्त करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिए। कार्मिकों को पोलिंग बूथों में सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से मतदान सुनिश्चित कराने को सघन प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षक आदि द्वारा मतदान संबंधी दायित्वों की सम्यक जानकारी दी गई तथा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान कार्मिकों को ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्मिकों को अपने नियत समय के 30 मिनट के पूर्व अपने स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

## मतदाताओं को पर्चियां देने का कार्य जारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासन ने शत-शत मतदान के लिए हर स्तर पर व्यापक रणनीति के तहत जागरूकता व प्रचार अभियान शुरू किए है। तहसील क्षेत्र में जो मतदाता अपने घरों से बाहर मजदूरी या अन्य कार्यों से बाहर हैं। उन्हें मतदान के दिन मतदान करने के लिए बुलावा पर्चियों के अलावा मोबाइलों से मैसेज और अन्य सभी वह तरीके अपनाए जा रहे हैं। जिससे वह अपने घरों में मतदान के दिन लौट आए और मतदान कर अपना कर्तव्य पूरा करें।

सामान्य मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची देने का अभियान भी शुरू कर दिया गया जो चार दिन में पूरा होना है। उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र की अध्यक्षता में शुरू किए गए इस अभियान के संबंध में तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बताया कि तहसील क्षेत्र में दो विधान सभाओं का क्षेत्र है। इसमें राठ विधानसभा क्षेत्र का 97 बूथ मौदहा तहसील में हैं। जिनमें 98166 मतदाता हैं। वहीं हमीरपुर सदर विधानसभा के 178 बूथ तहसील में हैं, जिनमें 173183 मतदाता है। इन सबको बीएलओ के माध्यम से पर्चियां देकर वितरित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया कि जो मतदाता अपने घरों से बाहर है और उनके घरों में ताले लगे हैं। ऐसे घरों का पहले ही सर्वेक्षण कर लिया गया है। जिनकी संख्या तहसील क्षेत्र में 8944 है। इन्हें बुलाने के हर उपाय किए जा रहे हैं। वहीं मतदाता जागरूकता के अभियान में पोस्टर, पंपलेटों को वाहनों में लगाने, रैली व अन्य क्रियाकलापों से जागरुकता का कार्य लगातार जारी है।



बीएलओ को मतदाता पर्चियां देते अधिकारी। अमृत विचार

## बहनों ने लगाया मकान पर कब्जा करने का आरोप

- पीड़िताओं ने कोतवाली में चाचाओं के खिलाफ दी तहरीर
- कहा, मां की तेरहवीं के बाद दी थी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम अरतरा में अपनी भाभी के मरते ही भतीजियों के मकान पर ताला डाल दबंग चाचाओं ने कब्जा कर लिया है जिस पर पीड़ित तीनों बहनों ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए दबंग चाचाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कानपुर देहात के ग्राम सरवन खेड़ा निवासी गीता बेवा गंगाराम व जहांगीराबाद निवासी ममता पत्नी माता दीन तथा ग्राम माचा निवासी सुमन पत्नी लल्लू ने कोतवाली में तहरीर दी है कि उनकी मां गंगिया बेवा गंगादीन ने अपने जीवन काल में ही अपनी चल व अचल संपत्ति उपर्युक्त पुत्रियों के नाम कर दी थी। बीते 25 अप्रैल 2024 को उनकी मां गंगिया की मौत हो गई। जिस पर वह तीनों बहनें मिलकर अपनी मां की तेरहवीं का खर्च उठाना चाहती थी। लेकिन उनके चाचा रामखेलावन व तेजवा ने दान पुण्य की भावना प्रकट करते हुए अपनी भाभी की तेरहवीं में खर्च का जिम्मा खुद ले तेरहवीं का कार्यक्रम संपन्न कराया। लेकिन जब 11 मई को वह तीनों बहनें अपने घर में ताला



डाल अपनी ससुराल जाने लगी तो दबंग चाचा रामखेलावन व तेजवा ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि जब तक तुम्हारी मां जिंदा थी। तब तक तुम्हारा सब कुछ था, अब तुम्हारा यहां कुछ नहीं है। अगर दोबारा अरतरा में तुम लोगों ने कदम रखा तो तुम्हारी लाशें ही यहां से जाएंगी। तीनों बहनों ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए अपने दबंग चाचाओं के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। वही यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## गिरि बाबा समाधिस्थल पर शतचंडी यज्ञ 21 से

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव के हिम्मत गिरि बाबा समाधि स्थल में 21 से 28 मई तक विशाल शतचंडी यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यज्ञ के दौरान श्रीमद्भागवत कथा, रामलीला और संत प्रवचन होंगे। यज्ञ परिसर में मेला भी लगेगा।

गांव वालों के सहयोग से हो रहे आयोजन के पीछे लोक कल्याण की भावना के साथ महान संत हिम्मत गिरि बाबा के प्रति आस्था व्यक्त करना भी है। जिस स्थान पर यज्ञ हो रहा है वह स्थान सैकड़ों वर्षों से हिम्मत बाबा के नाम से जाना जाता है। वहां बाबा की समाधि है। मान्यता है कि हिम्मत बाबा की अनुकंपा से ही गांव में ओलावृष्टि आदि से सुरक्षा होती आई है। बाबा के प्रति सच्ची आस्था रखने वाले कभी निराश नहीं होते। इसलिए यह स्थान जन जन की अगाध आस्था का केंद्र बना हुआ है। ईश्वर की प्रेरणा से लोगों के मन में भाव जगा तो यज्ञ का विशाल आयोजन हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार 21 से 27 मई तक यज्ञ का अनुष्ठान चलेगा। इसी दौरान वृंदावन के कथा व्यास बाल योगी रोहित कृष्ण शास्त्री भागवत पुराण कथा श्रवण कराएंगे। 25 से 27 मई तक श्रेष्ठ कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।

## सपा नेता ने भाजपा चेयरमैन को दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सपा नेता ने शराब के नशे में धुत होकर नगर पंचायत अध्यक्ष को फोन कर गाली गलौज की और दरवाजे पर पहुंचकर असलहों का प्रदर्शन कर जान से मारने की धमकी दी। पंचायत अध्यक्ष ने रात में ही पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके सपा नेता को गिरफ्तार करके शांति भंग में चालान किया है।

कस्बे की ऊंछाथोक निवासी योगेंद्र सिंह उर्फ भूरे सिंह चंदेल सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हैं। बीती रात करीब 10:00 बजे वह शराब के नशे में धुत होकर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे को फोन किया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसका ऑडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके बाद यह स्टेशन मार्ग स्थित नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर जा धमका और असलहों का प्रदर्शन करते हुए गाली गलौज करके गोली से उड़ा देने की धमकी दी। इसके बाद वह वहां से चला गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने रात में ही थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी सपा नेता को गिरफ्तार करके शांति भंग में न्यायालय भेजा गया है। चर्चा है कि आरोपी का बड़ा भाई भी नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था। उस दौरान इनका कोई समझौता हुआ था। शायद उसी को लेकर यह स्थित उत्पन्न हुई है।

# अब 16 की जगह 17 मई को आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में फेरबदल कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री 16 की जगह 17 मई को कस्बा राठ स्थित बीएनवी इंटर कॉलेज में आकर भाजपा प्रत्याशी की चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की रैली को देखते हुए प्रशासन व्यवस्था में जुटा है।



भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 16 मई को कस्बा राठ के बीएनवी इंटर कॉलेज मैदान में रैली प्रस्तावित थी। जिसमें फेरबदल हुआ है। अब यह रैली 17 मई की दोपहर 12:30 बजे होगी। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की और सभी को जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रधानमंत्री की रैली को सफल बनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पहली बार हमीरपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। यहां की रैली व उनके लिए यादगार होनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ क्लस्टर व इंचार्ज एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला प्रभारी देवेश कोरी, विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र पांडेय, संयोजक रामहेत राजपूत, डा.उमाकांत राजपूत रैली स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। तैयार हो रहे हैं चार हेलीपैड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कस्बा राठ के बीएनवी डिग्री कॉलेज मैदान में तीन हेलीपैड व इंटर कॉलेज के पीछे मैदान में एक हेलीपैड बनाया जा रहा है। वहीं इंटर कॉलेज मैदान की बाउंड्री तोड़कर सफाई कराई जा रही है। जिले के आलाधिकारी भी प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर अलर्ट हैं।

## अवैध शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**मौदहा।** कोतवाली के अलग-अलग दो स्थानों पर 40 लीटर अवैध शराब बिक्री के लिए ले जाने की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि ढीहा डेरा गांव निवासी राजेश कुमार पिपिया में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर पढोरी चौकी इंचार्ज ने मौके पर पहुंच गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह नरायच गांव निवासी इमरान पुत्र इनायत मदारपुर मोड पर 20 लीटर कट्टी में कच्ची शराब बिक्री के लिए लिए खड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक को दबोच लिया और अवैध कच्ची शराब सहित कोतवाली ले आए। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध अवैध मादक पदार्थों के बिक्री अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व सैनिक की पुत्री का सहायक प्रबंधक के पद पर चयन

**राठ (हमीरपुर)।** पूर्व सैनिक की पुत्री का पहली बार में आईडीबीआई बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर चयन होने पर कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिजनों ने मोहल्ले में मिठाई बांटकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मझगवां थाने के मल्हेटा गांव निवासी केशव सिंह परिहार ने बताया कि उसके छोटे भाई पूर्व सैनिक धीरज सिंह परिहार की पुत्री वसुंधरा परिहार उनके पास लखनऊ में रहकर तैयारी कर रही थी। बताया कि उसकी भतीजी का आईडीबीआई बैंक में प्रथम वर्ष में ही सहायक प्रबंधक के चयन हुआ है। बताया कि 2019 में सेठ छोटेलाल एकेडमी से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। 2022 में स्नातक की परीक्षा अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय से की थी। वसुंधरा की मां गृहणी है। भाई यशवर्धन परिहार भी लखनऊ में ताऊ के यहां रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा है। युवक के चयन पर स्वजनों व कस्बा वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



वसुंधरा। अमृत विचार

### चार दिन बाद भी नहीं हो सकी अधेड़ के शव की शिनाख्त

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के गिरवर गांव के पास स्थित जंगल में चार दिन पहले एक अधेड़ का शव मिला था। मझगवां पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए सीएचसी में रखवा दिया था। पुलिस द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गौरतलब है कि गुरुवार की दोपहर गिरवर गांव की कुछ महिलाएं जंगल में स्थित भैरव बाबा के मंदिर में पूजा करने के लिए गई हुईं थी। उसी दौरान मंदिर के पास झाड़ियों में पडे अधेड़ को देख कर सनसनी फैल गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सीएचसी में रखवा दिया था। थानाध्यक्ष मझगवां ने बताया कि जंगल में पड़ा होने और तेज धूप के कारण मृतक का शरीर काला पड गया था। बताया कि काफी प्रयास करने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**मौदहा।** विश्व की नर्सों के लिए आदर्श बन चुकी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिन को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में कस्बे की सरकारी अस्पताल में अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा सेवा के रूप में देने वाली पीवाई मसीह रही। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग अधिकारी उमेश कुमार और सूरज कुमार ने किया। इस दौरान समस्त नर्सिंग स्टाफ और सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

### युवक पर नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया

**मौदहा (हमीरपुर)।** नाबालिग बालिका को जबरिया अपने साथ ले जाने पर पीड़ित मां ने कोतवाली में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को मुस्करा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इमिलिया गांव निवासी धीरेंद्र जबरन अपने साथ ले गया। जिसकी बहुत तलाश करने के बाद भी पुत्री नहीं मिल सकी। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में युवक हुआ लहूलुहान

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल होकर लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की शाम भुगैचा गांव निवासी अवधेश कुमार पाल 48 पुत्र रजवा सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुरानी रंजिश में युवक का सिर फोड़ा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम विदोखर में चार युवकों ने एक युवक को रास्ते में रोककर जमकर मारा पीटा। पुलिस ने युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। विदोखर पुरई निवासी महेंद्र कुशवाहा ने बताया कि वह बीती रात गांव में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर वापस घर लौट रहा था। तभी गांव निवासी प्रिंशु सिंह, भूरा सिंह, अंकुर सिंह परिहार, राहुल खंगार ने पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में रोककर गाली गलौज करके लाठी मारकर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके पीड़ित को डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

### युवक ने लगाई फांसी, महिला ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग गांवों में एक युवक ने फांसी लगाकर तो दूसरी महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। दोनों गंभीर हालत में उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किए गए है। कोतवाली के धनौरी गांव निवासी विनोद (35) पुत्र हरीराम ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फांसी लगा ली। परिजन आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। उधर कोतवाली क्षेत्र के कुम्हारिया गांव निवासी नसीवन (40) पत्नी मोहम्मद खान ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

### करंट से झुलसे चाचा को बचाने गई भतीजी भी झुलसी

**राठ।** करंट की चपेट में आए चाचा को बचाने गई भतीजी भी करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चाचा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाली के कैथी गांव निवासी 28 वर्षीय मंगल कूलर का तार लगा रहा था, तभी करंट की चपेट में आ गया। चाचा को चिपका देख जब 8 वर्षीय भतीजी सोनम बचाने गई तो वह भी झुलस गई। परिजन इलाज के लिए दोनों को सीएचसी ले गए। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि मंगलवार की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

# महिला से चौकी इंचार्ज ने की अभद्रता

- पुलिस रिकार्ड में 10 मई को बाहर थे चौकी इंचार्ज

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** चंद्रपुरवा बुजुर्ग की एक महिला ने फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज पर चौकी में बुलाकर अभद्रता करने का आरोप लगाकर मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है जबकि पुलिस ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि महिला का आरोप निराधार है।

चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी कुरैशा ने गत 4 मई को गांव निवासी अनीस आदि के खिलाफ शिकायती पत्र पुलिस को दिया था। पुलिस ने जांच में पाया कि मामला गत वर्ष 26 नवंबर का है। रास्ते में मिट्टी पड़ी होने से शिकायतकर्ता के पुत्र हुसैन की बाइक फिसल गई थी। इस पर हुसैन ने रात में अनीश के साथ गाली-गलौज की थी।

इसी तरह गत 3 मार्च को हुसैन ने गाली गलौज करने की सूचना पुलिस को दी थी। जांच में मामला फर्जी पाया गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग में न्यायालय भेजा था। पीडिता का आरोप है कि गत 10 मई को चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने उसे चौकी पर बुलाया और अभद्रता की। जबकि सरकारी अभिलेखों के अनुसार अपहरण के एक मुकदमे की जांच में चौकी इंचार्ज 10 मई को चौकी से बाहर थे और रात करीब 12 बजे थाने में वापसी हुई थी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने शिकायतकर्ता के आरोप को निराधार एवं मनगढ़ंत बताया है। पुलिस का कहना है कि आवेदिका दबाव बनाने के लिए झूंठे आरोप लगा रही है।

### घर मे घुसकर युवती से की छेड़खानी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बीती रात क्षेत्र के एक गांव में घर के अंदर खाना बना रही युवती को पड़ोसी युवक ने पीछे से दबोच कर अश्लील हरकते की। उसके शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस मामले की जांच के लिए गांव गई है। क्षेत्र के एक गांव की युवती का आरोप है कि वह शनिवार को रात करीब 8:00 बजे घर पर खाना बना रही थी। मां शौच के लिए बाहर गई थी। तभी पड़ोसी युवक घर में घुस आया और उसको पीछे से पकड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा। तभी मां आ गई। तो युवक मां के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। रविवार को युवती ने युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस मामले की जांच के लिए गांव गई है।

## पति के खिलाफ दी कोतवाली में तहरीर

**मौदहा।** क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति के अत्याचारों से तंग आकर कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम मदारपुर निवासी संगीता पत्नी बबलू निषाद ने कोतवाली में तहरीर दी है कि पति बबलू का चाल चलन ठीक न होने के चलते उसने जमीन गिरवी रख दी है और वह घर में खाने-पीने की व्यवस्था भी नहीं करता। उल्टा उसके व तीन बच्चों के साथ मारपीट करता है। बीते 11 तारीख को बबलू ने संगीता व बच्चों को घर में जमकर मारा पीटा और मायके से रुपये व अनाज न लाने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। संगीता ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## झांसी पुलिस पर लगाया फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप

- सीओ कार्यालय में ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र के अतरौली गांव निवासी करीब तीन दर्जन ग्रामीणों ने सीओ कार्यालय में प्रार्थनापत्र दिया है जिसमें झांसी पुलिस पर आरोप है कि अज्ञात वाहन से गांव के व्यक्ति व धगवां गांव की महिला को पकड़ कर ले जाया गया। दो दिन बाद अवैध असलहा फैक्ट्री लगाकर कोर्ट भेज दिया है।

रविवार को क्षेत्र के अतरौली गांव निवासी जागे, कंधीलाल, ग्राम प्रधान चंद्रभान, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जीतू राजपूत, उदयभान, शिवकुमार, पूरन सिंह, गुलजारी लाल सहित लगभग तीन दर्जन ग्रामीणों ने सीओ कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गुरुवार को गांव निवासी मंगल सिंह पुत्र जागेश्वर ट्रैक्टर से लकड़ी लेकर जा रहा था। तभी बोलेरो से पांच लोग आए और रास्ते में गाड़ी खड़ी कर ट्रैक्टर को रोका और मारपीट की, साथ में धगवां गांव की एक महिला के साथ मारपीट कर जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले गए। जानकारी होने पर थाना पहुंचे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को जानकारी मिली कि मंगल को पूंछ थाना जनपद झांसी से अवैध असलहा फैक्ट्री लगाकर झांसी कोर्ट भेज दिया। जबकि वास्तविक पकड़ गांव से हुई है।

## विवाद को लेकर फावड़े से किया हमला, तीन घायल

**राठ।** कोतवाली के नौहाई गांव में मामूली विवाद के चलते युवक ने फावड़े से हमला कर तीन लोगों को मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली गांव निवासी रामश्री पत्नी महेंद्र ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले कृष्णा पुत्र बृजेंद्र अपने घर में नल लगवाने को लेकर विवाद हो गया।

इसी दौरान आरोपी उसे गाली देने लगा। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो कृष्णा ने फावड़े से हमला कर उसे मारने पीटने लगा। मारपीट होती देखकर जब उसके पति महेंद्र और पुत्र रोहित उसे बचाने के लिए दौड़े तो आरोपी ने उसके पति और पुत्र पर भी फावड़े से हमला कर मारपीट कर दी। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

शाबाश बच्चे | मां गीता माहेश्वरी इंटर कॉलेज में हुआ परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन

# विद्यालय में स्थान पाने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मां गीता माहेश्वरी इंटर कॉलेज में सत्र 2023-24 की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मौजूद जूनियर विद्यालय ऊंछा थोक के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने बच्चों को निरंतर परिश्रम करते रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने स्थान प्राप्त न कर पाने वाले विद्यार्थियों को निराश नहीं होने तथा अगले वर्ष समुचित परिश्रम के बल पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने की प्रेरणा दी। कक्षा 6 में बालिकाओं में अंशिका ने 85.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, बालको में आदित्य ने 84.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा सप्तम में अंजली सैनी ने 87.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम तथा छात्रों में रावेंद्र पाल ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में छात्राओं में 86.9 प्रतिशत अंक उन्नति और छात्रों में धीरेंद्र कुमार 86.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम रहे। माध्यमिक में कक्षा नवम में मंदाकिनी ने 91.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम व छात्रों में 87.8 प्रतिशत अंकों के साथ लोकेन्द्र प्रथम रहे। कक्षा 11 में छात्राओं में महक कुमारी 99.1फीसद अंकों सहित प्रथम व छात्रों में वीरेंद्र कुमार ने 95 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन अनिल पालीवाल, हृदयेश द्विवेदी, अरविन्द श्रीवास्तव, संतोष धुरिया (पूर्व सभासद), नईम अख्तर (पूर्व सभासद) राजू शुक्ला सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रबंधक डा.आलोक पालीवाल ने सभी को शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य भारत प्रसाद ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नसीम खान, राकेश सोनी, राकेश प्रजापति, कुलदीप अवस्थी, अनुराग तिवारी, आत्मा देवी, रामदुलारी, ज्योति, पूनम, राजेश सेंगर, आजम खान, सुनील सहित समस्त स्टाफ व सैकड़ों छात्र/छात्राएं, अभिभावक मौजूद रहे।



मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार



मेडल व प्रमाणपत्र दिखाती मेधावी छात्र छात्राएं। अमृत विचार

# पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में किया जाए मॉकपोल

## जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में मतदान कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए रविवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के लेब थियटर में चल रहे दो पालियों में 600 मतदान कार्मिकों द्वितीय प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने में मतदान कार्मिक दल मुख्य धुरी होते है। त्रुटि रहित मतदान करने में मुख्य रोल मतदान दल का होता है, इसलिए प्रशिक्षण के दौरान भली भांति निर्वाचन प्रक्रिया को समझ लें।

निर्वाचन में मतदान के महत्वपूर्ण कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी कार्मिक मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में एवं ईवीएम मशीन सहित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि जिस किसी मतदान कार्मिक को मतदान प्रक्रिया के संबंध में कोई प्रश्न या जानकारी लेनी हो तो अवश्य ही अपनी सभी समस्याओं का समाधान कर लें। उन्होंने कार्मिकों को मॉकपोल के समय विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉकपोल पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में किया जाए, अगर पोलिंग एजेंट निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो 15 मिनट इंतजार करने के पश्चात जोनल या सेक्टर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मॉकपोल करना सुनिश्चित करेंगे, मॉकपोल करने के समय यह ध्यान में रखा जाए कि सभी प्रत्याशियों के साथ नोटा को भी वोट डाला जाए, उसके बाद कार्मिक सीआरसी करना न भूलें। प्रशिक्षण दौरान पीठासीन अधिकारियों के कार्य, मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी के कार्यों, ईवीएम संचालन प्रक्रिया सहित मतदान के समय मतदाता की बांई हाथ तर्जनी उंगली पर स्याही का निशान अवश्य लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता के इपिक कार्ड के अतिरिक्त मतदाता द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 12 विकल्प के फोटोयुक्त पहचान पत्रों के लाये जाने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन कोई भी व्यक्ति बूथ के अंदर मोबाइल फोन व वीडियो, फोटो कैमरा आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों रवाना होने के दिन समय से कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में पहुंचे उस दिन उपलब्ध कराई गई सामग्री का मिलान अवश्य करें, सामग्री प्राप्त होने के बाद निर्धारित वाहन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हों।



ईवीएम, वीवीपैट का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

### ईवीएम व वीवीपैट का किया निरीक्षण

उरई (जालौन)। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल कराने के लिए कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट के कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इस कार्य के लिए ड्यूटी में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मास्टर ट्रेनरों ने दी तकनीकी जानकारी

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा संपूर्ण मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम मशीन के संचालन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मॉकपोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट तथा विभिन्न प्रपत्रों को तैयार किये जाने एवं मशीन सीलिंग किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के द्वारा पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी के माध्यम से मतदान करने के लिए बनाए गए पोस्टल बैलेट काउंटरो का निरीक्षण करते हुए उपस्थित कार्मिकों से मतदान कराए जाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए व्यवस्थित रूप से कार्यों को सम्पादित कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम दिनेश यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- चेक लिस्ट, मॉडल लेआउट की दी जानकारी

# कालपी के 467 बूथों में 4 लाख मतदाता डालेंगे वोट

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन तथा बीआरसी केंद्र कालपी के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। कालपी विधानसभा क्षेत्र के 3 लाख 99 हजार 564 मतदाता आगामी 20 मई को मतदान केंद्रों में वोट की चोट करेंगे।

कालपी विधानसभा क्षेत्र में 467 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें कालपी तहसील के 320 तथा जालौन तहसील के 147 पोलिंग बूथ शामिल है। बीआरसी केंद्र कालपी के प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 16 हजार 472 पुरुष तथा 1 लाख 83 हजार 75 महिला मतदाता एवं 13 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। कुल 3 लाख 99 हजार 564 मतदाताओं में पुरुष 54.18 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 45.82 प्रतिशत हैं। जबकि 01 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाता हैं। तहसीलदार अभिनव शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक समस्त 467 पोलिंग बूथों का निरीक्षण करके बिजली आदि की जानकारी ली।

### 139 माइक्रो ऑब्जर्वरों का किया रैंडमाइजेशन

उरई (जालौन)। सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गावंडे केशोराव व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एनआईसी कक्ष में द्वितीय माइक्रो ऑब्जर्वर का रैंडमाइजेशन किया। रैंडमाइजेशन के माध्यम से 125 केंद्र पर विधानसभा क्षेत्र वार माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए। साथ ही 10 प्रतिशत माइक्रो आब्जर्वर रिजर्व किए गए। कुल 139 माइक्रो ऑब्जर्वरों का रैंडमाइजेशन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि 139 माइक्रो आब्जर्वर को राजकीय मेडिकल कॉलेज में 16 मई 2024 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीप निगम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चचेरी बहन को नदी में धकेला, मौत

- दो दिनों तक गुमराह करता रहा आरोपी
- आरोपी की निशानदेही पर पहुज नदी से शव बरामद

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां परिवार के भाई ने नाबालिग बहन को नदी में धक्का दे दिया। इससे नदी में डूबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गोताखोरों की मदद से शव को ढूंढ निकाला। घटना से गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही हैं।

पूरा मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के करमरा गांव का बताया जा रहा है। इसी गांव के निवासी के घर के पड़ोस में रहने वाले परिवार के ही नरेश पाल का रोजाना आना-जाना रहता था। शुक्रवार को यहां के निवासी की नाबालिग बेटी गायब हो गई, परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। उधर, परिजनों ने माधौगढ़ थाने में तहरीर दी और नरेश के बेटे शिवकुमार पर नाबालिग को ले जाने का आरोप लगाया।

इधर, पुलिस तक बात पहुंचने पर शिवकुमार गायब हो गया। इससे उस पर शक हो गया और पुलिस ने तलाश शुरू की। रविवार को पुलिस ने शिवकुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने नदी में फेंक कर हत्या करने की बात कबूली। आरोपी ने यह भी कबूला कि किसी को शक न हो इसलिए वह दो दिन तक मृतका के परिजनों के साथ ढूंढता रहा। आरोपी शिवकुमार ने बताया कि वह रोज मृतका के घर जाता था 11 मई को वह नाबालिग को घूमाने के लिए पहुज नदी किनारे ले गया। यहां किसी बात को लेकर आरोपी ने नाबालिग को नदी में धक्का दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### गोताखोरों ने नदी से निकाला शव

पुलिस आरोपी शिव कुमार को लेकर घटनास्थल पहुज नदी के किनारे पहुंची, और आरोपी शिवकुमार की निशानदेही पर गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से नाबालिग के शव को नदी से ढूंढ निकाला।

# कालपी अग्निशमन केंद्र प्रभारी को जालौन का अतिरिक्त प्रभार

**कालपी (जालौन)।** अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी महेंद्र प्रकाश बाजपेई को रिक्त चल रहे अग्निशमन केंद्र जालौन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार अग्निशमन केंद्र जालौन का प्रभार संभाल रहे जमुनादास का 30 अप्रैल 24 को शासकीय सेवा से रिटायरमेंट हो गया। इसलिए यह पद 12 दिनों से खाली चल रहा था। इन दिनों आगजनी की घटनाएं भी खूब हो रही हैं।



महेंद्र प्रकाश

# आज जालौन में सभा करेंगे उप मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे केन्द्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा के पक्ष में सभा करने के लिए सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उरई आएंगे। यहां स्व. बहादुर सिंह महाविद्यालय में दोपहर 1 बजे जनसभा होगी। उप मुख्यमंत्री के साथ लोकसभा प्रभारी मदन पांडेय, लोकसभा संयोजक श्याम सिंह सिसोदिया, विधानसभा प्रभारी रानू दिवोलिया, विधानसभा संयोजक राजकिशोर गुप्ता के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित भी जनसभा को सम्बोधित करेंगी। सभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है, कार्यकर्ता लोगों से मिलकर सभा में पहुंचने का अपील कर रहे हैं।



सभा के लिए तैयार किया जा रहा पांडाल।

## सार-संक्षेप

### हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**उरई जालौन।** ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन ऑल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामशरण झा ने बढ़ती उम्र और बीमारी के चलते अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। वे कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम फुलैला के निवासी हैं। त्यागपत्र की प्रति उन्होंने अपने पुत्र के माध्यम से एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनीराम को भेज दिया है। जो उत्तराखंड प्रांत हरिद्वार के रहने वाले है। पिछले पांच वर्षों से बीमार चल रहे रामशरण झा का हाल जानने के लिए शनिवार को ऑल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के आगरा मंडल अध्यक्ष विनोद अत्री, आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष विनय प्रकाश भारती, ग्राम फुलैला पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष के स्वस्थ्य होने की कामना की। गौरतलब है कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष रामशरण झा संगठन के साधारण सदस्य बनकर अपना घर परिवार छोड़ कर सरकार की सीएचडब्ल्यू योजना से वर्ष 1977 में जुड़ गए थे। उक्त संगठन देश भर में हर गांव में सदस्य बनाकर ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कराने का कार्य करता है।

### जिलाबदर तमंचा के साथ गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** 6 माह के लिए जिलाबदर आरोपी को गांव में खुलेआम घूमना भारी पड़ गया। थाना आटा पुलिस ने घेराबंदी करके जिलाबदर आरोपी को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार करके जेल भेज है। जानकारी के अनुसार अपराधिक क्रियाकलापों में लिप्त रहने पर जिलाधिकारी जालौन के द्वारा आरोपी रंजीत पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम उकासा थाना आटा को दिनांक 19 फरवरी 24 को 6 माह के लिए जिलाबदर घोषित करने के आदेश जारी किए थे लेकिन आरोपी के क्षेत्र में खुलेआम घूमने की खबर पुलिस को मिली। बीती रात को आटा थाना उपनिरीक्षक अतुल कुमार दलबल सहित गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम उकासा पुलिया के पास आरोपी रंजीत को दबोच लिया। तलाशी में रंजीत के पास से एक तमंचा 315 बोर तथा कारतूस बरामद किया।

### मारपीट में दो महिलाएं घायल

**कालपी( जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लुहरगांव में दो पक्षों में मारपीट की घटना हो गई। मारपीट के दौरान दो महिलाएं भी घायल हो गई, जिसमें गर्भवती महिला की हालत खराब होने पर कालपी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां हालत ज्यादा गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय उरई के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम लुहरगांव में किसी बात को लेकर दो पक्षो में कहा सुनी हो गई। देखते ही देखते दोनो पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे, विवाद के दौरान दो महिलाएं भी घायल हो गई। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया।चिकित्साधिकारी डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि 23 वर्षीय घायल महिला संध्या पत्नी कल्लू निवासी ग्राम लुहरगांव गर्भवती थी। चोट की वजह से उसकी ब्लीडिंग शुरू हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर महिला को जिला चिकित्सालय उरई के लिए रिफर कर दिया गया। वही दूसरे पक्ष से 17 वर्षीय दिव्या पुत्री परशुराम भी चुटहिल हो गई। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते पत्रकार। अमृत विचार

### पत्रकार प्रदीप त्रिपाठी का निधन, दी श्रद्धांजलि

**उरई।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बीते 1 वर्ष से जूझ रहे एक न्यूज चैनल के जिला संवाददाता प्रदीप त्रिपाठी का शुक्रवार शाम को निधन हो गया। उनके निधन पर आज जनपद जालौन की प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उरई के गांधी चबूतरे पर एकत्रित हुए पत्रकारों ने कैंडल जलाकर त्रिपाठी की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, डिस्ट्रिक प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष मनोज राजा, अजय श्रीवास्तव, अलीम सिद्दीकी, संजय गुप्ता, आविद नकवी, अनुज कौशिक, विनय गुप्ता, श्यामबिहारी शिवहरे, महेश प्रजापति, महावीर याज्ञिक, नितिन याज्ञिक, आशीष शिवहरे, ओमप्रकाश राठौर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# एक नंबर की दो गाड़ियां मिलीं विभाग ने दर्ज करवाया मामला

**उरई, जालौन।** एक ही नंबर की दो गाड़ियां मिलने पर परिवहन विभाग ने मामला दर्ज करवाया है। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम दल को निरीक्षण के दौरान एक ही नंबर की दो गाड़ियों की जानकारी मिली।

इस पर कार्रवाई के तहत वाहन स्वामी अजय कुमार पुत्र रक्षा पाल सिंह एवं वाहन ड्राइवर मनोज के विरुद्ध नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट लगाकर संचालित करने एवं अन्य के सम्बन्ध में थाना कोतवाली डकोर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी। परविहन विभाग के अधिकारियों द्वारा एक ही नम्बर के दो वाहन, एक वाहन थाना डकोर व एक वाहन कोतवाली जालौन में निरुद्ध किया गया। यह तथ्य संज्ञान में आया कि एक ही नम्बर प्लेट के दो वाहनों को अलग-अलग थाना, कोतवाली में निरुद्ध है, जिसकी जांच की गयी व फर्जी नम्बर प्लेट वाले वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन स्वामी व चालक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। चूंकि उक्त वाहन का चालक वाहन स्वामी की मिली भगत से वाहन पर मैनुअल फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर वाहन का संचालन करता था।

इस प्रकरण में थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक डकोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बता दें कि जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जनपद में बिना नम्बर प्लेट, धुंधली नम्बर प्लेट, क्षतिग्रस्त नम्बर प्लेट, ग्रीस मिट्टी लगी नम्बर प्लेट, कपड़ा बंधी नम्बर प्लेट, पंजीयन अंक छुपी प्लेट व बिना हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) नम्बर प्लेट लगाए संचालित हो रहे वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश जारी किए थे।

# सपा प्रत्याशी के पक्ष में बजरिया, गणेशगंज में मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर के निर्देशन में रविवार को जिला मुख्यालय उरई के वार्ड नंबर 27 गणेशगंज, मोहनपुरा बजरिया में गरौठा भोगनीपुर के गठबंधन से समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के लिए कार्यकर्ताओं ने गली-गली घूम कर वोट मांगे। गठबंधन के सभी घटकों के नेता एवं कार्यकर्ता सुबह 6 बजे वार्ड नंबर 27 में समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव जमालुद्दीन के आवास पहुंचे। जहां पर जलपान करने के बाद सैकड़ों की संख्या का काफिला जयहिंद टाकीज, गणेश गंज स्कूल, हैनीमैन दवाखाना, साठिया कुआ, हजारी पुरा, महावीर पुरा,अथाई होते हुए निकला। जुलूस में शामिल नेता माइक से गठबंधन सरकार की घोषणा और भाजपा सरकार की नाकामियों के बारे बखान करते राहुल गांधी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद, केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए वोट मांगने की अपील कर रहे थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव,कांग्रेस नेता चौधरी श्यामसुंदर, जमालुद्दीन जीवन प्रताप वाल्मीकि, कांग्रेस नगर अध्यक्ष,रेहान सिद्दीकी,सपा नगर अध्यक्ष इमरान उल्ला,सपा नेता अशोक महाबली,के के गहोई,आमीन खां,मान सिंह पाल,मनीराम कक्का,वीरेंद्र यादव,ज्ञानू निरंजन ,माजिद खां, विवेक यादव,कमाल खां,भुल्लन, अय्यूब अंसारी,रामलाल विश्वकर्मा,,संदीप यादव, जयदेव सिंह यादव, वेद प्रकाश यादव ,महेश विश्वकर्मा ,महेश शिरोमणि ,अजय योगा, प्रताप सिंह यादव,चुन्ना हुसैन नत्थूसिंह कुशवाहा,सौरभ सेंटू,शनि यादव,संजीव रेड्डी,,मयंक जाटव, लोकेंद्र यादव, शबी उद्दीन आदि मौजूद रहे।



सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगती युवाओं की टीम। अमृत विचार

**लापरवाही** उरई विकास प्राधिकरण द्वारा स्थापित कराए गए वाटर कूलर दुर्दशा का शिकार

# जिम्मेदारों ने नहीं ली खराब वाटर कूलरों की सुध

कार्यालय संवाददाता, उरई जालौन

**अमृत विचार।** गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। तेज गर्मी के चलते हलक जल्दी सूखने लगे हैं लेकिन शायद गर्मी की तपन जिम्मेदार अधिकारियों को महसूस नहीं हो रही। क्योंकि भीषण गर्मी शुरू होने के बाद भी जिम्मेदारों ने शहर में लगे वाटर कूलरों की मरम्मत नहीं करवाई है। इससे राहगीर वाटर कूलरों तक पहुंचकर निराश होकर लौट रहे हैं।

राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए उरई विकास प्राधिकरण द्वारा नगर के मुख्य स्थान पर वाटर कूलर स्थापित कराए गए थे लेकिन वह खराब होने से मंशानुरूप काम नहीं कर रहे। बल्कि सरकारी धन की बर्बादी का उदाहरण जरूर प्रस्तुत कर रहे हैं। बीते कुछ बरसों पूर्व नगर के कई सार्वजनिक स्थानों पर उरई विकास प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस को गर्मी के दौरान ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित कराए गए लेकिन हैरत की बात है कि जिन-जिन स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित कराए गए वह साल 2 साल बाद ही दुर्दाशा का शिकार हो गए और मौजूदा स्थिति यह है कि अधिकांश जगह वाटर कूलर अपनी सार्थकता से महरूम बने हुए हैं। कोच बस स्टैंड स्थित वाटर कूलर की दुर्दशा इस कदर है कि वहां आसपास के रेडी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई। बात क्षेत्राधिकार पुलिस कार्यालय के ठीक बगल से स्थापित वाटर कूलर की करें तो यह भी बीते लंबे समय से ठप पड़ा हुआ है।

बताते चलें कि इन दोनों ही स्थानों पर आने-जाने वाले लोगों की तादाद सर्वाधिक रहती है। गर्मियों के दिनों में तो यह स्थिति देखने को मिलती है कि यहां से गुजरने वाले राहगीरों को पीने का पानी उपलब्ध न होने के चलते प्यार से बेहाल भटकते हुए देखा जाता है। कमोबेश यही स्थिति जिला परिषद तिराहे समीप स्थित वाटर कूलर की भी है। जो बीते कई वर्षों से अपेक्षा और दुर्दशा की कहानी बयां कर रहा है।




बंद पड़ा वाटर कूलर।। अमृत विचार

- भीषण गर्मी और तपन में पानी के लिए भटक रहे राहगीर

### खरीदकर पानी पीने को मजबूर राहगीर

**उरई।** आम जनमानस की सुविधाओं को लेकर जहां एक ओर शासन और प्रशासन स्तर से लाखों-करोड़ों रुपये व्यय किया जाता है तो वहीं दूसरी ओर उन व्यवस्थाओं की कितनी क्या सार्थकता लोगों तक पहुंच रही है इस बात को लेकर जिम्मेदार अधिकारी क्यों नहीं गौर करते। जब लोग यहां पानी पीने जाते हैं तो उन्हें पानी नहीं मिलता। ऐसी स्थिति में उन्हें खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। रविवार को जिला परिषद समीप स्थित वाटर कूलर पर अपनी प्यास बुझाने की उम्मीद से आए एक वृद्ध की नाराजगी उसे वक्त साफ तौर पर दिखलाई दी जब उसे पता चला कि यहां पानी ही नहीं निकलता।



गर्भवती महिलाओं की जांच करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

# 70 गर्भवती महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, माधोगढ़

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान दिवस चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

70 गर्भवती महिलाओं ने महिला डॉक्टर शिप्रा राजपूत को परेशानी बताकर उपचार लिया। मालूम रहे कि केंद्र सरकार की पीएमएसएमए योजना के तहत समय समय पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पेट में पल रहे बच्चे की विधिवत चिकित्सीय जांच करने का प्रावधान सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सभी शासकीय चिकित्सालयों में है। जिसके तहत आज 70 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया गया। जिसमें 15 एचआरपी गर्भवती महिलाएं मिली तथा 25 गर्भवतियों को अल्ट्रासाउंड वाउचर दिए गए। उक्त कार्यक्रम के दौरान आज स्टाफ नर्स के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के दौरान सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैं **शरद चंद श्रीवास्तव व पूनम श्रीवास्तव व भावना श्रीवास्तव, पुत्र / पुत्री स्वर्गीय सुरेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी-551के /ओ-1181, भिलावां, साकेतपुरी, आलमबाग, लखनऊ- 226005** के हैं। हमारे भवन संख्या- 551के/ 1181 मिनजुमला खसरा संख्या- 356 स्थित मिलावा, साकेतपुरी आलमबाग लखनऊ से संबंधित दस्तावेज जो घनश्याम गुलाटी के पक्ष में दिनांक 29/02 /1960 को निष्पादित हुआ था तथा नोटरी पावर आफ एटॉर्नी दोनों दस्तावेज कही गुम हो गए हैं। जिस किसी को मिले तो दिए गए पते पर दे दे। जिसका दुरुपयोग दंडनीय होगा।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम फ्रांसिस यादव उर्फ बब्लू पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव था। अब वर्तमान में मैंने अपना नाम बदलकर फूल सिंह यादव कर लिया है। अतः अब मुझे **फूल सिंह यादव पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव (जन्मतिथि 28-08-2001), निवासी- 57/58 मोहल्ला- वजीरहसन रोड, जिला-लखनऊ 226001** से जाना पहचाना जाए।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाई स्कूल सीबीएसई वर्ष 2013 अनुक्रमांक - 5129977 के अंक पत्र में पिताजी का नाम त्रुटिवश GHYAN SHANKAR MISHRA अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक नाम GYAN SHANKAR MISHRA है। DEVANSH MISHRA S/O GYAN SHANKAR MISHRA, **निवासी- सेखुई कलां, जिला- बलरामपुर**

# भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव, सपा की साख का सवाल

## हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा के योद्धा दिख रहे हैं व्यग्र, गठबंधन गढ़ छीनने को तैयार



दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार। प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र में आने वाली इन सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। हालांकि कुछ सीटों पर बसपा प्रत्याशी जातीय समीकरण के बूते मुकाबला त्रिकोणीय बनाते नजर आ रहे हैं। मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव की तरह सभी 13 सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, तो विपक्षी इंडिया गठबंधन इस बार कुछ सीटें भाजपा से छीनने की कोशिश करता नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा ने 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में 09 सीटों पर बड़े अंतर से चुनाव जीता था। इसके साथही इस बार पिछले चुनाव की तरह सपा का बसपा से गठबंधन भी नहीं है।**

### कानपुर में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर दोनों प्रत्याशियों की जीत के तीन बड़े फैक्टर

- ब्राह्मण बाहुल्य मानी जाने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर पिछले चुनावों की ही तरह भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। इस संघर्ष में दोनों प्रत्याशियों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने पर ही जीत का रास्ता आसान होता नजर आ रहा है। भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी की जगह चुनावी समर में उतरे रमेश अवस्थी को मजबूत संगठन और मोदी के चेहरे के नाम पर जीत का भरोसा है। लेकिन जानकारों के मुताबिक उनकी राह में सबसे बड़ी तीन चुनौतियां बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा, कहीं-कहीं भितरघात का खतरा और ध्रुवीकरण की आशंका है। इसी तरह इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी आलोक मिश्रा की भी जीत की उम्मीद तीन फैक्टर समाजवादी पार्टी की बूथ पर मेहनत, ब्राह्मण वोटों में हिस्सेदारी के साथ मुस्लिम मतों के एकमुश्त समर्थन पर टिकी है। दरअसल, कुछ कांग्रेस नेताओं के चुनाव से पहले पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस प्रत्याशी को कमजोर संगठन की चुनौती से जूझना पड़ा है, जबकि सपा के लोकसभा क्षेत्र में तीन विधायक हैं।

#### बसपा कमजोर पर बन सकती सहारे की डोर

- भाजपा-कांग्रेस की चुनावी लड़ाई में बसपा से कुलदीप भदौरिया भी हैं। माना जा रहा है कि वह क्षत्रिय वोटों का बड़ा हिस्सा हासिल कर पाते हैं, तो भाजपा के लिए थोड़ी परेशानी का सबब बन सकते हैं। इसी के साथ जिस तरह पूर्व में बसपा का कॉडर वोट श्रीप्रकाश जायसवाल की जीत में मददगार साबित होता था, वैसे ही अगर इस बार भी संविधान और आरक्षण बचाने के मुद्दे पर दलित मतदाता कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन करता है, तो मुकाबला रोचक हो सकता है।

### कन्नौज में कांटे की टक्कर में किसका इत्र महकेगा

- कन्नौज लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के बीच कांटे की टक्कर हो रही है। हालांकि यहां बसपा के इमरान बिन जफर भी मैदान में हैं, लेकिन वह सीधी लड़ाई में पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि सपा अध्यक्ष यहां 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से अपनी पत्नी डिंपल यादव की करीबी हार का बदला लेने आए हैं। 2019 के चुनाव में डिंपल यादव को रसूलाबाद क्षेत्र में सबसे बड़ी हार मिली थी, इसलिए अखिलेश ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत रसूलाबाद में ही रोड शो करके की थी। इस दौरान दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने रथ पर एक बालक को भीमराव आंबेडकर की वेशभूषा में सवार करके भाजपा द्वारा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का डर भी दिखाया था। भाजपा ने भी मतदान से पहले इस सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाओं के अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी मतदाताओं को खास संदेश दे गए हैं। ऐसे में सारा दारोमदार अब मतदान पर टिक गया है। जिसके समर्थक घरों से निकल कर ज्यादा वोट ज्यादा करेंगे, उसकी जीत की संभावनाएं उतनी ही बढ़ जाएंगी।



**09**

सीटें 32 फीसदी तक वोटों के अंतर से 2019 में भाजपा ने जीती थीं

### अपनों के कदमताल पर टिकी भोले की बड़े अंतर से तीसरी जीत

- अकबरपुर संसदीय सीट पर लगातार दो बार से जीत रहे भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले और सपा के राजाराम पाल में मुकाबला तो कांटे का है। लेकिन यहां तीन ऐसे बड़े समीकरण ऐसे हैं जो भोले की हैट्रिक की राह आसान बना सकते हैं। इनमें सबसे प्रमुख है अपनों की कदमताल। रनिया की विधायक एवं मंत्री प्रतिभा शुक्ला वारसी और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा पिछले कुछ दिनों से जिस तरह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, वैसी ही मेहनत वोट डलवाने में भी दिखानी होगी। हालांकि भोले के समर्थकों को कुछ स्थानों पर भितरघात का डर भी सता रहा है। ब्राह्मण मतदाताओं में बसपा के राजेश द्विवेदी की सेंधमारी रोकने की रणनीति भी भोले की बड़े अंतर से जीत का सिलसिला कायम रखने में अहम भूमिका अदा करेगी। हालांकि बारा टोल प्लाजा बंद कराने की उनकी घोषणा पूरी न होने से इलाके में कुछ नाराजगी दिखती है, लेकिन यह किसी नुकसान का कारण बनेगी, ऐसा नहीं लगता। सपा के राजाराम पाल सजातीय वोटों के साथ ही पिछड़ी जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने का दावा कर रहे हैं पर उन्हें कांग्रेस का भरपूर समर्थन जरूरी है। पाल बसपा में रहे हैं, वे बसपा के काडर वोट को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए लगातार जुटे रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक रूप से कमजोर होने का खामियाजा भी उन्हें उठाना पड़ रहा है।

### खीरी में टेनी की तीसरी जीत रोकने के प्रयास

- किसान आंदोलन के दौरान चर्चा में आयी खीरी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार जीत हासिल करना चाहते हैं। सपा ने यहां जातीय समीकरण देखकर कुर्मी समाज के उत्कर्ष वर्मा को उतारा है। लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी और अन्य ओबीसी के वोटर छह लाख से ज्यादा हैं। बसपा ने सिख समुदाय से आने वाले युवा अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाकर तिकुनिया कांड से नाराज सिखों और दलित बिरादरी के करीब ढाई लाख वोट साधने का दांव खेला है।

### सीतापुर में जीत की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

- सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद राजेश वर्मा फिर मैदान में हैं। वह यहां से चार बार सांसद रह चुके हैं। इस बार हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने बसपा के नकुल दुबे पर एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। यहां इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने राकेश राठौड़ को उनके मुकाबले में उतारा है। 2019 में कांग्रेस की कैसर जहान ने लगभग एक लाख वोट पाए थे। बसपा ने भाजपा छोड़कर आए महेंद्र यादव को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।

### अन्नू से लड़ाई में साक्षी महाराज को सजातीय वोट का सहारा

- उन्नाव लोकसभा सीट पर भाजपा सासंद साक्षी महाराज लगातार तीसरी बार जीतेंगे या नहीं यह सोमवार को तय होना है। उन्हें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ ही सजातीय (लोध जाति) मतदाताओं के पूर्ण समर्थन का भरोसा है। हालांकि कुछ जनप्रतिनिधियों की नाराजगी का डर उनके समर्थकों को सता रहा है। ये जनप्रतिनिधि नेतृत्व के दबाव में साथ तो दिख रहे हैं पर उनका साथ वोट में कितना तब्दील होगा यह तो समय बताएगा। हालांकि संगठन और आरएसएस व उसके अनुसांगिक संगठनों के मिल रहे सहयोग से उनकी हैट्रिक लग सकती है। यहां बसपा से ब्राह्मण उम्मीवार अशोक पांडेय भाजपा के साथ जा चुके काडर वोट को साथ लाने की कोशिश कर तो रहे हैं। ब्राह्मण वोटों के बंटवारे में सपा की अन्नू टंडन अपनी जीत का आधार देख रही हैं पर ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में भाजपा से छिटकेंगे ऐसा दिख नहीं रहा है। अन्नू टंडन के समर्थन में हुईं अखिलेश यादव की सभाओं में भीड़ तो खूब जुटी है पर यह भीड़ में कितना तब्दील हुई तो अन्नू की बल्ले- बल्ले होगी। यह सपा और कांग्रेस के रणनीतिकार भी मान रहे हैं। कांग्रेस का थोड़ा परेशानी का कारण तो है पर बूथ स्तर पर युवाओं मजबूत टोली जीत का रोडमैप तैयार करने में जुटी है।



### इटावा में नजर आ सकता है नजदीकी मुकाबला

- इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया पर भरोसा जताते हुए जीत की हैट्रिक लगाने का ताना-बाना बुना है। सपा की तरफ से यादव लैंड से जुड़ी इस सीट पर जितेंद्र दोहरे ने कड़ी मेहनत की है। बसपा से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल हैं। लेकिन वह त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ रही हैं। भाजपा ने पिछला चुनाव करीब 65 हजार मतों से जीता था। भाजपा से सीधी लड़ाई में सपा ने साइकिल दौड़ाने के लिए ताकत लगाई है।

### बहराइच में भाजपा को तीसरी जीत का भरोसा

- बहराइच लोकसभा सीट पर भाजपा ने तीसरी जीत के लिए इस बार भी नए चेहरे मौजूदा सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे अरविंद गोंड को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को उतारकर चुनौती दी है। बसपा से बृजेश कुमार सोनकर उम्मीदवार हैं। पिछली बार भाजपा यहां सपा से करीब सवा लाख मतों से जीती थी। इस बार भी दोनों दलों में मुकाबला माना जा रहा है।

### मिश्रिख में बसपा बना रही लड़ाई त्रिकोणीय

- कानपुर, हरदोई और सीतापुर जिले में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां भाजपा से सांसद डॉ. अशोक रावत ने जीत के लिए व्यूह रचना की है। इंडिया गठबंधन में सपा से संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं, जो रिश्ते में सांसद रावत की सलहज लगती हैं। बसपा से पूर्व अधिकारी डॉ. बीआर अहिरवार भाजपा-सपा के बीच सिमटते मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में सफल होते नजर आ रहे हैं।

### धौरहरा में जातीय समीकरणों की लड़ाई

- धौरहरा सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद रेखा वर्मा फिर मैदान में हैं। पिछले 10 साल से सांसद रेखा वर्मा ने बसपा के अरशद इलियास को डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस के जितिन प्रसाद 1.63 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर थे। इस बार सपा ने यहां आनंद भदौरिया पर दांव लगाया है, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए श्याम किशोर अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है। यहां ओबीसी और सवर्ण वोट निर्णायक हैं।

### हरदोई में फिर दिख रहा पुराना मुकाबला

- हरदोई लोकसभा सीट पर भी पिछले दो चुनाव से भाजपा का कब्जा है। इस बार पार्टी ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश रावत फिर कमल खिलाने उतरे हैं। सपा ने भी दोबारा पूर्व सांसद उषा वर्मा को उतार कर मुकाबला कड़ा कर दिया है। बसपा ने यहां भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार जयप्रकाश ने सपा की उषा वर्मा को 1.30 लाख मतों से हरा दिया था। हरदोई सीट पर आज तक बसपा का खाता नहीं खुला है।

### फर्रुखाबाद में जातीय समीकरण की चुनौती

- फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर साल 2014 से भाजपा का कब्जा है। सांसद मुकेश राजपूत इस बार जीत की हैट्रिक के लिए प्रयासरत हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को इतार कर जातीय समीकरण में उन्हें उलझाने का प्रयास किया है। नवल किशोर पहले बसपा में थे और पेशे से कैंसर सर्जन हैं। बसपा के क्रांति पांडे प्यवसायी हैं और भाजपा के लिए यहां परेशानी बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

### शाहजहांपुर में बसपा ने फंसाया खेल

- शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अरुण कुमार सागर को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में अरुण कुमार ने ढाई लाखों से ज्यादा वोटों से बसपा प्रत्याशी पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस तीसरे नंबर पर थी। इस बार इंडिया गठबंधन से सपा ने यहां ज्योत्सना गोंड को मैदान में उतारा है। पार्टी ने पहले राजेश कश्यप को टिकट दिया था। बसपा ने दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

### कहां क्या था 2019 में भाजपा की जीत का आंकड़ा

| | |
|---|---|
| कन्नौज | 1.1% |
| इटावा | 6.3% |
| मिश्रिख | 9.8% |
| सीतापुर | 9.5% |
| अकबरपुर | 26.8% |
| बहराइच | 13.0% |
| खीरी | 19.2% |
| धौरहरा | 15.2% |
| हरदोई | 12.6% |
| उन्नाव | 32.4% |
| फर्रुखाबाद | 22.1% |
| शहजहांपुर | 22.6% |
| कानपुर | 18.5% |

### सहानुभूति और सपा के बीच ददरौली में फंसा है चुनाव

अमृत विचार। 13 मई को शहजहांपुर की ददरौली विधान सभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह को जहां पिता के निधन से मिलने वाली सहानुभूति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का भरोसा है, वहीं सपा से पूर्व मंत्री और दो बार के विधायक अवधेश कुमार वर्मा इस सीट पर साइकिल दौड़ाने में लगे हैं। ददरौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा की जीत रोकने के लिए सपा ने पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा और बसपा ने सर्वेश चंद्र मिश्रा उर्फ धांधू पर दांव लगाया है। ददरौली विधानसभा सीट पर 2017 में भाजपा को पहली बार जीत मिली थी। 2022 में भी भाजपा जीती।

# बागी बिगाड़ पाएगा समीकरण या तीसरी बार जीतेंगी अनुप्रिया पटेल

**मिर्जापुर संसदीय सीट**

अनंत कृष्णन



अनुप्रिया पटेल।

- विंध्य क्षेत्र में भाजपा के वर्तमान और पूर्व सांसद को सपा ने बनाया उम्मीदवार
- मिर्जापुर में अनुप्रिया तो राबट्र्सगंज में रिंकी कोल से होना है मुख्य मुकाबला

**मऊ।** विंध्य क्षेत्र की लोकसभा सीटों पर भाजपा के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है। यहां भाजपा को अपने बागियों से ही खतरा हो गया है। पहले पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार ने बगावत कर सपा का दामन थामा। सपा ने उन्हें राबट्र्सगंज से उम्मीदवार बनाया तो अब भदोही के सांसद रमेश बिंद सपा से मिर्जापुर सीट पर उम्मीदवार बन गए। ये दोनों सीटें भाजपा की सहयोगी अपना दल के खाते में हैं, लेकिन पार्टी के चार सौ पार लक्ष्य की पूर्ति में इन दोनों सीटों पर जीत भी बहुत ही जरूरी है। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विंध्य क्षेत्र में रैलियां कराने की तैयारी है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह की ज्यादा से ज्यादा जनसभाओं का आयोजन कराने पर विचार किया जा रहा है।

**इसलिए नाराज हुए रमेश बिंद**

रमेश बिंद ने 2019 में बसपा के रंगनाथ मिश्र से 43 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। भाजपा के आंतरिक सर्वे में यह बात सामने आई थी कि इस बार उनकी स्थिति कमजोर रहेगी। यही वजह है कि पार्टी ने उनका टिकट काटकर मंझवा सीट से निषाद पार्टी के विधायक डॉ. विनोद कुमार बिंद को प्रत्याशी बना दिया। इसी बात से रमेश बिंद नाराज चल रहे थे।

**राबट्र्सगंज में भी कांटे का मुकाबला :** राबट्र्सगंज सीट भी अपना दल एस के कब्जे में है। यहां से पिछले चुनाव में पार्टी पकौड़ी लाल कोल जीते थे, जबकि 2014 में भाजपा के छोटेलाल खरवार यहां से सांसद बने थे।

पकौड़ी लाल कोल का टिकट काटकर उनकी विधायक बहू रिंकी कोल को अनुप्रिया पटेल ने टिकट दिया है। जबकि भाजपा से त्यागपत्र देने वाले छोटेलाल खरवार उन्हें चुनौती दे रहे हैं। छोटेलाल यहां ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी को भुनाना चाहते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी के कारण पकौड़ी लाल कोल का टिकट कटा था। हालांकि भाजपा और अपना दल के नेता इस नाराजगी को दूर करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यहां कांटे के मुकाबले में फंसी राजग गठबंधन की हैट्रिक पूरी हो इसके लिए मध्य प्रदेश के कोल जाति के बड़े नेताओं को भी प्रचार में लगाया गया है। बसपा ने यहां से धनेश्वर गौतम को उतारा है। वे मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। यहां बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्र और मायावती की सभा कराने की तैयारी है। ताकि परंपरागत मतदाता साथ आ जाएं।

### अनुप्रिया और रमेश बिंद के बीच मुख्य मुकाबला

- समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र एस बिंद को उम्मीदवार बनाया था। राजेंद्र ने प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन पार्टी के रणनीतिकार उन्हें प्रचार में कमजोर मान रहे थे। ऐसे में भदोही सीट से टिकट न मिलने से नाराज चल रहे सांसद रमेश बिंद पर सपा नेताओं ने डेरा डाला और उनकी मुलाकात तीन दिन पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव से कराई गई। अब टिकट फाइनल हो गया तो रमेश ने प्रचार भी तेज कर दिया है। वे निषाद, बिंद, मझवार समाज के मतदाताओं को एकजुट करने में लग गए हैं। इस सीट पर बसपा ने मनीष तिवारी को उतारा है लेकिन यहां मुख्य मुकाबला अपना दल एस की उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और रमेश बिंद के बीच होना है। बसपा यहां मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रही है। उधर भाजपा और अपना दल नेताओं ने टिकट कटने से नाराज राजेंद्र एस बिंद पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं। हालांकि इसमें उन्हें कितनी सफलता मिलती है यह वक्त बताएगा। फिलहाल हैट्रिक की तैयारी कर रहीं अनुप्रिया पटेल के पक्ष में निषाद मतदाता बनें रहें इसके लिए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और उनकी टीम भी यहां डेरा डालेगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



**उठाया मुद्दा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में पश्चिम बंगाल के हुगली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने संदेशखालि में महिलाओं के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया।



**आरक्षण बचाओ** राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और विकासशील इंसाफा पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी के साथ मुजफ्फरपुर में जनसभा को संबोधित किया।

# भाजपा के सामने अपने ही चक्रव्यूह में उलझने का खतरा

## कुछ गांवों में जरूर नजर आ रही बदलाव की बयार, लेकिन शहरी इलाके में मतदाता कमल खिलाने के लिए तैयार

**हरियाणा का रणक्षेत्र**

मनोज त्रिपाठी




**अमृत विचारः** हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। भाजपा सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि इंडिया गठबंधन से कांग्रेस नौ सीटों पर तो एक सीट कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी मैदान में है। 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार कांग्रेस आधा दर्जन सीटों पर कड़ी चुनौती पेश कर रही है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार का घमासान आगे बढ़ने के साथ भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़ी वर्चस्व की जंग दिलचस्प होती जा रही है। तीन निर्दलीय विधायकों की समर्थन वापसी से राज्य की भाजपा सरकार पर खतरे के बादल मंडराते देखकर कांग्रेस ने बढ़त बनाने के लिए स्थानीय मुद्दों को उछालकर आगामी विधानसभा चुनाव में किए जाने वाले वादों को भी जनता के सामने परोसना शुरू कर दिया है। राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके मुकाबले भाजपा 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए एक बार फिर 2019 की तरह क्लीन स्वीप करके सभी 10 सीटों का तोहफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालना चाहती है। इसके लिए मोदी की गारंटी के साथ मतदाताओं के ध्रुवीकरण के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के लिए इस चुनाव में जहां सात सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वहीं कांग्रेस पर पिछली बार की तरह सीटों का सूखा खत्म करने की दबाव है। भाजपा ने दूसरी बार राज्य में क्लीन स्वीप करने के लिए इस बार गैर-जाट मतदाताओं पर दांव लगा रखा है। इस रणनीति में जाटलैंड मानी जाने वाली रोहतक और सोनीपत लोकसभा सीट पर भी पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे हैं। अन्य सीटों पर ओबीसी पर ज्यादा भरोसा किया है। राज्य में जाट मतदाता 22 प्रतिशत तो ओबीसी 21 प्रतिशत हैं। लेकिन जाट मतदाता कांग्रेस, जेजेपी और इनेलो के बीच बंटे हुए हैं और कुछ हद तक भाजपा से किसान आंदोलन के कारण नाराज भी हैं। ऐसा आकलन है कि भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 74 प्रतिशत सामान्य जाति, 72 प्रतिशत ओबीसी और करीब 58 प्रतिशत दलित समुदाय का वोट मिला था। पार्टी के अनुमान के अनुसार उसे जाट वोट 50 फीसदी के आसपास मिला था। भाजपा की रणनीति के मुकाबले कांग्रेस ने जाट समुदाय पर भरोसा जताते हुए अन्य वर्गों को भी साधने की बिसात बिछाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा इस बार हरियाणा में कांग्रेस की जोरदार वापसी के लिए दिन-रात एक किए हैं। राज्य के इस चुनावी माहौल में फिलहाल आठ सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होती नजर आ रही है। कुरुक्षेत्र एकमात्र सीट है, जहां भाजपा के नवीन जिंदल, इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता और इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने में आ रहा है।

### राज्य का जातीय संतुलन अनुमानित

| | |
|---|---|
| जाट | 22% |
| दलित | 20 %, |
| ब्राह्मण | 10% |
| पंजाबी | 8% |
| वैश्य | 5% |
| राजपूत | 4% |
| गुर्जर | 3% |
| सैनी | 3% |
| विश्नोई | 2% |
| अन्य पिछड़ा | 18% |
| मुस्लिम | 4% |

**2014**
में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं

### भाजपा पर पिछले चुनाव में हुई थी रिकार्ड तोड़ वोटों की बरसात

- 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटें जीती थीं। उसे प्रदेश में पहली बार रिकॉर्ड 58.21% वोट मिले थे। वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं, तब इनेलो ने दो सीटें हिसार और सिरसा तथा कांग्रेस अकेली रोहतक लोकसभा सीट ही जीत पाई थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य में बड़ी जीत दर्ज करते हुए 10 में से नौ सीटों पर विजय हासिल की थी, तब एक सीट कुलदीप बिश्नोई की पार्टी हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) को मिली थी। अब वोट शेयर के लिहाज से कांग्रेस का प्रदर्शन देखें तो 2009 में पार्टी के 42% वोट मिले थे जो 2019 में गिरकर 28% पर आ गए।

### 2019 चुनाव में किसको कितने वोट

| | |
|---|---|
| भाजपा | 58.02% |
| कांग्रेस | 28.42% |
| जेजेपी | 4.9% |
| इनेलो | 1.89% |

### कांग्रेस का तीन बार सूपड़ा साफ, सिर्फ एक बार किया क्लीन स्वीप

- कांग्रेस ने हरियाणा में सिर्फ एक बार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद साल 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर विजय पताका फहरायी है, जबकि तीन बार पार्टी को शून्य हासिल हुआ है। 2019 के अलावा इमरजेंसी हटने के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। इसी तरह 1999 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का राज्य में खाता नहीं खुला था। इस चुनाव में भाजपा और इनेलो गठबंधन ने पांच-पांच लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी।

### भाजपा से आधे वोट और सीट एक भी नहीं

2019 के चुनाव में भाजपा को हरियाणा में कुल 73,57,347 मत प्राप्त हुए थे। इसके मुकाबले कांग्रेस ने करीब आधे 36,04,106 वोट हासिल किए थे, लेकिन पार्टी को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी, जबकि भाजपा ने सभी 10 सीटें जीत ली थीं। 2019 मैं जेजेपी को 6,19,970 तथा इनेलो को 2,40,258 वोट मिले थे।

### वोट शेयर में बदलाव




## जाट बाहुल्य फरीदाबाद में गुर्जर नेताओं का मुकाबला

फरीदाबाद में जातीय समीकरणों के लिहाज से जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जाट उम्मीदवार नहीं उतारकर गुर्जर बिरादरी पर दांव लगाया हैं। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा के सांसद केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के बीच विधानसभा चुनाव में कई मुकाबले हुए हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में दोनों पहली बार भिड़ रहे हैं। इससे पहले 2004 के विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें महेंद्र प्रताप सिंह विजयी हुए थे। वह पांच बार के विधायक तथा चौधरी भजनलाल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इस सीट पर इनेलो ने सुनील तेवतिया और जेजेपी ने नलिन हुड्डा को मैदान में उतारा है। दोनों ही जाट समुदाय से आते हैं। जाट लैंड कही जाने वाली सोनीपत लोकसभा सीट पर भी इस बार भाजपा और कांग्रेस ने जाट नेताओं को चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। इस लोकसभा सीट पर 35 प्रतिशत तक जाट मतदाता हैं और यहां अब तक हुए 12 लोकसभा चुनावों में नौ बार जाट नेता ही जीते हैं। सोनीपत में भाजपा ने दो बार के ब्राह्मण सांसद रमेशचंद्र कौशिक की जगह राई के विधायक मोहन लाल बडोली को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने जींद जिले के रहने वाले सतपाल ब्रह्मचारी पर दांव लगाया है। ब्रह्मचारी के हरिद्वार में आश्रम हैं। यहां इन्हीं दोनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां तगड़ा झटका लगा था। पार्टी के दिग्गज क्षत्रप और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे। हुड्डा को भाजपा के रमेश चंद्र कौशिक ने हराया था। कौशिक यहां से 2014 में भी चुनाव जीते थे। इस सीट पर इनेलो ने अनूप दहिया, जेजेपी ने भूपेंद्र मलिक और बसपा ने उमेश गहलावत को मैदान में उतारा है। तीनों ही जाट समुदाय से आते हैं।

## भिवानी-महेंद्रगढ़ में भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए कांग्रेस ने बदला प्रत्याशी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर भी भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां से धर्मबीर सिंह सांसद हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी का टिकट काटकर गैर जाट राव दान सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे किरण चौधरी नाराज हैं। जेजेपी ने अहीरवाल इलाके से ताल्लुक रखने वाले राव बहादुर सिंह को और इनेलो ने शेर सिंह राणा की राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के सुभाष परमार को समर्थन दिया है। बसपा से कंमाडर सुनील शर्मा मैदान में हैं। इस सीट पर ग्रामीण मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। कांग्रेस की स्थिति जातीय समीकरण के अलावा ग्रामीण वोट बैंक में मजबूत दिख रही है। लेकिन शहरी मतदाताओं पर भाजपा की मजबूत पकड़ है। लोकसभा में क्षेत्र में जाट मतदाता तीन लाख से ज्यादा हैं। दूसरे नंबर पर यादव (अहीर) मतदाता हैं, जिनकी संख्या पौने तीन लाख तक गिनी जाती है। 2019 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने 7,36,699 वोट पाए थे। कांग्रेस की श्रुति चौधरी को 2,92,236 और जेजेपी की स्वाति यादव को 84,956 वोट मिले थे। इससे पहले 2014 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने इनेलो के बहादुर सिंह को 1,29,394 वोटों से हराया था। कांग्रेस प्रत्याशी श्रुति चौधरी 2,68,115 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं। अंबाला में राजनीतिक विरासत वाले नए चेहरों पर दांव अंबाला सुरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस बार यहां नए चेहरों पर दांव लगाया है। भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को चुनावी मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने मुलाना से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण मुलाना पर दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया भाजपा संगठन की मजबूती, मोदी की गारंटी और पति रतन लाल कटारिया के नाम पर सहानुभूति के आधार पर वोट मांग रही हैं। लेकिन बंतो कटारिया को कई स्थानों पर किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उधर, कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना भी पिता के राजनीतिक अनुभव का लाभ उठाने में लगे हैं। इनेलो ने इस सीट पर सिख उम्मीदवार एडवोकेट गुरप्रीत सिंह सहोटा को टिकट दिया है। 2019 के चुनाव में दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया को 7,46,508 (57.06) प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस की प्रत्याशी कुमारी शैलजा को 4,04,163 (30.89) प्रतिशत वोट हासिल हुए थे।

## करनाल में अनुभव और युवा जोश की टक्कर पूर्व सीएम खट्टर के सामने कांग्रेस से बुद्धिराजा


मनोहर लाल खट्टर


दिव्यांशु बुद्धिराजा।

करनाल लोकसभा सीट पर अनुभव और युवा जोश के बीच रोचक चुनावी भिड़ंत हो रही है। यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को मैदान में उतारा है। मनोहर लाल के विरुद्ध पंचकूला में दो साल पहले पोस्टर लगाने के आरोप में पंचकूला की अदालत ने बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित कर दिया था। हालांकि पिछले हफ्ते उन्हें जमानत मिल गई है। यहां खट्टर के सामने दोहरी चुनौती है। उन्हें करनाल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत की हैट्रिक बनाने के लिए अपना पहला लोकसभा चुनाव तो जीतना ही है, करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपने उत्तराधिकारी मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी की जीत भी सुनिश्चित करनी है। दो माह पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर के इस्तीफे के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में करनाल में संजय भाटिया ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को 6,54,269 लाख वोटों से हराया था। संजय भाटिया को 9,09,432 (70 फीसदी) वोट मिले थे, जबकि कुलदीप शर्मा 2,55,163 लाख (20 फीसदी) वोट ही पा सके थे। तीसरे नंबर पर बसपा के पंकज थे, जिन्हें 67,091 (5 फीसदी) वोट मिले थे।

## बाहरी का प्रचार और कमजोर संगठन राज बब्बर की बढ़ा रहा मुसीबत


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।

गुड़गांव लोकसभा सीट पर भाजपा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह फिर से मैदान में हैं, उनके सामने कांग्रेस ने पूर्व फिल्म अभिनेता राज बब्बर को उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से राहुल यादव फाजिलपुरिया ताल ठोंक रहे हैं। गुरुग्राम सीट पर 23 प्रत्याशी होने के कारण हर बूथ पर दो ईवीएम मशीन लगेंगी। राव इंद्रजीत सिंह गुड़गांव से लगातार तीन बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था। 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के कैप्टन अजय सिंह को 4,95,290 वोटों से हराया था। इंद्रजीत सिंह को 8,81,546 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में वह पहली बार भाजपा से चुनाव लड़े थे और भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) के जाकिर हुसैन को हराया था। इस बार उनके मुकाबले में उतरे राज बब्बर तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। लेकिन गुड़गांव में राज बब्बर को कांग्रेस का संगठन नहीं होने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका और नूंह में मुस्लिम वोटर चार लाख माना जाता है, जबकि गुड़गांव पंजाबियों का गढ़ है। पंजाबी समाज में भाजपा का मजबूत प्रभाव है। राज बब्बर खुद के पंजाबी होने के चलते अपनी दम पर पंजाबी समाज में पकड़ बनाने में जुटे हैं।

## रोहतक में हुड्डा परिवार के सामने इस बार साख बचाने का सवाल


दीपेंद्र हुड्डा।


डॉ. अरविंद शर्मा।

जाटलैंड रोहतक में इस बार का लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम हुड्डा परिवार की साख का सवाल बन गया है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा चौथी बार मैदान में हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनता के बीच हैं, तो दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस सरकार के समय में हुए विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीन बार 2005 का उपचुनाव, 2009 और 2014 में रोहतक से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र हुड्डा को 7500 हजार वोटों के अंतर से हरा दिया था। ऐसे में कांग्रेस की कोशिश फिर से रोहतक सीट जीतकर इस इलाके में अपनी चौधराहट वापस लाने की है। रोहतक सीट कांग्रेस के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां से चार बार भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी चुनाव जीत चुके हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा भी यहां से दो बार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के अरविंद कुमार शर्मा को 5,73,845 और कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा 5,66,342 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने भाजपा को ओपी धनखड़ को 1,70,627 लाख वोटों से हराया था। 2009 में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इनेलो के नफे सिंह को साढ़े चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी।

## कुरुक्षेत्र के दंगल में फंसते नजर आ रहे हैं भाजपा से उतरे नवीन जिंदल


नवीन जिंदल।


डॉ. सुशील गुप्ता।

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट हरियाणा का सबसे बड़ा चुनावी कुरुक्षेत्र बनने के साथ ही हॉट सीट बनी है। यहां पर सभी पार्टियों के बड़े दिग्गज नेता चुनावी मैदान में एक-दूसरे को मात देने के लिए जोर लगाए हैं। कुरुक्षेत्र सीट पर भाजपा ने पिछले दो चुनाव में दोनों बार प्रत्याशी बदला है और जीत हासिल की है। इस बार भी भाजपा ने प्रत्याशी बदलते हुए कांग्रेस से आए उद्योगपति और पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से उतारा है। इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगले एक-दो दिन में प्रचार के लिए आने वाले हैं। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला पहले ही यहां जमे हैं। ऐसे में इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होता नजर आ रहा है। अब नए घटनाक्रम में कुरुक्षेत्र से दो बार की पूर्व सांसद कैलाशो सैनी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने तोड़कर कांग्रेस में शामिल कर लिया है। कैलाशो को कुरूक्षेत्र में प्रमुख ओबीसी नेता माना जाता है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करने की बात कही है। पिछले 2019 के चुनाव में मौजूदा सीएम भाजपा के नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के निर्मल सिंह को करीब चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी। नायाब सिंह को 56 फीसदी वोट, जबकि निर्मल सिंह को 25 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे।यहां जाट मतदाता भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं, जबकि गांवों में इनेलो मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है।

## सिरसा के मैदान में कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं आमने-सामने


कुमारी सैलजा।


अशोक तंवर।

सिरसा लोकसभा सीट पर भी इस बार चुनावी मुकाबला काफी रोचक है। यहां कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने हैं। कुमारी सैलजा कांग्रेस से चुनाव लड़ रही हैं तो अशोक तंवर भाजपा की तरफ से मैदान में उतरे हैं। हालांकि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस से ही सांसद रह चुके अशोक तंवर ने 2019 के बाद से तीन पार्टियां बदलकर अपने राजनीतिक समीकरण थोड़े बिगाड़ लिए हैं। अशोक तंवर ने 2019 में समर्थकों का टिकट कटने से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी बनाई, लेकिन कुछ ही दिन में टीएमसी में शामिल हो गए, लेकिन साल भर बाद ही उन्होंने टीएमसी भी छोड़ दी और आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया, लेकिन इसी साल चुनाव से पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा दो बार सांसद रह चुकी हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा की सुनीता दुग्गल ने सिरसा में 7,14,351 वोट पाए थे, कांग्रेस से चुनाव लड़े अशोक तंवर 4,04,433 वोट पाकर दूसरे तो जेजेपी के निर्मल सिंह मलरी 95,914 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। सिरसा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। यहां से कांग्रेस नौ बार जीत चुकी है। 1991 से 2014 तक तो कांग्रेस लगातार यहां से चुनाव जीती थी। लेकिन 2014 में इनेलो के उम्मीदवार चरणजीत सिंह रोड़ी के बाद 2019 में भाजपा की सुनीता दुग्गल को सिरसा से जीत मिली थी। सिरसा से 2004 के बाद से कोई नेता लगातार दो बार संसद नहीं जा पाया है। भाजपा यहां सिर्फ एक बार 2019 में ही जीत हासिल कर पायी थी।



**जीत की हुंकार** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने दिल्ली के चांदनी चौक सीट से उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल के लिए रोड शो किया और मोदी की गारंटी पर वोट मांगे।



**मांगे वोट** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ दिल्ली के मोती नगर में रोड शो कर इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# सकारात्मक पहल

भारत-चीन संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति में हैं। समय-समय पर चीन की तरफ से ऐसी गतिविधियां हुईं जिससे दोनों देशों के बीच शांति की गुंजाइश के इंतजार को और बढ़ाया ही है। चीन से तनावपूर्ण संबंधों की बात स्वयं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्वीकार्य की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई है। इसलिए वह उम्मीद जता रहे थे कि चीनी सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि वर्तमान स्थिति उसके हित में नहीं है। गौरतलब है कि भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है और सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि दोनों पक्ष कई बिंदुओं से पीछे हट गए हैं। भारत लगातार यह कहता भी रहा है कि समग्र संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति महत्वपूर्ण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत सदैव से शांति का पक्षधर रहा है। चाहे पाकिस्तान हो या चीन भारत ने कभी उनको किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की पहल नहीं की। जब सीमा के उस पार से भारत विरोधी कोई हरकत या गतिविधि हुई तभी भारत ने विरोध स्वरूप कोई कार्रवाई की।

बीते दिनों पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति से निर्भर करती है। यह बात सही है कि जब तक सीमा पर शरारत पूर्ण हरकतें बंद नहीं होंगी तब किसी भी देश के साथ शांति स्थापित कर मैत्रीपूर्ण संबंध की कल्पना करना दिवास्वपन जैसा ही है। इसके इतर बात की जाए तो हर देश अपने पड़ोसी देशों से शांति और मैत्रीपूर्ण संबंधों की अपेक्षा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब तब इस बात को दोहराते रहते हैं। भारतीय नेतृत्व के इस तरह के रूख को देखते हुए चीन भी भारत से पुनः मैत्रीपूर्ण संबंधों की चाह रख रहा है। शायद तभी भारत में 18 माह से खाली पड़े पद पर चीन ने अपना राजदूत नियुक्त कर भेजा है। बीते दिनों भारत में चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। चीन के इस रूख से दोनों देशों के बीच संबंधों में कितना सुधार होगा यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इसे संबंधों के सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल जरूर कहा जा सकता है।

# सभी तबके के मुसलमानों को मिलता है आरक्षण


डॉ. फैयाज अहमद फैजी
चिकित्सक, लखनऊ

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है।

लोकसभा के चुनाव के बीच एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा बहस के केंद्र में हैं। कोई सारे मुसलमानों को आरक्षण देने की बात करता है तो कोई सारे मुसलमानों के आरक्षण को खत्म करने की बात करता है। मुस्लिम आरक्षण सदैव से एक अबूझ पहली रही है। समाज से लेकर न्यायालायों तक में इस पर बहसें होती रहीं हैं।

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं। विदित रहे कि मजहबी पहचान के नाम पर आरक्षण संविधान के मूल भावना के विरुद्ध है। कोई भी मजहब पिछड़ा या दलित नहीं होता है, बल्कि उसके मानने वालों में गरीब, पिछड़े और दलित हो सकते हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए आरक्षण की ईडब्लूएस, ओबीसी और एसटी कैटेगरी में अन्य धर्मों के मानने वालों के साथ-साथ सारे मुसलमानों को भी समाहित किया गया। हालांकि एससी कैटेगरी के आरक्षण से अभी भी मजहबी पहचान के आधार पर ईसाई और मुस्लिम धर्मावलंबी दलित (इन्हें ओबीसी में रखा गया है) बाहर हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायलय में पिछले लगभग 23 वर्षों से विचाराधीन है और केंद्र सरकार ने दो वर्षीय कार्यकाल और तीन सदस्यीय आयोग गठित कर इस पूरे मुद्दे पर रिपोर्ट तलब किया है।

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है। इन राज्यों के आरक्षण की लिस्ट से सशक्त मुस्लिम जातियों (अशराफ मुसलमान) को बाहर किया जाना चाहिए ताकि सामाजिक न्याय के आधार पर योग्य जातियों एवं समुदायों को ही आरक्षण का लाभ मिले। इसके लिए संबंधित

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं।

राज्यों के ओबीसी लिस्ट को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट के तर्ज पर तैयार किया जा सकता है। पिछले वर्ष कर्नाटक राज्य की भाजपा सरकार ने कर्नाटक स्टेट कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लास की अनुशंसा पर ओबीसी आरक्षण के अंतर्गत केवल मुस्लिमों के लिए (विशेष रूप से मुस्लिम आरक्षण) आवंटित कैटेगरी 2 बी (4 प्रतिशत) को समाप्त कर इसमें आने वाले मुस्लिमों को ईडब्ल्यूएस (10 प्रतिशत) में शिफ्ट कर दिया और 2 बी के 4 प्रतिशत को दो बराबर भागों में विभाजित कर ओबीसी की अन्य कैटेगरी 3 ए (अब 2 सी) और 3 बी (अब 2 डी) को दे दिया। सरकार के इस फैसले को बाद में कोर्ट में चुनौती दी गई है।

यह आरक्षण शुद्ध रूप से धार्मिक पहचान पर आधारित था, यहां तक कि इस कैटेगरी के लिए बनने वाले सर्टिफिकेट पर भी कास्ट के आगे मुस्लिम लिखा रहता था, जो संविधान सम्मत नहीं था। यहां गौरतलब है कि सामाजिक न्याय के आरक्षण के लिए अर्ह मुस्लिमों की अधिकतर पसमांदा जातियों को पहले से ही ओबीसी के कैटिगरी 1 (4 प्रतिशत), 2 ए (15 प्रतिशत) और एसटी (7 प्रतिशत) में रखा गया है, जो अभी भी यथावत बरकरार है। यानी पसमांदा जातियों को पहले की तरह ओबीसी के 19 प्रतिशत और एसटी के 7 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। जहां तक तेलंगाना और आंध्रा के ओबीसी की केटेगरी बीसी-इ (4 प्रतिशत) की बात है तो वो मजहबी पहचान/धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े होने की पहचान के आधार पर चिन्हित मात्र 13 मुस्लिम पिछड़ी जातियों (पसमांदा) को ही सम्मिलित किया गया है। बीसी-ए और बीसी-बी में मुस्लिम समाज की जातियां यथा मेहतर, दूदेकुला, नूरबाश, पिंजारी अन्य धर्मों के पिछड़ी जातियों के साथ पहले से ही शामिल हैं। ठीक इसी प्रकार केटेगरी बीसी-सी में केवल ईसाई धर्म की वंचित जातियां दर्ज हैं। इन दोनों कैटेगरी में केवल मुस्लिम और केवल ईसाई धर्म विशेष की पिछड़ी जातियों के दर्ज होने से यह भ्रम उत्पन्न होता है कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर है, जबकि यह पूरी तरह से संवैधानिक मंशा के अनुरूप शैक्षिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर है। इस भ्रम को दूर करने के लिए ओबीसी के वर्गीकरण पर पुनः विचार करते हुए धर्म निरपेक्ष वर्गीकरण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त देश के अन्य प्रदेशों में सारे मुसलमानों को नहीं, बल्कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों को ही ओबीसी और एसटी के आरक्षण में सम्मिलित किया गया।

सच्चर कमेटी के अनुसार ओबीसी आरक्षण के केन्द्र व राज्य सूची में असमानता अब भी मौजूद है। यह एक साधारण शिकायत है, जो केवल मुस्लिमों से ही जुड़ी हुई नहीं है। धार्मिक पहचान से परे ऐसे कई ओबीसी समूह हैं, जो राज्यसूची में हैं, लेकिन केन्द्र सूची में नहीं हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा अनुशंसित 95 सामाजिक समूहों को ओबीसी सूची में सम्मिलित किया गया है, लेकिन इनमें से केवल 65 समूहों को ही केंद्र सूची में जगह मिल पाई है। उत्तर प्रदेश की ओबीसी सूची में 74 जातियां सम्मिलित हैं, लेकिन केन्द्र की सूची में केवल 65 जातियां शामिल हैं। ऐसी विभिन्नता मुस्लिम ओबीसी की स्थिति में भी पाई जाती है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश की राज्य सूची में 37 समुदाय, मुस्लिम समूहों के रूप में सम्मिलित हैं, लेकिन उनमें से केवल 27 ही केन्द्रीय सूची में हैं। बिहार में सूचियों के नवीनीकरण के बाद 17 ओबीसी समूह ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश में 2 मुस्लिम समूह- मिर्शिकार व नानबाई को केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। गुजरात में मुस्लिम समूह जैसे कि जिलाया, तरियातई, मंसूरी, बरब, सूमरा, तरक कलाल और नहवैया राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में हैं, लेकिन केन्द्रीय सूची में नहीं। इसी प्रकार महाराष्ट्र में कई मुस्लिम समूह जैसे कि मंसूरी, पान फरोश, अतार, मुस्लिम मदारी, मुस्लिम गावली, दरवेशी, हाशमी (डफाली), नालबंद ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई ओबीसी सूचियों में भी कई ऐसी वंचित जातियां और समुदाय हैं, जिन्हें सूची में जगह नहीं मिली है। ऐसे कुछ मुस्लिम समूह है, जिन्हें केंद्र की सूची में जगह मिली है, परंतु जिन्हें अभी राज्य सूची में सम्मिलित किया जाना बाकी है।

बिहार में कलवार, राजस्थान में मुसूरी, उत्तर प्रदेश में आतिशबाज, पश्चिम बंगाल में राईन, कलवार, रंगबाज और चूड़ीहार ऐसे मुस्लिम समुदायों के उदाहरण हैं। अभी भी ऐसे कई समूह हैं, जिन्हें न तो केन्द्र और न ही राज्य की सूची में जगह मिल पाई है। यह बात न्याय संगत है कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों का उत्थान उनके मजहबी पहचान के इतर सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के अनुरूप हो। इसीलिए यह उचित है कि अनुच्छेद 341 के पैरा 3 को हटाकर मुस्लिम धर्मावलंबी और ईसाई धर्मावलंबी दलित को भी एससी आरक्षण में सम्मिलित किया जाए और ओबीसी आरक्षण की तरह एससी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर एवं वर्गीकरण किया जाए। दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों यथा कर्नाटका, तमिलनाडु और केरला के ओबीसी आरक्षण से शासक वर्गीय सशक्त अशराफ जातियों को बाहर निकाला जाए। साथ ही सच्चर कमेटी द्वारा दर्शायी गई केंद्रीय और राज्य सरकारों की जातिसूची की विसंगतियों को सुधारने का प्रयास हो। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी ईश्वरैया के मतानुसार केंद्र और राज्यों के अन्य पिछड़े वर्ग को तीन समूहों में विभाजित किया जाए ताकि मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो और आरक्षण किसी भी स्तिथि में मुस्लिम सांप्रदायिकता का मुद्दा न बनने पाए।

## प्रसंगवश

# आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य

आठवीं सदी से पहले भारत धार्मिक अव्यवस्था से ग्रस्त हो गया था जिसे अनुशासित और व्यवस्थित करने के लिए आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन को प्रतिष्ठित किया। श्रुतियों के भाष्यों में उन्होंने बताया की अनर्थ का मूल कारण भेद की भावना है, जो घृणा और भय उत्पन्न करती है। घृणा और भय ही जीवन और जगत के अशांति का कारण है। सर्वाहि घृणा तमनोन्यद दुष्टं पश्यतो भवति-अर्थात् जो नित्य अद्वैत आत्मा का अनुभव कर लेता है उसके लिए भय का कारण शेष नहीं रह जाता।


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सर्वात्म भाव ही वेदांत दर्शन का मूलभाव है, जो परम कल्याण का साधन है। वैदिक युग के अंतिम चरण का द्योतक वेदांत दर्शन का मुख्य आधार प्रस्थान त्रयी-ब्रह्मसूत्र उपनिषद् और गीता है, जो आज के संकट को दूर करने का आचार, विचार और दर्शन प्रस्तुत करता है। वेदांत में उपनिषदों के तत्वदर्शन को विशेष रूप से ग्रहण करते हुए अन्यान्य समाजपरक तथ्यों को शंकराचार्य ने महत्व दिया। हिन्दू धर्म में नवाचार करते हुए सभी वर्णों के लोगों को संन्यास की दीक्षा को शंकर ने जायज करार दिया। मनुष्य पंचक में उन्होंने एक स्थान पर लिखा है-कोई भी तत्वदर्शी मनुष्य मेरा सच्चा गुरु है चाहे वह द्विज हो चाहे चांडाल।

वैष्णव और शैव आचार्यों ने अनेक स्थानों पर शंकर के मत का विरोध किया, पर वस्तुतः शंकर दिग्विजय ने ही सनातन धर्म में प्राण संचरण किया। अद्वैत दर्शन ही वस्तुतः एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो परस्पर विरोधी मतों के अंतः में निहित सत्य है। शंकर ने स्थापित किया की धर्म जीवन के अंधकारमय संकटों का सामना करके केवल उसी अवस्था में जीवित रह सकता है, जब की वह विचार का उत्कृष्ट परिणाम हो। शंकर ने कहा की मनुष्य की आसुरी प्रवृत्ति उसकी भौतिक सत्ता का संयोग है उसकी आध्यात्मिक सत्ता का सत्य नहीं है। हमारी प्रवृत्तियों के अध्यात्मिककरण द्वारा मनुष्य जाति के आध्यात्मिक एकत्व में ही शांति और सुख के साम्राज्य की आशा निहित है। शंकर का वेदांत मनुष्य को उच्चतम आध्यात्मिक गौरव प्रदान करता है जिससे मनुष्य के हृदय में आत्मशक्ति दृढ़ होती है और वह लोभ, स्वार्थ, घृणा, द्वेष को अनुशासित कर पता है। सनातन संस्कृति के आद्य आचार्य को कोटि कोटि नमन।

# विराट और उदार, कुदरत जैसी मां

मां अन्ना कॉर्नेलिया का एक पोर्ट्रेट विंसेंट ने 1888 के बरस एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो को देखकर बनाया था। उन दिनों एक तरफ तो वह अपनी कला के शिखर पर था, दूसरी तरफ उसकी दिमागी हालत भी लगातार बिगड़ रही थी। उस पर पागलपन के दौरे पड़ते थे, उसका हाल इस कदर खराब था कि एक दफा उसने अपने दोस्त पॉल गोगां पर चाकू से हमला किया तो एक दफा अपना बायां कान काट कर एक लड़की को दे दिया। जीवनभर साथ चली गरीबी तो थी ही, उसे अपने घर-परिवार और खास तौर पर मां की बहुत याद भी खूब आती थी। यह और बात थी कि लगातार पेन्टिंग करना उसने कभी नहीं छोड़ा।

मां का चित्र बनाते हुए उसने अपने छोटे भाई थियो को चिठ्ठी में लिखा, "मां का बेरंग फोटो मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं उसे रंगों के ठीक वैसे संयोजन में देखना चाहता हूं, जैसे वह मुझे हमेशा याद आती है।" यह इत्तेफाक नहीं था कि उसने मां के इस चित्र में हरे रंग को इतनी सारी जगह दी। प्रकृति की विपुल उदारता के प्रतीक इस हरे से मोहब्बत करना उसे मां ने ही सिखाया था। यही हरा जब पकता है तो पीला बन जाता है और विन्सेन्ट के यहां यही दो रंग सबसे ज्यादा हैं।

उस जमाने के हिसाब से अन्ना कॉर्नेलिया की शादी काफी देर में हुई थी। खुद से तीन बरस छोटे पादरी थियोडोरस वान गॉग से विवाह के वक्त वे बत्तीस की हो चुकी थीं। उनके छह बच्चे हुए- तीन बेटे, तीन बेटियां। एक पादरी के घर पर जैसा धार्मिक और नैतिक माहौल होना चाहिए था, अन्ना कॉर्नेलिया ने उसे वैसा ही बनाया और अपने बच्चों को परिवार का सम्मान करना सिखाया। उनका मानना था कि संसार में मनुष्य की प्रसन्नता का


अशोक पांडे
हल्द्वानी

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं।

रहस्य परिवार के साथ रहने में निहित है। मां के बताए इन शुरुआती सबकों का असर रहा होगा कि विन्सेन्ट और उसके भाई-बहनों ने अपने जीवनकाल में एक-दूसरे को हजारों खत लिखे। ज्यादातर चिठ्ठियों में वे सब लगातार अपने बचपन को याद करते रहते हैं-गांव की पनचक्कियां, मां की बनाई डबलरोटी, बीमार घोड़े की आंख का आंसू, तकियों के गिलाफों पर मां की बनाई कशीदाकारियां।

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं। एक तरह से उन्हें विन्सेन्ट का पहला कला-गुरु भी कहा जा सकता है। अन्ना कॉर्नेलिया ने अपने बच्चों को कुदरत से मोहब्बत करना भी सिखाया। वे दिन में कम से कम घंटे के लिए सारे बच्चों को लेकर टहलने जाती थीं। घर पर उनके लगाए बगीचे में हर बच्चे को कुछ न कुछ काम करना अनिवार्य था-मां की संगत में वान गॉग परिवार के सारे बच्चों ने मिट्टी, बीज, अंकुर, पत्तों, टहनियों और जड़ों वगैरह को परिवार के संबंधों के मजबूत रूपकों के तौर पर देखना सीखा। यही रूपक विन्सेन्ट की सारी कला के गर्भ में पाए जा सकते हैं। पैसे की कमी से जीवनभर जूझते विन्सेन्ट को उसके छोटे भाई थियो ने लगातार सहारा दिया-अपनी कमाई का एक-एक पैसा उसके साथ बराबर बांटा और उसे कभी अकेला नहीं रहने दिया। जब 1885 में उनके पिता थियोडोरस वान गॉग की मृत्यु हो गई तो दो बरस बाद सबसे छोटा भाई इक्कीस साल का कॉर्नेलियस ड्राफ्ट्समैन की नौकरी करने अफ्रीका चला गया।

थियो पेरिस में रहता था, जबकि विन्सेन्ट को कभी कोई पक्का पता हासिल नहीं हुआ। बच्चों से बेपनाह मोहब्बत करने अन्ना कॉर्नेलिया को बेटों की लगातार फिक्र रहती थी। तीनों उससे दूर रहते थे और वे उन्हें लगातार चिठ्ठियां लिखती थीं। इसके बावजूद उनके जीवन का आखिरी हिस्सा किस कदर मुश्किल बीता होगा इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। अपने जीते जी इस मां को अपन तीनों लाड़लों की असमय मौत देखनी पड़ी। लिख देने में कितना आसान लगता है कि बुढ़ापे में किसी मां के साथ ऐसा घटे। मानव सभ्यता के सबसे बड़े कलाकारों में से एक को जन्म देने वाली अन्ना कॉर्नेलिया अपने सबसे छोटे बेटे की मौत के सात साल बाद तक जीवित रहीं।

विन्सेंट की तीनों बहनें-एलिजाबेथ, अन्ना और विलेमिना-मां की देख-रेख में तत्पर रहीं और तीनों ने पिचहत्तर से ज्यादा बरस की उम्र पाई। हॉलैंड के बादशाह की लाइब्रेरी में किताबों के आधिकारिक बाइंडर रहे विलेम कारबेन्टस की इस बेटी अन्ना कॉर्नेलिया के इस हरे पोर्ट्रेट को देखना मुझे हमेशा भावुक बनाता है। दुनिया की हर मां की तरह विन्सेन्ट वान गॉग की मां भी अकल्पनीय रूप से विराट और उदार थीं- बिल्कुल मां कुदरत जैसी।

## सोशल फोरम

# सम्मान मांगने की चीज नहीं

मेरी मां मेरे बारे में एक बात अक्सर कहती है। "तुम्हारी रीढ़ की हड्डी में कुछ समस्या है ये जल्दी मुड़ती नहीं है" ये बात सच भी है। जब मैंने किसी के पैर छुए हों। ऐसा नहीं कि मैं लोगों का आदर नहीं करता, उन्हें इज्जत नहीं देता, लेकिन मेरा सम्मान केवल प्रणाम तक ही सिमटकर रह जाता है।

मेरे पिता भी मेरी इस आदत को अच्छी तरह जानते थे। इसलिए मेरी शादी की सारी रस्में समाप्त होने के बाद जब मैं सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए उनके चरण स्पर्श कर रहा था तो मेरे पिता ने मजाक में एक बात कही। बेटा और कही नहीं झुकना है तो मत झुको, लेकिन शादी के बाद एक जगह झुकने की आदत डाल लो तो सुखी रहोगे। नहीं झुकने की मेरी समस्या आज भी बरकरार है। आप मुझे संस्कारहीन, घमंडी वगैरह वगैरह कुछ भी कह सकते है, लेकिन मेरे कुछ अपने तर्क है। इज्जत, सम्मान, आदर मांगने की चीज नहीं है। ये कोई आपका अधिकार नहीं है। ये तो अपने व्यवहार, सोच, काम से हासिल किया जाता है। अगर आप सोचते है कि मैं आपके सामने केवल इसलिए झुकूं की आप मुझ से 10 या 15 साल पहले इस दुनिया में आए है तो ये कारण मुझे मंजूर नहीं। क्योंकि ये बुजुर्ग आज भी वैसे ही है, जैसा मैंने इन्हें आज से 30-35 साल पहले देखा था। अपनी सड़ चुकी मान्यताओं और पुरानी पड़ चुकी सोच के साथ ये आज भी वही के वही खड़े हैं। दुनिया तब से आज तक बहुत आगे निकल गई है, पर ये एक कदम भी चलने को तैयार नहीं।


तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

आज तक मैंने ऐसा कोई बुजुर्ग नहीं देखा जो आपको समय से आगे निकलने के लिए प्रेरित करे। सभी ढेर सारे हिले-हवाले देकर आपको बस पीछे खींचने में लगे रहते हैं। बुजुर्ग नाराज होकर कहते है कि हमने बाल धुप में सफेद नहीं किए, तो मन में आता है कि कह दूं जनाब आपने शायद बाल धुप में ही सफेद किए हैं, लेकिन कह नहीं पाता। कही न कही संस्कार आड़े आ जाते हैं। ऐसा नहीं कि झुकना, चरण स्पर्श करना गलत है और मुझे इसमें आपति है, लेकिन इसके लिए सामने वाले में पात्रता भी होनी चाहिए। योग्यता भी होनी चाहिए। उसे इस काबिल भी होना चाहिए। केवल उम्र का आधार मेरे लिए काफी नहीं है।

**-फेसबुक वॉल से**

# डीके खापर्डे और दलित राजनीति

कांशीराम को बाबा साहब आंबेडकर और उनके आंदोलन के विषय में डीके खापर्डे जी ने ही विस्तृत ज्ञान दिया था। कांशीराम से खापर्डे जी को मिलवाने में मुख्य भूमिका महामना दीनाभना की थी। डीके खापर्डे ने ही डॉ आंबेडकर की लिखी प्रसिद्ध पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' मान्यवर कांशीराम को पढ़ने को दी। यहीं से साहब कांशीराम से बहुजन नायक बनने और बहुजन राजनीति की कहानी बनती है। अब सवाल यह है कि स्वतंत्र दलित नेतृत्व की राजनीति क्या हाशिए पर है? इस लोकतंत्र के पर्व में अपने दम पर कितना दम दिखा पाएगी? अभी भी जो दलितों की बड़ी संख्या बहुजन समाज पार्टी के हिस्से में है, उसका कारण अनुसूचित जातियों का भावनात्मक लगाव भी है।


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

मैं फिर कोड करना चाहता हूं डीके खापर्डे जी को, उनका मानना था कि सबसे पहले सामाजिक परिवर्तन उसके बाद राजनीतिक परिवर्तन और अंत में व्यवस्था परिवर्तन, व्यवस्था परिवर्तन का मतलब देश की सत्ता सरंचना में बदलाव। सत्ता सरंचना का स्वरूप नहीं बदलने से व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो रहा है। डीके खापर्डे, दीनाभाना, कांशीराम ने बहुजन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर बंजर जमीन को राजनीतिक उपजाऊ जमीन तैयार की थी। खापर्डे व मान्यवर साहब ने अपने को आगे बढ़ाने के बजाय योग्य और सक्षम कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया। संगठन में व्यक्तिवाद के स्थान पर संस्थागत सामूहिक नेतृत्व में उनका विश्वास था, जो सामाजिक न्याय के आंदोलन कभी बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी के नाम थे। आज कांग्रेस के राहुल गांधी, अखिलेश यादव बहुत मजबूती के साथ जाति जनगणना, आरक्षण, संस्थाओं में हिस्सेदारी की बात सभाओं में रख बहुजनों को आकर्षित कर रहे हैं। तीनों साथियों ने और अन्य सामाजिक जागरूक लोगों को जोड़कर अनुसूचित जातियों/ जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग और धर्मान्तरित अल्पसंख्यक समाज का थिंकटैंक बनाया। फुले, आंबेडकरी विचारधारा के तहत गैर राजनीतिक जड़ें यानि सामाजिक जड़ें मजबूत करने के लिए काम किया। 6 दिसंबर 1978 को दिल्ली में इस वैचारिकी को मूर्त रूप देकर वामसेफ की दिल्ली में स्थापना की जिसका काम समाज को दिशा दिखाना था। यहीं से 1981 में डीएस 4 फिर 14 अप्रैल 1984 में बहुजन समाज पार्टी राजनीतिक दल की स्थापना हुई। मान्यवर कांशीराम अध्यक्ष बनें, डीके खापर्डे सामाजिक सोच को मजबूत करना चाहते थे जिनका जन्म 13 मई 1939 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था, जो कि व्यवस्था परिवर्तन में सहायक हो।



कांशीराम ने राजनीति को तरजीह दी जैसा कि डॉ आंबेडकर सोचते थे कि राजनीतिक सत्ता सामाजिक प्रगति की कुंजी है। बहुजन समाज पार्टी महापुरुषों की विचारधारा के मुताबिक जल्दी ही बहुजन समाज में जगह बनाने में कामयाब हुई और उत्तर प्रदेश में सत्ता तक पहुंची। अन्य कई राज्यों में भी सांसद व विधायक बनाने में कामयाब हुई। निश्चित ही अन्य राजनीतिक दलों को अपने एजेंडे बदलने पड़े, उन्होंने अपने दलों में पिछड़े व दलितों को राजनीति में तरजीह मिलने लगी। बाबा साहब आंबेडकर की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने भी उत्तर प्रदेश में एमपी बनाए थे। धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई, जो भी अस्तित्व बचा वो महाराष्ट्र में ही है। समाजवादी आंदोलन से निकलकर रामविलास पासवान ने भी लोकजन शक्ति पार्टी का गठन कर बिहार में राजनीति को प्रभावित किया। उनके न रहने पर उनके परिवार के झगड़े में पार्टी कमजोर हुई। अब नेतृत्व उनके बेटे चिराग पासवान के हाथ है और भाजपा के साथ गठबंधन में है। बहुजन समाज पार्टी अपने बल पर लोकसभा चुनाव के समर में अकेले हैं। किसी से गठबंधन नहीं है, 2007 में अकेले ही पूर्णरूप से उत्तर प्रदेश में सत्ता पर स्थापित हुई मुख्यमंत्री बहन मायावती बनीं। यह राजनीतिक अचंभा था, जो समाज सामाजिक व्यवस्था में निम्नतम था वो भी महिला अनुसूचित समाज की पिछड़े दलित के अलावा अन्य सवर्णों ने भी उनके नेतृत्व को स्वीकार किया। भरपूर वोट देकर पूर्णरूप से सत्ता तक पहुंचाया, उनके निर्णय, सत्ता चलाने की कार्यशैली अपराध पर नियंत्रण ने उनको आयरन लेडी बना दिया। उन्होंने अपनी सरकार के दौरान लखनऊ व नोएडा में परिवर्तन स्थल प्रेरणा स्थल में उन महापुरुषों को स्थापित किया, जो सामाजिक क्रांतिकारी थे। वे आज भी और कल भी लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

# मां से मोहब्बत

अब क्या मां पर भी लिखना होगा! कैसे लिखेंगे, क्या लिखेंगे? वह तकलीफ लिखें जो उनके पेट में रहकर, अंदर से शरारतन हमारे पहली बार टांग मारने से उन्हें हुई थी। उस दर्द को लिखें जो हमारे पैदा होने में उन्होंने सहा था। उस एहसास को कैसे लिखें जब वह पहली बार मुझे देख तमाम तकलीफ को दबाकर मुस्कुराई थीं। अपने बड़े से हाथ में मेरा पूरा बदन लेकर कहा था आज से मैं तेरा साया हूं। कैसे लिखूं उन उंगलियों पर जिन्होंने पूरे बदन पर ऐसे मालिश कि मैं आज भी सख्त पत्थरों से जूझने लायक बना। उस दूध पर लिखने की सलाहियत मुझमे नहीं। उन निवालों पर क्या लिखा जाए, जो बिना मेरे भूख-भूख पुकारे मेरे मुंह में अनगिनत बार डाल दिए गए। मैं या कोई भी मां पर कैसे लिखे? आप और हम सारे एहसास, जज्बात, मोहब्बत सब लिख सकते हैं, मगर मां पर कलम खुद बच्चा हो जाती है।


हफीज किदवई
लेखक

हां एक बात जो मैं हमेशा सोचता हूं, वह यह कि मेरी मां मेरे सामने दुनिया छोड़े न कि उसके सामने मैं। मरना सभी को है, मगर मैं नहीं चाहता एक मां अपने बेटे के मरने का दर्द सहे। यह पीड़ा उसके जीवन की सबसे दर्दनाक पीड़ा है। हां, मैं बेटा होकर उस दर्द को उठा लेना चाहता हूं। मैं कोई अच्छा बेटा नहीं हूं, फिर भी मैं जब उनके पैरों को दबा रहा होता हूं, तब ही दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर को छूने का एहसास होता है। तकलीफ तब होती है जब देखता हूं कोई नौजवान मां को नासमझ समझ कर उन्हें दुत्कारता है। मां का जिसके दिल में एहसास हो गया वह दूसरे को नुकसान तो नहीं ही पहुंचा सकता। मैं क्या कहूं यह उल्टा सीधा लिखते-लिखते दिल भरने लगता है। मां का एहसास लफ्ज से क्या लिखें? दिल खुद उसकी गवाही दे रहा होगा।

मदर्स डे पर मूसा की कैफियत को देखना। मूसा कोहेतूर (पहाड़) पर बेधड़क दौड़े चले जाते थे। एक रोज दौड़ते हुए पहाड़ पर जा रहे थे कि एक पत्थर पर ठोकर लगी और वह मुंह के बल गिर गए, तब आसमान की तरफ शिकायती अंदाज़ में देखा। उधर आसमान से आवाज आई "ऐ मूसा अब संभल कर चला करो। तुम्हारे लिए दुआ करने वाले अब हाथ नहीं रहे। वह मां खत्म हो गई, अब एहतियात रखना।" मूसा के आंसू आ गए। सोचिए वह तो पैगंबर थे तो हम और आप को उस मां की कितनी जरूरत है। उनकी दुआओं की कितनी दरकार है राम जी ने सौतेली मां के मान को रखकर, जंगल की पीड़ा चुनी, क्या तब भी हम यह नहीं समझे कि किसी भी मां की इज्जत करना ही हमारा धर्म है। मां के दिल में अगर किसी बेटे का खौफ आ गया तो वह बेटा जुल्मी है। मां से मोहब्बत तो जरूरी ही है उनकी इज्जत तो फर्ज है।

आज गिरह बांध लो मां की इज्जत की गिरह। उनके दिल को तकलीफ मत पहुंचाना वरना बिखर जाओगे। कई बार कुछ माएं गलत हो सकती हैं। बच्चों से हकतल्फी कर सकती हैं, मगर तभी राम जी जैसे किरदार उठ खड़े होकर बतलाते हैं, मां का कहना मानो। भले ही दर्द हो, भले ही दिल टुकड़े-टुकड़े हो जाएं, मगर मां पर गुस्सा मत पलटो। लोग कहेंगे, क्या सिर्फ एक दिन मां की इज्जत होगी, हम कहेंगे, जो पूरे साल इज्जत करते हैं, वही तो यह एक दिन मनाएंगे। आपने पूरे साल मां को आजिज किया है तो आज के एक दिन अगर दिखावटी प्यार उमेड़ोंगे, तो अनगिनत जोरदार तमाचे ही तो स्वागत करेंगे। यह एक दिन उनके लिए है, जो हमेशा इज्जत करते हैं और एक दिन व्यक्त कर देते हैं।

# 50 लाख वोट एकमुश्त साधने की छटपटाहट कुछ यूं ही नहीं

सपा, भाजपा या फिर अन्य दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जुटे

## व्यापारी सम्मेलन के बहाने वोट बैंक पर नजर: भाजपा

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** व्यापारियों को अपने पाले में लाने की छटपटाहट दलों में यूं ही नहीं है। वजह है एक एकमुश्त बड़ा वोट बैंक। प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब पचास लाख व्यापारी है। वहीं राजधानी लखनऊ में इनकी संख्या 50 हजार के पार है। परिवार में अगर पांच सदस्यों को उनसे परोक्ष और अपरोक्ष रूप से जुड़ा मान लिया जाए तो सूबे में व्यवसायियों की संख्या करीब ढाई करोड़ और राजधानी में ढाई से तीन लाख पहुंच जाती है। छोटे, मंझोले और बड़े व्यापारियों की संख्या जोड़ी जाए तो आंकड़ा और बड़ा हो जाता है। यानी यह एक ऐसा बड़ा वोट बैंक है जो दिखता नहीं लेकिन चुनावी गणित के फेरबदल में अपनी महती भूमिका अदा करता है। ऐसे में सभी दल कारोबारियों को जोड़ने की फिराक में हैं। यह बात अलग है कि भाजपा इन सभी दलों में सबसे आगे है। वहीं सपा पोल खोलो अभियान के जरिए व्यापारियों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश में है। यही नहीं जनपदवार दौरे कर व्यापारियों को साधा जा रहा है। मतदान के करीब आधे चरण पूरे होने को हैं लेकिन दो बड़े दलों के अलावा अन्य ने अभी बाजारों में न तो कोई बड़े कार्यक्रम लगाए हैं और न ही कोई कारोबारी सम्मेलन किए हैं।

सपा हो या भाजपा। सभी दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। सपा समर्थित व्यापारी नेता कहते हैं कि चुनाव की फेजवार रणनीत बना जिलों का दौराकर व्यवसायी समाज से सीधे जुड़ने की कोशिश है। वहीं भाजपा और उसके आनुषंगिक संगठन व्यापारी सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ चुके हैं। मतदान तिथियों से पूर्व हुए सम्मेलन फिलहाल यही संदेश दे रहे हैं कि प्रदेश के दोनों बड़े दल व्यापारियों को जोड़ने में पीछे नहीं रहना चाहता है।



### हुए यह काम

- प्रदेश सरकार ने मंडी शुल्क घटाकर 1.5 प्रतिशत किया। रंगदारी रुकी। मंडी में पंजीकृत व्यापारियों को तीन लाख रुपये का बीमा दुर्घटना दिया जा रहा है। दो लाख क्षतिपूर्ति बीमा। एक मुश्त 15 साल का पंजीकरण शुल्क लेकर आजीवन लाइसेंस दिया गया। व्यापार मंडल के अनुरोध पर ओबरा विस्तारीकरण के दौरान एक हजार व्यापारियों की सुधि ली गई। शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया। जिन दुकानों में कर्मी नहीं वहां का पंजीकरण श्रम विभाग से किया गया मुक्त। डेढ़ गुना शुल्क लेकर साप्ताहिक बंदी से मुक्त किए गए दुकानदार। जल्द ही व्यापारियों के दस लाख रुपये का बीमा किए जाने की उम्मीद। वहीं केंद्र सरकार ने व्यापारियों को दस लाख का बीमा प्रदान किया गया। 40 लाख से कम का कारोबार करने वाले व्यापारी को जीएसटी से मुक्त किया गया। कालाबाजारी से मुक्त कर गैस सिलेंडर को उनके तय स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। कम ब्याज पर कर्ज उपलब्ध कराए जाने समेत कई मामलों को धरातल पर लाया गया।

### इस गणित पर करें गौर

- प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब –50 लाख व्यापारी
- एक परिवार के 5 सदस्यों को साथ जोड़ा जाए तो प्रदेश में यह संख्या– 2.5 करोड़ कारोबारी
- लखनऊ क्षेत्र में व्यापारी – 50,000 व्यवसायी
- पांच सदस्यों को शामिल करने पर संख्या ढाई से 3,00,000 व्यापार
- प्रदेश में छोटे–बड़े बाजारों की संख्या 5,000

## पोल खोलो अभियान के जरिए बता रहे हैं व्यापारियों को हकीकत: सपा



सरकार के काम बताते हैं। जिन मांगों पर काम हुआ उसे भी गिनाया। दस फीसद व्यापारियों को सीट दी गई है। प्रदेश की 80 सीट में से आठ पर व्यापारी ताल ठोंक रहा है। व्यापारी संदेश यात्रा निकाल कारोबारियों को सरकार से जोड़ रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने कई मांगें पूरी की हैं। लंबित मांगों पर भी ध्यान दिया जाए। –**बनवारी लाल कंछल,** प्रांतीय अध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल



व्यापारियों की पहली प्राथमिकता उनकी सुरक्षा है। जो दल उनको सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दे रहा है व्यापारी समाज उसके साथ है। चुनाव का माहौल बनाने में भी समाज का बड़ा योगदान रहता है। दूसरे सीधे आमजन से जुड़ता है। कर्मचारियों की मिला लिया जाए तो और बड़ा वोट बैंक बन जाता है। कई मुद्दों पर व्यापारी सरकार के साथ है। –**संजय गुप्ता,** अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल



यह सही है कि व्यापारियों को जोड़ने में भाजपा अन्य दलों से आगे है। सरकार के काम गिनाते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश ठप था तब व्यापारी खाना, राशन और दवाएं पहुंचा रहा था। लेकिन व्यापारियों की कई मांगों पर अभी ठोस पहल की आवश्यकता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए अफसरशाही पर अंकुश लगाना होगा।

–**अमरनाथ मिश्र,** अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल



व्यापारी सरकार के साथ हमेशा खड़ा रहता है। इस बार भी वह पीछे नहीं है। मतदान में आगे दिखेगा। डोर–टू–डोर व्यापारियों से जाकर मिला जा रहा है। लेकिन कोई तो उसकी समस्या सुने। सरकारों को व्यापारी वर्ग की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान देना होगा। जीएसटीएन में तमाम दिक्कतें हैं। व्यापारी इससे उबर नहीं पा रहा है।

–**संदीप बंसल,** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

### व्यापारियों के समक्ष रख रहे पक्ष, खोल रहे पोल



**अमृत विचार** : केन्द्र सरकार व्यापारियों के हित में नहीं है। नोटबंदी के दौरान सबसे अधिक उत्पीड़न व्यापारियों का हुआ है। इसी को लेकर सपा की व्यापार सभा इकाई प्रदेश के हर लोक सभा क्षेत्र में भाजपा की पोल खोलो अभियान चला रही है। इसमें कोरोना काल के दौरान व्यापारियों के उत्पीड़न सहित अन्य विषयों को शामिल किया गया है। बताया कि सपा धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम से जुड़े मामले में व्यापारियों के पक्ष में नहीं हैं। महत्वपूर्ण योजनाओं में सपा सरकार ने व्यापारियों के लिए दस लाख रुपये निशुल्क बीमा योजना की स्कीम चलाई थी। सरकार ने पटरी दुकानदारों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

**प्रदीप जायसवाल,** प्रदेश अध्यक्ष, सपा व्यापार सभा

### चुनावी फेज में जिलों के दौरे ला रहे रंग



व्यापारियों को सपा के साथ लाने के लिए जनपद स्तरीय दौरे तय किए गए हैं। चुनावी फेज को देखते हुए चरणवार चुनावी जिलों की ओर रुख किया जा रहा है। व्यापारी नेता कारोबारियों को साथ लाने के लिए जिलों में निरंतर दौरे कर रहे हैं। सम्मेलन के बजाए व्यापारियों तक सीधे पहुंचने की कोशिश है। व्यापारियों के साथ सख्ती की जाती है।

**पवन मनोचा,** प्रवरिष्ठ व्यापारी नेता

## इलेक्शन बायस्कोप



रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। यह जनसभा में मौजूद भारी भीड़ देखकर गदगद मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में परिंदा भी पर न मारने की बात करने वाले देख लें, आज रामभक्तों को रेला उमड़ रहा। –अमृत विचार

# कम सीटों के साथ कांग्रेस का बड़ा लक्ष्य

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** वर्तमान में चल रहे चुनावी समर में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। जहां कांग्रेस अपनी खोई प्रतिष्ठा को वापस पाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहीं है। वहीं दूसरी ओर भाजपा अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि प्रदेश में 2019 में केवल रायबरेली सीट जीतने वाली कांग्रेस कैसे यूपी फतह कर पाएगी। सात में से तीन चरण का मतदान हो चुका है और चौथे चरण का मतदान आज सोमवार को है।

कांग्रेस इस बार अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस इस बार प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रहीं है। सीटों की संख्या के लिहाज से छोटी नजर आ रही इस चुनावी जंग के लिए कांग्रेस ने बड़ा लक्ष्य तय करने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है लेकिन उसे गठबंधन की बाकी पार्टियों से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। कांग्रेस की रणनीति है कि पार्टी भले ही कम सीटों पर चुनाव लड़ रही हो लेकिन उनका गठबंधन सीटें ज्यादा जीते। पिछले चुनाव की बात करें तो यूपी में कांग्रेस अकेले लड़कर केवल एक रायबरेली सीट ही जीत सकी थी। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी भी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने 1999 में 76 सीट पर चुनाव लड़ा था जिसमें उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल और रिपब्लिकन पार्टी थीं। इसमें कांग्रेस को 10 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 14.72 था। लेकिन तब उत्तर प्रदेश में लोक सभा सीटें 85 थी। 2004 में 73 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ी थी और उसे महज 9 सीटों पर ही जीत मिली थी। यह चुनाव भी कांग्रेस ने रालोद के साथ गठबंधन में लड़ा था और उसे 12.4 प्रतिशत वोट मिला था।

▸▸ **कांग्रेस ने 2014 में जीती थी केवल दो सीटें, 2009 से गिरता गया ग्राफ**

2009 में कांग्रेस बिना गठबंधन के 80 सीट पर चुनाव लड़ी थी और उसे 21 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 18.3 प्रतिशत था। इस चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव की अपेछा ज्यादा सीटें मिली थीं। वहीं सपा को 23, बसपा को 20 और बीजेपी को 10 सीटे मिली थी। 2014 के चुनाव ने पूरा समीकरण ही बदल दिया था। कांग्रेस 21 से सीधे दो सीट पर आ गई थी और वह भी उसकी परम्परागत सीट अमेठी और रायबरेली थीं। वहीं बीजेपी ने चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए 71 सीट पर जीत दर्ज की थी। सबसे बुरा हाल 2019 के चुनाव में कांग्रेस के साथ हुआ। राहुल गांधी अपनी परम्परागत सीट अमेठी भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए और केवल सोनिया गांधी रायबरेली से अपनी सीट बचा पाईं। इस बार अमेठी से कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उम्मीदवार है।

# मतदाताओं ने रोचक बनाया मुकाबला

## बहराइच सुरक्षित सीट पर रोमांचक होगा मुकाबला

## भाजपा के आनंद व रमेश के बीच मुख्य मुकाबला

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार** : बहराइच सुरक्षित सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा। लेकिन इस बार का चुनाव एक तरफा नहीं होगा। मतदाताओं की चुप्पी ने लड़ाई को और ही रोमांचक बना दिया है। अब मतदान और मतगणना के बाद ही प्रत्याशी के जीतने के बारे में पता चलेगा।

बहराइच सुरक्षित सीट पर इस समय भाजपा का कब्जा है। इससे पूर्व भी वर्तमान सांसद ने भाजपा सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन पुत्र डाक्टर आनंद कुमार गौड़ के टिकट मिलने के चलते वह हैट्रिक लगाने से चूक गए। समाजवादी पार्टी ने इस बार रमेश को प्रत्याशी बनाया है। जबकि बहुजन समाज पार्टी ने प्रोफेसर बृजेश सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इस बार के चुनाव में जनता की चुप्पी से सभी प्रतयाशियों की मुश्किलों को बढ़ाने के साथ ही चुनाव को रोचक बना दिया है।

पार्टी के समर्थकों को छोड़ दिया जाए तो आम मतदाता कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं की चुप्पी से भी भाजपा और सपा प्रत्याशी के मन में संशय है। हालांकि अब ज्यादा समय भी नहीं बचा है। सोमवार सुबह से बहराइच सुरक्षित सीट के लिए मतदान शुरू हो जाएगा।



आनंद कुमार गौड़



रमेश गौतम



बृजेश सोनकर

- **सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी मैदान में**

इसके बाद ही किसी भी प्रत्याशी के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है।

हालांकि चुनाव मैदान में सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के बाद शाम छह से सात बजे के बाद ही चुनाव के हवा का रुख पता चल जायेगा। मालूम हो कि अभी तक इस सीट से आरिफ मोहम्मद खान तीन बार, वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड और पदम सेन चौधरी ही दो दो बार चुनाव जीत चूक हैं। मनरेगा लहर में कांग्रेस प्रत्याशी कमांडो कमल किशोर भी चुनाव वर्ष 2009 में जीत चुके हैं।

### बहराइच लोकसभा सीट पर मतदाता

वर्ष- 2024





# डुमरियागंज: महिला प्रत्याशी नहीं जीत पाई चुनाव

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में आजादी के बाद से लेकर आज तक लोकसभा डुमरियागंज से कोई भी महिला दिल्ली की श्रेष्ठ पंचायत में नहीं पहुंची। यहां के लोकसभा चुनाव में महिलाओं ने तो चुनाव लड़ने के लिए अपनी सहभागिता दर्ज कराई है किंतु अभी तक कोई भी महिला लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई। जबकि लोकसभा डुमरियागंज से कांग्रेस के कद्दावर नेता मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा जैसी बड़ी नेता लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। मालूम हो कि डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र आज भी पिछड़ों में गिना जाता है और केंद्र सरकार की सूचि में जनपद आकांक्षा जनपद के रूप में प्रचलित है।

विकास की दृष्टि से देखा जाए तो अभी भी है जनपद उद्योग विहीन जनपद है। भारत नेपाल सीमा पर होने के कारण यह जनपद विकास से काफी अछूता है। यहां महिलाओं की भागीदारी दिल्ली की पंचायत में ना के बराबर है जबकि सरकार महिला सशक्तिकरण पर काफी फोकस करती है। आजादी के बाद से लोकसभा डुमरियागंज में अभी तक महिलाओं ने अपनी किस्मत तो आजमाई किंतु चुनाव जीतने में काफी पीछे रही इस बार भी एक निर्दल महिला चुनावी समर में कूद कर अपनी किस्मत आजमा रही हैं लेकिन अभी देखा जाए तो इस चुनावी दौर में हो काफी पीछे दिखाई दे रही है।



मोहसिना किदवई



सीमा मुस्तफा

- **मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा लड़ चुकी हैं चुनाव**

## चुनावी चक्कर

- **उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिजन शहनाई से करेंगे मोदी का स्वागत :**

शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को काशी की सड़कों पर रोड शो निकालेंगे। यह रोड शो देश के अन्य रोड शो से बिल्कुल जुदा होगा। नरेंद्र मोदी अपने रोड शो में शामिल होने के लिए काशीवासियों के घर–घर निमंत्रण भेज रहे हैं। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आ रहे हैं। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिवार के सदस्य मदनपुरा के पास शहनाई वादन से नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे। मदनपुरा में ही पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम लोग पुष्प वर्षा करेंगे। पूर्व सांसद से लेकर विधायक, एमएलसी और मंत्री सभी अपने सांसद का स्वागत करेंगे। रोड शो में देश के लगभग हर प्रांत के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुसार स्वागत करेंगे। रोड शो के दौरान मिनी इंडिया की झलक के साथ उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी देखने को मिलेगी। 11 बीट के अन्तर्गत 10 –10 प्वाइंट यानि लगभग 100 प्वाइंट बनाए गये हैं, जिन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इन प्वाइंट पर फूलों की बरसात की जाएगी। ढोल–नगाड़े बजाए जाएंगे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री का अपनी माँ की पैर छूते हुए तस्वीर भी दिखाई देगी।

# इस बार मोहनलालगंज में त्रिकोणीय मुकाबला

उमेश गुप्ता, निगोहां/ लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो रही हैं। प्रत्याशियों ने चुनावी रणभूमि में पूरी ताकत झोंक रखी है।

बात करे मोहनलालगंज लोकसभा सीट की तो इस बार भी केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर तीसरी बार चुने जाने के लिये दिन-रात जुटे हैं वहीं इंडिया गठबंधन के सपा उम्मीदवार आर के चौधरी जो कि मोहनलालगंज विधानसभा से कई बार विधायक व बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं कि क्षेत्र की जनता से अच्छी पकड़ है। अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान ने पार्टी के कोर वोट के सहारे इस सीट के मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सासंद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर से कुछ क्षेत्रों के मतदाता नाराज हैं ,जनता की मांग के बाद भी अब तक मोहनलालगंज व निगोहां रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, आरक्षण केन्द्र, समेत मोहनलालगंज मऊ रोड पर रेलवे क्रासिंग पर आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु ओवरब्रिज का निर्माण ना कराये जाने व नहरों में पानी का न आना है। यहां के मतदाताओं की नाराजगी का प्रमुख कारण हैं। लेकिन वहीं मोदी और योगी का चेहरा इनके लिए फायदेमंद साबित हो रहा है और ये जनता से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए खुद को जिताने की अपील कर रहे हैं।

दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी यहां अपनी बिरादरी समेत यादव व मुस्लिम वोटों से अपनी जीत निश्चित मान रहे हैं। आरके चौधरी बसपा की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह मोहनलाल गंज सीट से 3 बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत अपना चुके हैं। जहां उन्हे हार का सामना करना पड़ा है , इस बार ये भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देते आ रहे हैं। यह सीट 1962 से ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, इसके बाद भी बसपा यहां से कभी नहीं जीती। इस बार वैतरणी पार करने के लिए बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान पर दांव लगाया है, जातीय समीकरण देखें तो यहां सबसे अधिक 34.14 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति की है। बसपा इन्हें अपना कैडर वोट समझती हैं, बसपा प्रत्याशी इसी को जीत का अधार मान कर इन मतदाताओं में अपनी पकड़ बनाने में जुट हैं।



सांसद कौशल किशोर



आरके चौधरी



राजेश कुमार

### 11 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

वहीं लखनऊ से सटी मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा सपा ने आरके चौधरी, बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, राष्ट्रीय समाज पार्टी से बृजेश कुमार विक्रम को टिकट मिला है। साथ ही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेट पार्टी से एसएल सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूरज कुमार, आम जनता पार्टी इंडिया से सुनीता छेदा पासी को टिकट मिला है। जबकि सुशील कुमार रावत, रमेश कुमार, जितेंद्र कुमार और महेंद्र निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक रहे हैं। इस तरह मोहनलालगंज सीट से 11 कैंडिडेट ताल ठोक रहे हैं।

### विस की सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा

मोहनलालगंज लोकसभा सीट के अंदर विधानसभा की पांच सीटें आती हैं, पांचों सीट पर भाजपा का कब्जा है, इस लोकसभा सीट के अंतर्गत मलीहाबाद, बख्शी का तालाब , सरोजिनी नगर और मोहनलालगंज और सीतापुर जिले की सिधौली सीट आती है।

### 2019 में किसको मिले कितने मत





## अपनी ढपली अपना राग



चैनल पिक करिए, एंकर चुनिए, दोनों भाई बहन एक तरफ और भाजपा के एक प्रवक्ता एक तरफ़..दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। – **स्मृति ईरानी**



छोटे व्यवसायी , महिलाएं परेशान हैं। 10 वर्षों में स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, आपको चैनलों पर सारी अच्छी चीजें दिखाई जाती हैं। – **प्रियंका गांधी**



सरकार की नीयत और नीति दोनों में खोट है। वह भेदभाव की राजनीति करते हैं। समाज में भेद लगाकर वोट हथियाना चाहते है। – **डिंपल यादव**



पिछड़ा, मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर न लें। शिक्षा, सदन, कमाई, पढ़ाई में हमारी हिस्सेदारी जाति के आधार पर होनी चाहिए। – **पल्लवी पटेल**

## एक नजर

### फ्रांस के राजनयिक ने किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: फ्रांस के राजनयिक लॉरेंट त्रिपोने ने रविवार को गोरखपुर पहुंचकर गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने गीताप्रेस, रामगढ़ताल क्षेत्र समेत गोरखपुर के कुछ प्रमुख स्थलों का भी दौरा किया। इसके बाद उन्होंने इसे नव विकसित शहर बताया। लॉरेंट त्रिपोने, भारत स्थित फ्रांसीसी दूतावास में प्रधान राजनीतिक काउंसलर के पद पर तैनात हैं।

### आजमगढ़: 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमृत विचार : आजमगढ़ पुलिस ने रविवार को 50 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 13 मुकदमें दर्ज थे। लंबे समय से पुलिस अपराधी की तलाश कर रही थी। लंबे समय तक न मिलने पर आईजी रेंज ने 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। रविवार की सुबह जिले की फूलपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि 13 मुकदमों में वांछित अपराधी दिलशाद ग्राम कौड़िया स्थित प्राथमिक पाठशाला के पास किसी से बातचीत कर रहा है।

# चौथे चरण की 13 सीटों पर मतदान आज

## पोलिंग पार्टियां पहुंचीं, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर मतदान 13 मई को होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रविवार शाम तक बूथों पर पहुंच गई। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों को अर्धसैनिक बलों के साथ प्रदेश पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। गर्मी व लू को देखते हुए मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर छाया की व्यवस्था, बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगजनों के बैठने के लिए कुर्सियां, स्कूल बेंच की व्यवस्था की गई है। पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं के साथ पर्याप्त ओआरएस व मेडिकल



पत्रकारों को जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

किट उपलब्ध कराया गया है। इस चरण में शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) मतदान होगा। इन 13 सीटों पर 130 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

20,415 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 12339 मतदान केंद्र हैं।

उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचाने व स्वास्थ्य के दृष्टि से मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी।

### पहचान पत्र न होने पर भी 12 विकल्पों से डाल सकेंगे वोट

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में मतदाता 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों-विधायकों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड शामिल हैं।

### आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 11 मई तक पुलिस विभाग की ओर से आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4715 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांतिभंग की आशंका में 27,38,825 लोगों को पाबंद करने के नोटिस भेजे गए हैं। 25,01,487 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

# 131.49 लाख रुपये, शराब और ड्रग पकड़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में 131.49 लाख रुपए, शराब और ड्रग जब्त की गई है। निर्वाचन में लगे अधिकारियों को कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों और उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी आदि को जब्त किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने एक मार्च से अब तक 4,1,664.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की है।

इसमें 3368.46 लाख रुपये, 5162.16 लाख रुपये कीमत की शराब, 23154.24 लाख रुपये




▶▶ चुनाव आचार संहिता के तहत कई विभागों ने की कार्रवाई

कीमत की ड्रग, 2289.87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 4935.67 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार और 2754.53 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है।

रिणवा ने बताया कि बीते दिन झांसी की झांसी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 40.80 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। इसी क्षेत्र में 18.91 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 23640 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गई।

# गाजीपुर से अफजाल या नुसरत, फैसला आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ हाईकोर्ट के आज के फैसले पर निर्भर होगी अफजाल की पात्रता

▶▶ गाजीपुर संसदीय सीट पर इंडी गठबंधन और एनडीए दोनों की नजर

अमृत विचार: पूर्वांचल की सबसे चर्चित गाजीपुर संसदीय सीट पर अफजाल लड़ेंगे य उनकी बेटी नुसरत इसका फैसला आज होगा। अफजाल ने अपने और बेटी के लिए शनिवार को पर्चा खरीद लिया था। हाईकोर्ट से फैसला पक्ष में न आने पर बेटी नुसरत का लड़ना तय माना जा रहा है। इंडी और एनडीए दोनों गठबंधन के नेता बारीकी से इस सीट पर नजर रखे हैं।

गाजीपुर संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय मैदान में हैं। वह चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। इंडी गठबंधन से अभी अधिकृत रूप से कोई मैदान में नहीं है। इसका कारण अफजाल के मामले में हाईकोर्ट में विचाराधीन मामला है। इंडी गठबंधन कोर्ट के फैसले के इंतजार है। हाईकोर्ट अगर सजा से छूट मिलती है, तो अफजाल स्वयं चुनाव लड़ेंगे, नहीं तो उनकी बेटी नुसरत का लड़ना तय माना जा रहा है। उधर, अफजाल घराने में नाराजगी अब शहर में चर्चा का विषय बन गई है। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी इस चुनाव में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक उमर स्वयं चुनाव लड़ना चाहते हैं। ऐसे में उमर के पक्ष से भी टिकट के लिए पैरोकारी की जा रही है। टिकट को लेकर गाजीपुर शहर के मतदाता भी दो खेमों में बंटे नजर आ रहे हैं। एक पक्ष अफजाल को टिकट मिलने की उम्मीद लगाए बैठा है, तो दूसरा पक्ष उमर के लिए। अब ऐसे में सपा का शीर्ष नेतृत्व किसे टिकट दे रहा है यह जल्द ही पता चल जाएगा। हालांकि सपा सूत्रों का कहना है कि उमर को टिकट मिलना होता तो अब तक मिल जाता। अफजाल के पक्ष में ही टिकट जाना है इसलिए न्यायालय के फैसले का इंतजार किया जा रहा है।

# पांचवें चरण में 53 प्रत्याशी करोड़पति, भाजपा के अनुराग शर्मा सबसे अमीर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ 29 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले, सपा के रविदास पर सबसे ज्यादा 18 मुकदमें

▶▶ पांचवें चरण में 14 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

अमृत विचार: पांचवें चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में 53 प्रत्याशी करोड़पति हैं, इनमें झांसी से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा सबसे ज्यादा अमीर हैं, उनके पास लगभग 2,012 करोड़ की संपत्ति है। वहीं आपराधिक मामलों की बात करें तो 29 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं, सबसे ज्यादा लखनऊ से सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा पर डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 144 प्रत्याशी मैदान में हैं और टिकट देने में सभी बड़ी पार्टियों ने धनबलियों को ही तवज्जो दी है। भाजपा के 13 उम्मीदवार करोड़पतियों में भाजपा के कैसरगंज प्रत्याशी करण भूषण सिंह 49 करोड़ की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर है।

गोंडा के भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह के पास लगभग 37 करोड हैं। इसके अलावा सपा के सभी 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति चार करोड़ की है। वहीं बसपा के 14 में 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति पांच करोड़ है, कांग्रेस के भी सभी चार प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसत संपत्ति लगभग नौ करोड़ है।


अनुराग शर्मा

### 13 महिलाएं लड़ रहीं चुनाव

पांचवे चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बाँदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में मतदान होगा। इन 14 सीटों पर 144 प्रत्याशियों में मात्र 13 महिला चुनाव लड़ रही है।

### 20 हजार रुपये लेकर लड़ रहे लोकसभा चुनाव

एडीआर के राज्य संयोजक ने बताया कि सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में हमीरपुर से अल हिन्द पार्टी के धर्मराज हैं, इनके पास कुल 20 हज़ार रुपये हैं। दूसरे नंबर पर इसी पार्टी के 22 हजार की संपत्ति के स्वामी दीपक कुमार वर्मा है। तीसरे नंबर पर फैजाबाद से भारत महापरिवार पार्टी से चुनाव लड़ने वाले अम्बरीश देव गुप्ता ने 32 हज़ार रूपए बताई हैं।

### दो निरक्षर उम्मीदवार भी लड़ रहे चुनाव

आधुनिक युग में पांचवे चरण में दो उम्मीदवार निरक्षर हैं और तीन प्रत्याशी केवल साक्षर है। इसके अलावा आधा दर्जन प्रत्याशी डिप्लोमा धारक हैं। पांचवी से 12 वीं के बीच तक पढ़ाई करने वाले 44 प्रत्याशी हैं, वहीं 89 उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा की हैं।

### 29 प्रत्याशियों पर आपराधिक मुकदमें

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पांचवें चरण में 29 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सपा के 50 फीसदी यानि पांच प्रत्याशियों पर मुकदमें दर्ज हैं, वहीं बसपा के भी पांच प्रत्याशियों पर दर्ज हैं। भाजपा और कांग्रेस के चार-चार प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा अपना दल (कमेरावादी) के एक उम्मीदवार पर दर्ज हैं। आपराधिक मामलों में रविदास के बाद दूसरे नम्बर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप जैन आदित्य हैं, आधा दर्जन मामले दर्ज़ हैं, वही तीसरे नंबर पर कैसरगंज सीट पर सपा के भगत राम है।

### राजनाथ की जीत के लिए महापौर, पूर्व महापौर ने की अरदास

अमृत विचार, लखनऊ: चंदरनगर गुरुद्वारे में रविवार को महापौर सुषमा खर्कवाल और पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ऐतिहासिक जीत के लिए अरदास की। राजनाथ सिंह के भांजे अनिल सिंह भी मौजूद रहे। गुरुद्वारे में लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सतबीर सिंह राजू की ओर से कराए गए अखंड पाठ का समापन भी हुआ। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र और सिंधी अकादमी के उपाध्यक्ष नानक चंद लखमनी भी मौजूद रहे। गुरुद्वारा कमेटी ने मेहमानों को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। अनीता अग्रवाल, राजू गांधी, पीयूष दीवान, अजय त्रिपाठी, सतबीर सिंह राजू, दिलप्रीत सिंह, रजिंदर सिंह बग्गा, निर्मल सिंह को भी सम्मानित किया गया।

# भाजपा सरकार में बेटियां लगाती हैं गुहार, मिलती है सजा: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: वर्ष 2014 में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 54 प्रतिशत थी, लेकिन मोदी के मोदी के सत्ता में आने के बाद ये बढ़कर 64.4 प्रतिशत हो गई है। भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षा की गुहार लगाती हैं, उन्हें सुरक्षा के बजाय सजा मिल रही है। ये आरोप कांग्रेस नेत्रियों ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में लगाया।

मातृत्व दिवस पर कांग्रेस की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा निषाद बाथम व प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने पत्रकारों से चर्चा की। इन नेत्रियों ने कहा कि मां परिवार की धुरी है। मातृशक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना अधूरी है। मोदी-योगी सरकार में महिलाएं सबसे ज्यादा प्रताड़ित हैं। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 2014 में महिलाओं के खिलाफ प्रति वर्ष 3,37,922 अपराध होते थे, अब बढ़कर 4,45,256 हो गये हैं। देश में रोज 1219 महिलाएं अपराधियों का शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हाथरस से हासन तक, मणिपुर से उन्नाव तक, पौड़ी गढ़वाल से सोनभद्र तक, कैसरगंज से वाराणसी तक भाजपाई सत्ता की सरपरस्ती में बलात्कारियों के साथ हैं। महिलाएं भाजपा सरकार में हर तरह से प्रताड़ित की जा रही हैं। दुष्कर्म से, महंगाई से, अपनी काबिल संतानों की बेरोजगारी से, कुपोषण से व कार्यस्थलों पर हो रहे भेदभावों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कैसरगंज से भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती पहलवान बेटियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप तय कर दिये गये हैं, पर भाजपा ने उनके पुत्र को प्रत्याशी बनाकर महिला पहलवानों का अपमान किया है।


कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता करतीं राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौंधी, चित्रा निषाद बाथम व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता शुचि विश्वास।

▶▶ देश में रोज 1219 महिलाएं हो रहीं अपराधियों का शिकार

# 14 को प्रदेश में चुनाव प्रचार में उतरेंगे खरगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ गोरखपुर व महाराजगंज में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे

▶▶ राहुल गांधी झांसी में जनसभा को संबोधित करेंगे

अमृत विचार: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 14 मई को प्रदेश में चुनाव प्रचार में उतरेंगे। वह महाराजगंज से इंडी गठबंधन प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी व गोरखपुर में बांसगांव लोकसभा सीट के प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी झांसी में चुनाव सभा को संबोधित करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खरगे दोपहर में जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज महाराजगंज में कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र चौधरी के पक्ष में जनसभा में शामिल होंगे। दोपहर बाद वह सर्वोदय किसान इंटर कॉलेज गोरखपुर में बांसगांव लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। दोनों क्षेत्रों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय समेत गठबंधन के नेता मौजूद रहेंगे। दूसरी ओर, 14 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी झांसी के क्राफ्ट मेला मैदान पर झांसी सीट से इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

**अविनाश पांडेय आज श्रावस्ती में:** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय 13 मई को श्रावस्ती में इंडी गठबंधन में शामिल दलों की समन्वय बैठक को सम्बोधित करेंगे। साथ ही, कांग्रेस के न्याय पत्र को घर-घर तक वितरण कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। दोपहर बाद गोंडा में गोंडा व कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होंगे। इसके बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में आयोजित जनसम्पर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## वर्ग पहेली-68

**बाएं से दाएं**

4.1. सेंधा नमक 2. कांस नामक घास 3. जलबेंत 4. सुरमा।

5. हित या कल्याणकामना, शुभकामना, बधाई, दुआ।

6.1. पैसे रखने की छोटी थैली 2. चमड़े आदि से बनी कई खानों वाली एक प्रकार की छोटी थैली।

7.1. मगध का निवासी 2. पीपल 3. मगह देश, मगध 4. शाक द्वीप का भाग।

**ऊपर से नीचे**

1.1. अड़ियल होने की अवस्था या भाव 2. घमंड, अक्खड़ता, अकड़ूपन, झक्कीपन।

2. उचित, मुनासिब, विहित, जो नियम या विधान से सही हो, ठीक, वाज़िब, वैध, मानने लायक, मान्य, अधिकृत।

3. मस्त, मदमस्त, मयमत।

4.1. जो कामयाब न हुआ हो नाकाम, असफल मनोरथ 2. अनुत्तीर्ण, (फ़ेल)।




### वर्ग पहेली -67 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | ह | 2 वा | र | | 3 रो | 4 ब |
| | | ई | | | | धा |
| 5 मो | | फ़ा | | | | ई |
| 6 ह | वा | ई | ज | 7 हा | ज़ | |
| ति | | | | थी | | 8 ध |
| मि | | | | ना | | रु |
| म | | 9 खं | ड | ल | व | ण |

## सुडोकू-147

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | | | |
| | | | | | | 4 | | 3 |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 3 | | | 6 | | 1 | | | |
| 4 | 2 | | | | | | | 1 |
| | | | 4 | | 8 | | | |
| | | | | 7 | 9 | 2 | | |
| 8 | | 3 | | | | | | |
| | | | 8 | | 5 | | | |

### सुडोकू -146 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 13 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 14 मई 02.50 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। कड़ी धूप से आपको एलर्जी की शिकायत हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण बैठक में आम सम्मिलित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**वृष:** आज धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज अपने किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति नकारात्मक हो सकता है। शांतिपूर्वक सभी मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है।

**कर्क:** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। भविष्य को लेकर आप काफी सावधान होकर योजना बनाएंगे। व्यापार में स्थितियां सम्भलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

**सिंह:** आज ज्यादा आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। किसी के भी सामने अपनी प्रशंसा स्वयं अपने मुख से न करें। कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। पार्टनरशिप से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या:** आज महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं। निजी रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आप करियर को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे।

**तुला:** आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। सलाहकर्ता सेवाओं से जुड़े लोगों की पदोन्नति भी हो सकती है। आपको शरीर में सुस्ती महसूस हो सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज ऐसे मुद्दों से दूर रहें जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की काफी मदद करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। कारोबारी अपने कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं। घर पर कुछ मरम्मत जैसा कार्य करवाने की योजना बनेगी।

**धनु:** आज दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है। अनजानी जगहों पर अकेले यात्रा करने से बचें। हमेशा अपने दिमाग का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा नहीं है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मकर:** आज अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

**कुंभ:** आज संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करने की प्रवृत्ति के कारण आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन:** आज कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें। व्यापारी वर्ग के लोगों को उधार करने से बचना चाहिए। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। आंखों में कुछ समस्या रहेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 11.24 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जान से प्यारा — सुबह : 10.53
- फर्ज — रात : 07.00

SONY PIX
- एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10.09
- द शौशैंक रिडेम्प्शन — रात : 08.38

&pictures
- रोबोट — सुबह : 10.50
- जाने तू या जाने न — रात : 08.00

ZEE CINEMA
- जानवर — सुबह : 10.55
- सहर — रात : 07.55

colors CINEPLEX
- येवड़ु — दोपहर : 01.00
- फिर हेरा फेरी — शाम : 06.31

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे।
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

पुलिस- घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर- साहिब आपकी नौकरी भी अच्छी है, सैलरी भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?
चोर की बात सुनकर पुलिस की हैरान रह गई।

# जांच सीबीआई को सौंपने से सिद्धरमैया का इनकार

## बोले- हमें एसआईटी पर भरोसा, लोगों में भ्रम पैदा करने वाला बयान देने का भाजपा पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें प्रकरण की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भरोसा है। उन्होंने ऐसी मांग करने के लिए भाजपा से पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है। उन्होंने भाजपा पर एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

सिद्धरमैया ने सीबीआई जांच की भाजपा की मांग पर कहा, हम एसआईटी से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो कहा था और सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक भी मामले में दोष सिद्धि नहीं हुई। इसका मतलब यह नहीं कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है। जनता दल (सेक्लुयर) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना (33) महिलाओं के यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है और सत्तारूढ़ कांग्रेस तथा भाजपा-जद(एस) आमने-सामने है।

### यौन उत्पीड़न मामला



- भाजपा कर रही सीबीआई से प्रज्ज्वल रेवन्ना के मामले की जांच कराने की मांग

### एसआईटी रेवन्ना को लाने नहीं जाएगी विदेश : परमेश्वर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रहा एसआईटी उन्हें वापस लाने के लिए विदेश नहीं जाएगा और इंटरपोल इसकी जानकारी साझा करेगा। उन्होंने नेताओं को मामले में बयान देने या ऐसी जानकारी साझा करने के प्रति भी आगाह किया, जो संवेदनशील है। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रज्ज्वल कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। परमेश्वर ने कहा कि ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया गया है और इंटरपोल जानकारी साझा करेगा। भाजपा नेता देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी के पीछे साजिश का आरोप लगाने वाले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के बयान पर परमेश्वर ने कहा, यदि कोई कुछ भी कहता है, तो मैं उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता।

### प्रज्ज्वल मामले की जांच पटरी से उतरी: बोम्मई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में चल रही एसआईटी जांच के संबंध में रविवार को गंभीर आशंकाएं व्यक्त कीं और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई के हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। बोम्मई ने हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले में मुखबिरों की गिरफ्तारी और आरोपियों को पकड़ने में हो रही देरी का हवाला देते हुये एसआईटी के प्रबंधन की खुले तौर पर आलोचना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच की वर्तमान दिशा पटरी से उतर गई है और इसे तत्काल सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में पुनर्निर्देशित करने की आवश्यकता है।

**विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा निर्वाचन आयोग : कांग्रेस**

# खरगे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं और दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की इजाजत दी जा रही है।

खरगे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक वीडियो संदेश में दावा किया, केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई और अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है। पार्टी की बिहार इकाई के मुख्य प्रवक्ता राठौड़ ने कहा कि बिहार की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खुद समस्तीपुर में खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। वीडियो में एक हेलीकॉप्टर के चारों ओर पुलिसकर्मी और अधिकारी दिखाई देते हैं। राठौड़ ने अपने वीडियो संदेश में कहा, निर्वाचन आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस नेताओं के हेलीकॉप्टरों की ऐसी जांच नियमित है और अगर नियमित है तो क्या राजग के शीर्ष नेताओं की भी इसी तरह की जांच की गई है।



- चुनावी रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लगाए आरोप
- बोले- राजग नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की दी है इजाजत

### विपक्ष के पत्र पर आयोग की प्रतिक्रिया अनुचित

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को लिखे गए पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया को अनुचित एवं अनचाही करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि खड़गे द्वारा उठाए गए सवालों पर आए चुनाव आयोग के इस पत्र की भाषा एक संवैधानिक संस्था से ज्यादा राजनीतिक दल की लग रही है।

### एक नजर

#### रियासी में हथियार व गोला बारूद बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह की संयुक्त टीम ने माहौर के कोट बुधन वन क्षेत्र में तलाशी शुरू की। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के अलावा नौ आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, पिस्तौल की 20 गोलियां, एक किलो पाउडर विस्फोटक, एके-47 की 15 गोलियां, एके-47 के छह खोखे व अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

#### बांदीपोरा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बांदीपोरा में संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया और इस दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पिस्तौल, पिस्तौल मैगजीन और राउंड सहित कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए है। इस सिलसिले में पेठकोटे थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



वाराणसी में रविवार को गंगा सप्तमी उत्सव से पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इस दौरान बाबा का स्वर्ण शिखर एक अलग ही आभा बिखेर रहा था। • एजेंसी

## पीडीपी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर मुफ्ती ने की आयोग से हस्तक्षेप की मांग

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में मतदान से एक दिन पहले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के कथित उत्पीड़न और गिरफ्तारी को रोकने के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की।

श्रीनगर सीट से पीडीपी उम्मीदवार वहीद परा ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर उन क्षेत्रों में कम मतदान के लिए निर्देश देने का आरोप लगाया है जहां पार्टी का मजबूत जनाधार है। मुफ्ती ने आयोग को लिखे पत्र में कहा कि, यह मेरे ध्यान में आया है कि केंद्र सरकार के नियंत्रण में राज्य प्रशासन, पीडीपी के मतदाताओं और समर्थकों को डराने-धमकाने की गतिविधियों में लगा हुआ है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में 1987 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुखद है कि इतिहास खुद को दोहरा रहा है, जब धांधली के कारण इस क्षेत्र को गहरा नुकसान झेलना पड़ा था।

## दिल्ली के दो अस्पतालों और जयपुर हवाई अड्डे को फिर मिली बम विस्फोट की धमकी

नई दिल्ली/ जयपुर, एजेंसी

- पुलिस ने ई-मेल मिलने के बाद चलाया तलाशी अभियान

दिल्ली के दो अस्पतालों को ई-मेल के जरिये धमकी मिली है, जिसमें उनको बम विस्फोट से उड़ाने की बात कही गयी है। वहीं जयपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है।

उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम के मीणा ने कहा, बुराड़ी अस्पताल में बम की धमकी को लेकर ई-मेल मिला था। पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की टीम अस्पताल की जांच कर रही हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, संजय गांधी अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल की जांच शुरू कर दी है। वहीं जयपुर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है। अपराह्न साढ़े तीन बजे ई-मेल से धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई और हवाई अड्डे पर तलाशी शुरू किया गया लेकिन हवाई अड्डे पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## फिल्म जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ केस

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के बाद केकड़ी में भी फिल्म जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है, जिसकी सुनवाई 13 मई को होगी। केकड़ी जिले के सिविल न्यायालय की मुंसिफ कोर्ट में वकील मनीष छीपा ने वाद दायर किया है। बताया जा रहा है कि केकड़ी के राजकीय चिकित्सालय बांदनवाड़ा में फिल्मांकन किया जा रहा है। एडवोकेट छीपा द्वारा दायर वाद में केकड़ी जिला कलक्टर सहित फिल्म प्रोड्यूसर, अभिनेता, फिल्म यूनिट को इस आधार पर पाबंद करने कि गुहार लगाई है कि फिल्मांकन के दौरान तमाम दृश्यों और डायलॉग में न्यायालय एवं अधिवक्ताओं की गरिमा का ध्यान रखा जाये और किसी भी रूप में इन्हें ठेस न पहुंचे। इस पर न्यायालय से पक्षकारों को नोटिस भी जारी किये जा चुके हैं। मामले की सुनवाई सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम गुप्ता सोमवार को करेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि पुलिस स्टेशन पर किया प्रदर्शन

**संदेशखालि (प. बंगाल)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को संदेशखालि पुलिस थाने के समक्ष प्रदर्शन किया और डकैती के झूठे मामले में गिरफ्तार एक कार्यकर्ता की रिहाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए वीडियो जारी किये जाने का भी विरोध किया।

भाजपा की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रेखा पात्रा ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कथित गुंडों की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए जा रहे कई वीडियो को लेकर पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है।

## 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने पर ही नोटा असरदार: पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद नोटा को लेकर छिड़ी बहस

मौजूदा हालात में नोटा को प्रतीकात्मक करार देते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने के बाद ही मतदान के इस विकल्प को चुनाव परिणाम पर कानूनी रूप से असरदार बनाने के बारे में सोचा जा सकता है।

इंदौर लोकसभा सीट पर 13 मई (सोमवार) को होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा मतदाताओं से नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) को वोट देने की अपील के बाद मतदान के इस विकल्प को लेकर फिर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 29 अप्रैल को अपना पर्चा वापस ले लिया और वह इसके तुरंत बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ में नहीं है।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रावत ने रविवार को कहा, वर्तमान स्थिति में नोटा एक प्रतीक की तरह है और यह किसी सीट के चुनाव परिणाम पर कोई भी असर नहीं डाल सकता। उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, अगर किसी चुनाव में 100 में 99 वोट नोटा को मिल जाएं और किसी अन्य उम्मीदवार को महज एक वोट मिल जाए, तब भी नोटा नहीं, बल्कि यह उम्मीदवार ही विजेता घोषित किया जाएगा। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, एक बार मतदाताओं को किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट देकर राजनीतिक जमात को दिखाना पड़ेगा कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों या अन्य अप्रिय प्रत्याशियों को अपने मत के लायक नहीं समझते हैं। इसके बाद ही संसद व चुनाव आयोग पर दबाव बढ़ेगा और उन्हें सोचना पड़ेगा कि नोटा को चुनाव परिणाम पर प्रभावकारी बनाने के लिए कानूनों में बदलाव किया जाए।

### 48 किलो हेरोइन बरामदगी मामले में 10 और गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में हेरोइन की सबसे बड़ी जब्ती मामले में एक बड़ी सफलता में, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने पहले बरामद की गई 48 किलोग्राम हेरोइन के अलावा 500 ग्राम और हेरोइन बरामद की है और इस रैकेट को संचालित करने वाले 10 और लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने पिछले सप्ताह तीन लोगों की गिरफ्तारी और 48 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के साथ इस रैकेट का भंडाफोड़ किया था। जांच से पता चला कि गिरोह को 10 शातिर अपराधियों द्वारा चलाया जा रहा था, जिन्हें कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# कारोबार/कृषि

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी तैयार | 84,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

### एफपीआई ने शेयरों से 17,000 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू माह मई के पहले 10 दिन में भारतीय शेयर बाजारों से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच ऊंचे मूल्यांकन और मुनाफा काटने के लिए विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे हैं। इससे पहले पिछले अप्रैल महीने मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी।

- चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के चलते विदेशी निवेशकों ने की निकासी

इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। माना जा रहा है कि आम चुनाव के बाद भारतीय कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में निवेश बढ़ाएंगे। ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने कहा कि चुनाव परिणाम स्पष्ट होने तक एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते हैं, लेकिन नतीजे अनुकूल रहने और राजनीतिक स्थिरता की स्थिति में वे भारतीय बाजारों में बड़ा निवेश कर सकते हैं।

# देश का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़ा

## गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने और ढुलाई की लागत कम होने से आया आयात में इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतें घटने और गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के चलते बीते वित्त वर्ष (2023-24) में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंच गया है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन कोयला का आयात था। मार्च, 2024 में भी भारत का कोयला आयात बढ़ा है। यह पिछले साल के समान महीने के 2.11 करोड़ टन से बढ़कर 2.39 करोड़ टन पर पहुंच गया है। मार्च में आयातित कुल कोयले में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.53 करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 1.38 करोड़ टन था। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 53.4 लाख टन रहा, जो इससे पिछले साल के समान महीने में 39.6 लाख टन था। बीते वित्त वर्ष में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 17.59 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 16.24 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 2023-24 में 5.72 करोड़ टन रहा, जबकि 2022-23 में 5.44 करोड़ टन रहा था।

एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में नरमी और गर्मियों के सीजन में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना से देश का कोयला आयात बढ़ा है। हालांकि, घरेलू बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए यह देखने वाली बात होगी कि आगामी महीनों में कोयले का आयात मजबूत रहता है या नहीं।



- गत वित्त वर्ष में 24.90 करोड़ टन कोयले का किया गया था आयात

### कपड़ा निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही सरकार



**नई दिल्ली।** सरकार कपड़ा निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। बीते वित्त वर्ष (2023-24) में लगातार दूसरे साल कपड़ा निर्यात में गिरावट आई है। इसके बाद सरकार ने निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का फैसला किया है। कपड़ा सचिव रचना शाह ने यह बात कही है। सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के बीच भारत का कुल कपड़ा और परिधान निर्यात 3 .24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34 .4 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 35 .5 अरब डॉलर का था। वित्त वर्ष 2021-22 में कपड़ा और परिधान निर्यात 41 अरब डॉलर से अधिक रहा था। कपड़ा सचिव शाह ने कहा, 2023-24 में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट की एक बड़ी वजह लाल सागर संकट था। हालांकि, भू-राजनीतिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। कपड़ा सचिव ने कहा कि कुछ निर्यातकों ने पहली तिमाही में अपनी ऑर्डर बुक में सुधार की सूचना दी है और आने वाले महीनों में निर्यात में सुधार होने की संभावना है। शाह ने बताया, हम उन उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें निर्यात की अधिक संभावना है और हमारी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना वैश्विक स्तर पर कारोबार वाले उत्पादों पर केंद्रित है।

## बड़ी कंपनियों ने अप्रैल में 50,200 करोड़ का किया पूंजीगत व्यय

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत व्यय में रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा प्रमुख योगदान

सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल में अकेले 50,200 करोड़ रुपये से कुछ अधिक का पूंजीगत व्यय किया है। यह 2024-25 के 7.77 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 6.46 प्रतिशत है। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में खर्च की गई 54,177 करोड़ रुपये की राशि से कम है। पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों का पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 7.3 प्रतिशत रहा था। एक अधिकारी ने कहा, अप्रैल के आंकड़े अभी अस्थायी हैं और संशोधित अंतिम आंकड़ों में यह बढ़ जाएगा।

वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने के दौरान पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा है। भारतीय रेलवे और क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अप्रैल में 26,641 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 6,645 करोड़ रुपये खर्च किए। तेल और गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में, ओएनजीसी ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में 2,318 करोड़ रुपये, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 2,423 करोड़ रुपये खर्च किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने अप्रैल में क्रमशः 1,155 करोड़ रुपये और 417 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी ने 2,083 करोड़ रुपये खर्च किये। वित्त मंत्रालय उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पूंजीगत व्यय पर नजर रखता है जिनका वार्षिक निवेश लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

## बीपीसीएल, एचपीसीएल और आईओसी ने कमाया 81,000 करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि.(एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 81,000 करोड़ का बंपर मुनाफा दर्ज किया है। यह तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की उनकी सालाना कमाई से कहीं अधिक है।

अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के दौरान आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का सामूहिक रूप से एकल शुद्ध लाभ तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर रहा है। तीनों कंपनियों ने 2023-24 में एकल और एकीकृत आधार पर अपना सबसे ऊंचा मुनाफा कमाया है। आईओसी ने 2023-24 में 39,618.84 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है। इसकी तुलना में 2022-23 में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी यह दलील दे सकती है कि 2022-23 का उसका नतीजा तेल संकट से प्रभावित हुआ था। लेकिन संकट से पहले के वर्षों से तुलना की जाए, तो भी कंपनी का मुनाफा बेहतर रहा है। शेयर बाजारों को दी गई सूचना के अनुसार, एचपीसीएल का 2023-24 में शुद्ध मुनाफा 14,693.83 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 8,974.03 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।



- तेल-संकट के पहले के वर्षों की सालाना कमाई से कहीं अधिक

### सीएनजी कारों की बिक्री 30 % बढ़ाएगी मारुति

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30% से अधिक बढ़कर छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य तय किया है।

मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की 4.5 लाख इकाइयां बनाईं। 2024-25 में ये आंकड़ा छह लाख वाहनों का होगा। हरियाणा स्थित मानेसर संयंत्र में सालाना एक लाख इकाई के क्षमता विस्तार से काफी हद तक अर्टिगा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 449 परियोजनाओं की लागत 5.01 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ या इससे अधिक के खर्च वाली 449 परियोजनाओं की लागत मार्च, 2024 में तय अनुमान से 5.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से परियोजनाओं की लागत बढ़ी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,873 परियोजनाओं में से 449 की लागत बढ़ गई है, जबकि 779 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,873 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 26,87,535.69 करोड़ थी लेकिन अब इसके बढ़कर 31,88,859.02 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 18.65 प्रतिशत यानी 5,01,323.33 करोड़ रुपये बढ़ गई है। इन परियोजनाओं पर 17,11,648.99 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 53.68 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रहीं परियोजनाओं की संख्या कम होकर 567 पर आ जाएगी।



- देर और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत में आया इजाफा : सांख्यिकी मंत्रालय

